आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 31 मई 2024 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-063 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 1 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

प्रतिष्ठानों में अग्निशमन यंत्रों की सीएम ने दिए जांच के निर्देश

रायपुर,31 मई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों, छोटे-बड़े उद्योगों, होटलों, बहुमंजिला इमारतों, मॉल, गेमिंग जोन, अस्थाई प्रदर्शनियों, पेट्रोल पंप आदि का मौका मुआयना कर अग्निशामक यंत्र की सुविधाएं सुनिश्चित करने के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। श्री साय ने कहा है कि भीषण गर्मी के इस दौर में देश में लगातार अग्नि संबंधी दुर्घटनाएं हो रही है, जिससे जान-माल का नुकसान हो रहा है। दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये नियमों का कड़ाई से पालन होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने ऐसे सभी संस्था संचालकों से आग्रह किया है कि वे अपने प्रतिष्ठान में अग्निशामक यंत्रों का होना सुनिश्चित करें और समय-समय पर उसका निरीक्षण-परीक्षण भी करें। जिससे आपात स्थिति में हालात को तुरंत नियंत्रित किया जा सके और जनहानि से बचा जा सके।

उप स्वास्थ्य केंद्र में शराब और चिकन पार्टी करने वालों पर कार्रवाई

बलरामपुर,31 मई। उप स्वास्थ्य केंद्र सेरंगदाग में शराब और चिकन पार्टी करने वाले आरएचओ को निलंबित कर दिया गया है. निलंबन की यह कार्रवाई सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह ने की है. बता दें कि बीते दिनों अस्पताल में पदस्थ आरएचओ सुनील मिंज अपने दोस्तों के साथ उप स्वास्थ्य केंद्र में जाम छलका रहा था, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में काफी वायरल हुआ. जानकारी के अनुसार, बलरामपुर के सामरी सेक्टर के अंतर्गत स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र सेरंगदाग में पदस्थ आरएचओ सुनील मिंज अपने दोस्तों के साथ शराब और मुर्गा पार्टी कर रहा था. जिसका ग्रामीणों ने चुपके से वीडियो बना लिया. इस पार्टी का वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग की थी. जिसपर संज्ञान लेते हुए सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह ने आरएचओ को निलंबित कर दिया है.

पुंछ में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

जम्मू,31 मई। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कुछ देर चली यह मुठभेड़ गुरुवार देर रात पुंछ जिले के मारहा बुफलियाज इलाके में हुई। एक अधिकारी ने कहा, कल देर रात सुरक्षाबलों को इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी। पुलिस और सेना ने डेरा की गली के पास मारहा बुफलियाज इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। ऑपरेशन के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी कर दी जिससे कुछ देर तक दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ हुई। हालांकि कुछ देर बाद आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गये।अधिकारी ने कहा, आतंकवादियों की तलाश में तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।

कंटेनर ने खड़े वाहनों को मारी टक्कर, तीन की मौत

अमेठी (उत्तर प्रदेश),31 मई । उत्तर प्रदेश के अमेठी में शुक्रवार तड़के एक तेज रफ्तार कंटेनर ने रेलवे क्रॉसिंग पर खड़े कई वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि एक गंभीर रूप से घायल है।बताया जा रहा है कि दुर्घटना कमरौली थाने के पास इंडोरामा रेलवे क्रासिंग पर आज तड़के करीब तीन बजे हुई। रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के कारण कई वाहन वहां खड़े थे। तभी पीछे से तेज रफ्तार से आए एक कंटेनर ने खड़े वाहनों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कई वाहनों के परखच्चे उड़ गये।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों के सहयोग से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों में फंसे लोगों को निकाला। उन्हें अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने तीन को मृतक घोषित कर दिया।

कस्टम मिलिंग घोटाला ईडी का 5 स्थानों पर छापा

रायपुर, 31 मई

सवा सौ करोड़ के कस्टम मिलिंग प्रोत्साहन घोटाले मामले में ईडी ने प्रदेश में 5 ठिकानों पर दबिश दी है।यह जांच कल से चल रही।इनमें 2 दुर्ग 2 रायपुर और 1 खरोरा शामिल हैं। राइस कारोबारी और छग प्रदेश राइस एसो. के पूर्व महासचिव प्रमोद अग्रवाल को भी घेरा है। उसके राइस मिल, ऑफिस और निवास पर जांच चल रही है। कारोबारी प्रमोद अग्रवाल के 2 खरोरा और 1 रायपुर स्थित ठिकाने शामिल हैं।प्रमोद अग्रवाल दुर्ग में एक कारोबारी के 2 ठिकाने जो मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी से जुड़े है। ईडी द्वारा गिरफ्तार रोशन चंद्राकर से पूछताछ में मिले क्लू के बाद यह कार्यवाही की गई है।लोकसभा चुनाव की गहमागहमी के बीच में भी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रफ्तार थमती नजर नहीं आ रही है. इस कड़ी में ईडी की टीम तीसरी बार छत्तीसगढ़ राइस मिलर एसोसिएसन के अध्यक्ष कैलाश रूंगटा के निवास पर पहुंची है. बता दें कि ईडी की टीम ने पहले भी कैलाश रूंगटा के ठिकानों पर कस्टम मिलिंग के माध्यम से राज्य सरकार को राजस्व क्षति पहुंचाने समेत हवाला कारोबार से जुड़े मामले की छानबीन करते हुए दबिश दे चुकी है. ईओडब्ल्यू/ एसीबी ने ईडी की रिपोर्ट के बाद कस्टम मिलिंग घोटाले के मामले में धारा 409, 120 बी के तहत अपराध दर्ज किया है.

नरेंद्र मोदी के लिए काम करते हैं नवीन पटनायक:राहुल

भुवनेश्वर,31 मई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी गुरुवार को ओडिशा के बालासोर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सीएम नवीन पटनायक की ईमानदारी और पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि नवीन पटनायक नरेंद्र मोदी के लिए काम करते हैं। दोनों मिलकर ओडिशा में लोगों की संपत्ति, खदानें और संपत्ति लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन बाबू के खिलाफ मामले क्यों दर्ज नहीं किए गए, क्या वास्तव में वो भाजपा के खिलाफ लड़ते हैं? आखिर उसका घर क्यों नहीं लिया गया? उसकी सदस्यता रद्द क्यों नहीं की गई? कांग्रेस नेता ने कहा कि मैं बीजेपी के खिलाफ लड़ता हूं, इसलिए उन्होंने मेरे खिलाफ 24 मामले दर्ज किए हैं जिनमें मानहानि और आपराधिक मामले शामिल हैं। उन्होंने मेरी लोकसभा सदस्यता छीन ली और मुझे दो साल की जेल की सजा सुनाई। ईडी ने मुझसे 50 घंटे तक पूछताछ की। उन्होंने मुझसे पूछताछ की। मेरा घर ले लिया। मैंने उन्हें घर की चाबियाँ देते समय कहा 'मुझे आपका यह सरकारी घर नहीं चाहिए। राहुल गांधी ने कहा, मेरे भारत में लाखों घर हैं। मेरा घर ओडिशा के लोगों के दिलों में है। दूसरे राज्यों के लोगों के दिल ही मेरा घर हैं, मुझे आपके घर की जरूरत नहीं है, इसे ले लो। कांग्रेस नेता ने भाजपा और भारत गठबंधन के बीच वैचारिक लड़ाई पर जोर दिया, जिसके बारे में उनका दावा है कि यह भारतीय संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने कहा, यह पहला चुनाव है जहां एक पक्ष संविधान को खत्म करना चाहता है और दूसरा पक्ष इसे बचाना चाहता है। इंडिया गठबंधन कह रहा है कि चाहे कुछ भी हो जाए, हम संविधान की रक्षा करेंगे, हम अंबेडकर के संविधान को रद्द या नष्ट नहीं होने देंगे। दूसरी ओर बीजेपी के लोग और आरएसएस के लोग कहते हैं कि अगर उनकी सरकार बनी तो वे अंबेडकर के संविधान को फाड़ देंगे। राहुल गांधी ने कहा कि मैं नरेंद्र मोदी और आरएसएस के लोगों से कहना चाहता हूं कि आप जो चाहें सोच सकते हैं, लेकिन इस दुनिया में ऐसी कोई ताकत नहीं है, जो भारत के संविधान को नष्ट कर सके।

मोदी जी परमात्मा के भेजे हुए हैं,उनको ध्यान की क्या जरूरत : भूपेश बघेल

रायपुर,31 मई। लोकसभा चुनाव का प्रचार खत्म होने के बाद पीएम मोदी तमिलनाडु के कन्याकुमारी पहुंचे. वहां पीएम मोदी गुरुवार शाम से 45 घंटे के लिए ध्यान साधना में बैठ गए हैं, जिसको लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पीएम मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि जो परमात्मा के भेजे हुए हैं, सामान्य व्यक्ति नहीं हैं उनको ध्यान करने की जरूरत क्या है? भूपेश बघेल ने आगे कहा, कंगना रनौत और सांबित पात्रा ने तो भगवान को ही उनका भक्त बता दिया है तो फिर उनको तो हम जीवधारी और प्राणी भी नहीं बोल सकते. ऐसे आदमी को ध्यान लगाने की नौटंकी नहीं करनी चाहिए. इसमें नाटक करने की आवश्यकता नहीं है. वह तो खुद अपने आप को परमात्मा का भेजा हुआ मानते हैं और अपने आप को भगवान ही मानते हैं तो फिर उनको नौटंकी नहीं करनी चाहिए.

10 साल का रोड मैप तैयार करने चिंतन शिविर

रायपुर,31 मई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज यहां रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान(आईआईएम) में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर का शुभारंभ किया। चिंतन शिविर में मुख्यमंत्री साय सहित उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव एवं विजय शर्मा तथा मंत्रिमंडल के अन्य सहयोगी हिस्सा ले रहे हैं। प्रथम सत्र को नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने संबोधित किया। अपने संबोधन में सुब्रमण्यम ने विकसित भारत की संकल्पना और इसे प्राप्त करने की रणनीति के संबंध में विस्तार से अपनी बातें साझा की। उन्होंने कहा कि बीते दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ा है और दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह बनाने में सफल रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विकसित भारत 2047 बनाने का संकल्प लिया है और इसे पूरा करने की रणनीति बनाई गई है। सुब्रमण्यम ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी स्केल, स्पीड और इनोवेशन पर जोर देते हैं। बदलते अंतराष्ट्रीय परिदृश्य और समय को देखते हुए विकसित भारत का विजन तैयार किया गया है ताकि भारत अपनी विशिष्ट जगह बना सकें। उन्होंने कहा कि अब दुनिया की निगाहें ग्लोबल साउथ पर हैं। अब नजरिया पश्चिम से पूर्व की ओर देखने का है और भारत इन संभावनाओं को पूरा करने के लिए सक्षम है। भारत की जनांकिकी, भारत की रणनीतिक स्थिति और भारत में तेजी से हुए सुधारों से इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए भारत तैयार है। चाहे डिजिटल इकानामी हो, अथवा कर संबंधी सुधार हो। नवाचार को बढ़ावा देना हो, भारत इसमें अग्रणी रहा है और आने वाले समय में इन्हें तेजी से बढ़ाना है। विकसित भारत सबके लिए समृद्धि लेकर आये, इसके लिए कार्य करना है। क्लाइमेट चेंज जैसी समस्याओं को देखते हुए ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देते हुए सतत विकास की दिशा में काम करना है। उन्होंने कहा कि जब हम विजन लेकर चलते हैं तो स्वाभाविक रूप से हमें एक गाइड मैप मिल जाता है और इसके अनुरूप हम बढ़ते जाते हैं।

परसों मैं जेल जा रहा हूं, दिल्ली के काम नहीं रुकने दूंगा

सरेंडर से पहले केजरीवाल ने जारी किया मैसेज

नई दिल्ली,31 मई। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि वह रविवार को तिहाड़ जेल में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण करेंगे। आम आदमी पार्टी प्रमुख, जो इस समय दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में 21 दिन की अंतरिम जमानत पर हैं, ने दावा किया कि उनके शरीर में हाल ही में एक गंभीर बीमारी के लक्षण दिखे हैं, उन्होंने चिकित्सा परीक्षणों की आवश्यकता पर जोर दिया।

केजरीवाल ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मुझे चुनाव प्रचार के लिए 21 दिन का समय दिया था. परसों मैं वापस तिहाड़ जेल जाऊंगा. मुझे नहीं पता कि इस बार ये लोग मुझे कब तक जेल में रखेंगे। लेकिन मेरा हौसला बुलंद है। मुझे गर्व है कि मैं देश को तानाशाही से बचाने के लिए जेल जा रहा हूं। उन्होंने कई तरह से मुझे तोड़ने की कोशिश की, मुझे चुप कराने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हुए। जब मैं जेल में था तो उन्होंने मुझे तरह-तरह से प्रताड़ित किया। उन्होंने मेरी दवाएँ बंद कर दीं... मुझे नहीं पता कि ये लोग क्या चाहते थे। उन्होंने ऐसा क्यों किया?

इन्होंने मेरी दवाईयां रोक दीं। जेल में इन्होंने कई दिन मेरे इंसुलिन के इंजेक्शन बंद कर दिए। मैं जेल में 50 दिन था, इन 50 दिनों में मेरा 6 किलो वजन कम हो गया। डॉक्टर कह रहे हैं कि ये शरीर में किसी बड़ी बीमारी का भी संकेत हो सकता है। आप अपना ख्याल रखना। आप खुश रहेंगे तो आपका केजरीवाल भी खुश रहेगा। मैं चाहें जहां रहूं, दिल्ली के काम नहीं रुकने दूंगा। लौट कर मैं हर मां-बहन को हर महीने हजार रुपये देने की भी शुरूआत करूंगा। आज मैं अपने परिवार के लिए आपसे कुछ मांगना चाहता हूं। मेरे पीछे से मेरे माता-पिता का ख्याल रखना। हम सब मिलकर तानाशाही से लड़ रहे हैं। देश को बचाने के लिए यदि मुझे कुछ हो जाए तो गम मत करना। भगवान ने चाहा तो आपका ये बेटा बहुत जल्द वापस आएगा।

डोनाल्ड ट्रंप सभी 34 मामलों में दोषी करार

वाशिंगटन,31 मई। पोर्न स्टार केस में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दोषी करार दिया गया है। दो दिनों तक चली सुनवाई के बाद 12 सदस्यीय ज्यूरी ने उन्हें सभी 34 आरोपों में दोषी ठहराया है। सजा का ऐलान 11 जुलाई को होगा। डोनाल्ड ट्रम्प किसी अपराध के लिए दोषी ठहराए जाने वाले पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बन गए। राष्ट्रपति चुनावों के बीच न्यूयॉर्क में लगभग 6 हफ्तों तक चली सुनवाई में उन्हें सभी 34 आरोपों में दोषी करार दिया गया है। इस मामले में ट्रंप को अधिकतम चार साल की सजा हो सकती है। वहीं दोषी साबित होने के बाद उनके चुनाव लड़ने और प्रचार करने पर सवाल उठने लगा है।ट्रंप ने कोर्टरूम के बाहर कहा कि हमने कुछ गलत नहीं किया। मैं निर्दोष शख्स हूं। हम लड़ेंगे. हम अंत तक लड़ेंगे और जीतेंगे. असली फैसला पांच नवंबर को देश की जनता करेगी। ये शुरुआत से ही धांधली से भरा हुआ फैसला था। ट्रम्प के खिलाफ पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल को पैसे देकर चुप कराने और इलेक्शन कैंपेन के दौरान बिजनेस रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के केस चल रहे थे। यह मामला उनके पहली बार अमेरिका का राष्ट्रपति चुने जाने से पहले 2016 का है। नवंबर में अमेरिका में चुनाव होने हैं और डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं। ऐसे में ये सवाल भी उठने लगे है कि क्या ट्रंप दोषी करार होने के बाद भी चुनाव लड़ सकते हैं, उनको कितने साल की सजा हो सकती है और क्या अगर ट्रंप को जेल हुई तो इसका चुनाव प्रचार पर क्या असर पड़ेगा? अमेरिकी कानून के हिसाब से डोनाल्ड ट्रंप दोषी ठहराए जाने के बाद भी चुनाव लड़ सकते हैं। फैसला सुनाए जाने के तुरंत बाद, ट्रंप की कैंपेन टीम ने चंदा जुटाने के लिए एक अपील जारी की, जिसका टाइटल मैं एक राजनीतिक कैदी हूं दिया गया है। साथ ही ट्रंप ने यह भी कहा कि वह शुक्रवार की सुबह पत्रकारों के साथ कॉफ्रेंस करेंगे।

45 घंटे के ध्यान में प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली,31 मई। लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण की वोटिंग से पहले तमिलनाडु के कन्याकुमारी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साधना में लीन हो चुके हैं. पीएम मोदी ध्यान कक्ष में मौन हैं. शाम 6 बजकर 45 मिनट पर प्रधानमंत्री ध्यान मुद्रा में बैठे हैं. इस दौरान पीएम मोदी किसी से बात भी नहीं करेंगे. पीएम मोदी अपने 45 घंटे के ध्यान के दौरान सिर्फ तरल आहार लेंगे और इस दौरान वह केवल नारियल पानी और अंगूर के जूस का सेवन करेंगे. सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी इस दौरान मौन व्रत का पालन भी करेंगे और ध्यान कक्ष से बाहर नहीं निकलेंगे. पीएम मोदी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में 45 घंटे के प्रवास के लिए भारी सुरक्षा समेत सभी इंतजाम किए गए हैं. शनिवार तक समुद्र तट पर्यटकों के लिए बंद बंद है।

मुंबई में सिनेमाघर में दिखाए जाएंगे लोकसभा चुनाव के नतीजे

मुंबई,31 मई। लोकसभा चुनाव के नतीजों का सभी को इंतजार है, लोग 4 जून को टीवी और मोबाइल पर टकटकी लगाकर बैठेंगे। इसी मौके को बड़े पर्दे पर दिखाने के लिए महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में अलग इंतजाम किया गया है।यहां के कांजुरमार्ग स्थित मल्टीप्लेक्स में लोकसभा चुनाव के नतीजों के दिन मूवी मैक्स हुमा में प्रीमियर का इंतजाम किया गया है।इसकी टिकट बुकिंग की जानकारी कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर साझा की है।पेटीएम के टिकट न्यू वेबसाइट पर इसकी बुकिंग का शो दिखा रहा है। यह 4 जून को सुबह 9 बजे से शुरू होगा और 6 घंटे तक चलेगा।यह शो हिंदी में होगा। बुक माय शो में इसके विषय में कोई जानकारी नहीं दी गई है। मूवी मैक्स हुमा के अलावा अन्य किसी मल्टीप्लेक्स में चुनाव परिणाम की जानकारी नहीं है।

ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

कोरबा,31 मई। जिले में हादसों को दौर लगातार जारी है. एक बार फिर से कोरबा-चांपा मार्ग पर कोथारी के निकट आज सुबह हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई. वहीं दो लोग घायल हो गए. इस दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और फिर आक्रोशित लोगों ने चक्का जाम कर दिया. बताया जा रहा है कि मृतक राकेश कुमार राजे निवासी ग्राम अखरापाली बरीडीह थाना उरगा. अपने दो साथियों के साथ बाइक से किस्त का पैसा लेने कोथारी गया था. वहां से तीनों लोग बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहे थे. तभी कोथारी के पास ट्रक सीजी 12 एवी 1187 के चालक ने लापरवाही से बाइक को चपेट में ले लिया. जहां राकेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. मृतक राकेश के दोस्त ने बताया कि हइवा काफी तेज गति से चल रहा था और उससे बचने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई. इस दौरान तीनों बैंक सवार युवक भी गिर गए.लक झपकते ही पहिया राकेश के ऊपर से उसके दोस्त के सामने ही गुजर गया. हादसे में दो अन्य को मामूली चोटें आई है. वहीं मौके से हाइवा चालक वाहन छोड़कर भाग गया. सूचना पर मृतक के परिजन और पुलिस घटनास्थल पहुंच गए हैं. घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना हो गई. घटना से ग्रामीणों का आक्रोश फुट पड़ा और कोरबा-चांपा मुख्य मार्ग में चक्काजाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश देकर प्रदर्शन को समाप्त करने की दिशा पर प्रयास कर रहे हैं.

10 प्रयासों के बाद पप्पू 10 वीं में पास

ढोल-नगाड़ों के साथ निकाला जुलूस

मुंबई,31 मई। महाराष्ट्र के एक युवक ने 10 असफल प्रयासों के बाद कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा पास करके दृढ़ता और दृढ़ संकल्प की मिसाल कायम की. महाराष्ट्र के बीड शहर के कृष्ण नामदेव मुंडे ने दिखाया कि कैसे अथक प्रयास सफलता की ओर ले जाते हैं. कृष्णा ने न केवल अपनी कक्षा 10 की परीक्षा पास की, बल्कि उसने अपने पूरे गाँव को प्रेरित किया और अपने परिवार को खुशियाँ दीं. उनकी उपलब्धि का जश्न भव्य जुलूस और ढोल-नगाड़ों के साथ मनाया गया. इसके पहले कृष्णा को दस बार निराशा हाथ लगी थी, लेकिन उसने फिर भी हार नहीं मानी. 2018 से कक्षा 10 की परीक्षा पास करने की कोशिश कर रहे कृष्ण के प्रयासों ने आखिरकार इस साल रंग दिखाया. कृष्णा के पिता नामदेव मुंडे ने बताया कि कैसे परिवार ने उसके इस पूरे सफर में उसका साथ दिया. उन्होंने बताया कि वह 5 साल में 10 प्रयासों के बाद पास हुआ है. लेकिन मैं फीस जमा करता रहा, क्योंकि मैं उसे हर अवसर देना चाहता था.÷ परली तालुका के रत्नेश्वर स्कूल के छात्र कृष्णा पहले इतिहास विषय में फेल हो गए थे. हालांकि, इस साल वे अपने सभी विषयों में पास हो गए. जैसे ही महाराष्ट्र बोर्ड कक्षा 10 का परिणाम 2024 घोषित हुआ, कृष्णा के पिता ने जुलूस निकाला. ग्रामीण ढोल-नगाड़ों के साथ शामिल हुए और कृष्णा को अपने कंधों पर भी उठाया.

पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने लिखा ओपन लेटर

निरंकुश शासन से देश को बचाने सरकार बदलना जरूरी

नई दिल्ली,31 मई। एक जून को सातवें और आखिरी चरण की वोटिंग के बाद लोकसभा चुनाव संपन्न हो जाएगा। इसी बीच सातवें चरण के मतदान से पहले पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने पंजाब के नाम ओपन लेटर लिखा है। इस ओपन लेटर में मनमोहन सिंह ने पीएम नरेंद्र मोदी की आलोचना की और भविष्य के लिए कांग्रेस को चुनने की अपील की है। इस लेटर में मनमोहन सिंह ने बताया है कि आखिर इस बार सरकार क्यों बदलना जरूरी है।मनमोहन सिंह 1991 में नरसिम्हा राव सरकार में वित्त मंत्री थे। वो रिजर्व बैंक के गवर्नर भी रह चुके हैं। पूर्व पीएम ने तीन पेज की चिट्ठी में लिखा,हमारे लोकतंत्र और संविधान को निरंकुश शासन द्वारा बार-बार होने वाले हमलों से सुरक्षित रखने का ये आखिरी मौका है। इस मौके का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं.पूर्व पीएम ने पिछले एक दशक में पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी के दो कार्यकालों के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था में अकल्पनीय उथल-पुथल पर अफसोस जाहिर किया है।

अपनी चिट्ठी में उन्होंने कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए सरकार के 10 सालों के दौरान प्रमुख सामाजिक-राजनीतिक और आर्थिक फैसलों की मौजूदा सरकार के साथ एक तुलना भी पेश की। भारत की अर्थव्यवस्था और जीडीपी रेट को लेकर पूर्व पीएम ने कहा कि नोटबंदी की आपदा, त्रुटिपूर्ण जीएसटी और कोविड महामारी के दौरान खराब मैनेजमेंट से देश में दयनीय स्थिति पैदा हुई है। ऐसी स्थिति में 6 से 7 प्रतिशत से कम सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि की उम्मीद सामान्य बात बन गई है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार के दौरान औसत सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6 प्रतिशत से नीचे गिर गई है। कांग्रेस-यूपीए कार्यकाल के दौरान यह करीब 8 प्रतिशत थी। बेरोजगारी और बेलगाम महंगाई ने असमानता को काफी बढ़ा दिया है, जो अब 100 साल के उच्चतम स्तर पर है। वहीं पीएम मोदी महत्वकांक्षी योजना अग्निवीर योजना पर पूर्व पीएम ने कहा कि मोदी सरकार ने सशस्त्र बलों पर अग्निवीर योजना थोपा गया है। बीजेपी सोचती है कि देशभक्ति, शौर्य और सेवा का मूल्य सिर्फ 4 साल है। यह उनके नकली राष्ट्रवाद को दर्शाता है।

आय दोगुनी का वादा भी अधूरा

मनमोहन सिंह ने लेटर में लिका है कि मोदी जी ने 2022 तक हमारे किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। पिछले 10 वर्षों में उनकी नीतियों ने कमाई कम कर दी है। किसानों की राष्ट्रीय औसत मासिक आय मात्र 27 रुपये प्रति दिन है, जबकि प्रति किसान औसत कर्ज 27,000 रुपये है।

घरेलू बचत दर 5 साल के सबसे निचले स्तर पर

सिंह ने कहा कि यूपीए ने तमाम चुनौतियों के बावजूद हमारे लोगों की क्रय शक्ति में इजाफा किया है। जबकि बीजेपी के कुशासन की वजह से घरेलू बचत दर 47 साल के ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गई है। वित्त वर्ष 20233-23 में घरेलू बचत गिरकर पांच साल के निचले स्तर 14.2 ट्रिलियन रुपये पर आ गई, जो जीडीपी का 5.3 प्रतिशत है।

किसानों के मुद्दे पर भी मोदी के घेरा

पूर्व पीएम ने 2020-21 के किसानों के विरोध प्रदर्शन पर भी केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा, लगभग 750 किसान, जिनमें से ज्यादातर पंजाब से थे, दिल्ली की सीमाओं पर महीनों तक इंतजार करते हुए मर गए। लाठियां और रबर की गोलियां काफी नहीं थीं। प्रधानमंत्री ने संसद में 'आंदोलनजीवी' और 'परजीवी' कहकर मौखिक रूप से भी हमारे किसानों पर हमला बोला। मनमोहन ने कहा, उनकी एकमात्र मांग उनसे सलाह लिए बिना उन पर लगाए गए तीन कृषि कानूनों को वापस लेना था। पिछले दस वर्षों में, बीजेपी सरकार ने पंजाब, पंजाबियों और पंजाबियत को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। मोदी ने कुछ गलत बयानों के लिए मुझे भी जिम्मेदार ठहराया है। मैंने अपने जीवन में कभी भी एक समुदाय को दूसरे समुदाय से अलग नहीं किया। यह करने का कॉपीराइट सिर्फ बीजेपी के पास है।

देश के युवा हो रहे बेरोजगार

अपने ओपने लेटर में पूर्व पीएम ने वेतन असमानता पर भी अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि मार्च में वर्ल्ड इनइक्वलिटी लैब की एक रिपोर्ट आई, जिसमें कहा गया था कि आज भारत के सबसे अमीर लोगों के पास पिछले 100 वर्षों में किसी भी समय की तुलना में राष्ट्रीय आय का बड़ा हिस्सा है। देश में आय की असमानता बढ़ रही है। बेरोजगार युवाओं की संख्या बढ़ रही है।

एक नजर

सूने मकान में चोरी

भिलाई,31 मई। भिलाई कुम्हारी थाना क्षेत्र प्राचार्य के सूने मकान में धावा बोलकर सोने-चांदी के जेवरात सहित नगदी चोरी कर ले गए चोर 5 लाख रुपए से ज्यादा की चोरी कर ले गए है चोर पड़ोस में लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गए हैं पुलिस मामले में धारा 380,457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है कुम्हारी पुलिस ने बताया कि परसदा रोड कुम्हारी निवासी संतोष कुमार सरिपत्री (40 वर्ष) प्राचार्य है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी नानी की तबियत खराब होने से अपनी मां के साथ 14 मई को हैदराबाद गया था एवं 21 मई को प्रार्थी की पत्नी वसुंधरा बच्चों के साथ अपने मायके राजनांदगांव चली गयी थी। घर पर कोई नहीं था सुबह 11 बजे प्रार्थी की पत्नी अपने बच्चों के साथ वापस घर आयी तो देखी कि घर के सामने मेन दरवाजा का ताला टूटा हुआ था अंदर जाकर देखी तो घर सामान बिखरा पड़ा था प्रार्थी के बेडरूम का आलमारी एवं लॉकर टूटा हुआ था। लॉकर में 2 सोने का चेन, सोने नैकलेस सेट, 1 जोड़ी सोने का ईयररिंग, 2 जोड़ी चांदी का पायल नहीं था, आलमारी में ही रखा फौसिल की हाथ घड़ी नहीं था एवं मम्मी के बेडरूम का आलमारी एवं लॉकर भी टूटा हुआ था, जिसमें से 31000 रूपये नगद, सोने की अंगूठी नहीं थी। कीमत करीब 542793 रूपये को कोई अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर चोरी कर ले गय है। पड़ोस के यहां लगे सीसीटीवी कैमर में रात 1.30 बजे चोर दिखाई दे रहे हैं।

दो मोटर साइकिलों में आग लगाकर युवक भागा

भिलाई,31 मई। भिलाई सेक्टर-5 में ब्लॉक के अंदर खड़ी दो मोटर साइकिल व एक साइकिल में अज्ञात तत्व आग लगाकर भाग गया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 435 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर-5 रामनारायण सेन (51वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29 मई की रात 8 बजे अपनी मोटर साइकिल पैशन प्रो एवं साइकिल को रोज की तरह अपने ब्लॉक के अंदर आंगन में खड़ी किया था वहीं पर पड़ोस में रहने वाले संदीप कुमार नंदी ने भी अपना मोटर साइकिल हॉंडा साइन खड़ा किया था।

फाईट दी बाइट, मच्छर उन्मूलन अभियान का किया जायेगा क्रियान्वयन

भिलाई-चरोदा। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार सभी निकायों में मच्छर उन्मूलन के लिए फाईट दी बाइट कार्यक्रम चलाया जाना है। नगर निगम भिलाई-चरौदा कार्यालय में बृहस्पतिवार को निगम स्तर पर मच्छर उन्मूलन कार्य हेतु गठित टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न हुयी। निगम कमिश्नर डी.एस.राजपूत के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सी.पी.एम. चरौदा द्वारा फाईट दी बाइट अभियान अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों के संबंध में उपस्थित जनों को जानकारी प्रदान की।यह बता दें कि मच्छर उन्मूलन के लिए किये जा रहे प्रयासो में फाईट दी बाईट अभियान 03 चरणों में चलाया जायेगा। पहला चरण प्रिपरेशन एंड अवेयरनेस जिसमें मच्छर और उसके लार्वा को पनपने से रोके जाने संबंधी तैयारी और जन जागरूकता का प्रचार होगा। वही दूसरे चरण में योजना का इम्पलीमेंटेशन किया जाना है। इस कड़ी में सब्जी मार्केट, मटन मार्केट समेत समस्त सार्वजनिक स्थानो पर साफ सफाई के अलावा नियमित मॉनिटरिंग की जायेगी। जिससे कही भी गंदगी युक्त स्थान देखने को ना मिले। घरो में बर्तन मांजने वाले स्थान, टायर में जमा पानी साथ ही गमले और कूलर में जमे पानी से होने वाले नुकसान की जानकारी से नागरिकों को अवगत कराकर मच्छर से पनपने वाली बीमारियों से रोकथाम किया जा सके। इसके पश्चात तीसरे चरण में जागरूकता और बचाव के लिए किये गये उन सभी कार्यो का आकलन और फालोअप किया जाएगा, जिससे मच्छर के लार्वा को पनपने से रोका जा सके। निगम आयुक्त राजपूत द्वारा बैठक में उपस्थित सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चन्द्राकर को योजनाबद्ध तरीके से फाईट दी बाइट कार्यक्रम हेतु बिंदुवार निर्देश प्रदान किये गये। सबसे पहले मच्छर उन्मूलन कार्य का व्यापक प्रचार प्रसार किया जावे। जैसे बैनर, वॉल राईटिंग तथा मुनादी कराकर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों के माध्यम से घर-घर तक मच्छर उन्मूलन हेतु किये जाने वाले कार्यो की जानकारी दिया जाना, निर्माण कार्य वाली साइट पर भी इस बात का ध्यान दिया जाना है कि वहां किसी भी स्थिति में मच्छर या उसके लार्वा को पनपने से रोका जा सके। बैठक में तहसीलदार भिलाई-03 ख्याती नेताम, पुलिस विभाग की ओर से एस.आई. जी एन एच चौहान, क्षेत्रीय परियोजना अधिकारी श्रीमती के पी मधडे, सी.पी.एम. चरौदा विवेक मिंझ, शासकीय चिकित्सालय से डॉ भुवनेश्वर कठौतीया, शिक्षा विभाग से महेन्द वर्मा उपस्थित रहे।



अवैध प्लाटिंग पर लगातार कार्रवाई जारी

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा भिलाई क्षेत्र में हो रहे अवैध प्लाटिंग पर लगातार कार्यवाही जारी है। आज भिलाई नगर निगम को जानकारी मिली की ग्राम कोहका के खसरा क्रं. 2136, 2142, 2143, 2144, 2145 लगभग 2 एकड़ भूमि में अवैध प्लाटिंग किया जा रहा है जिस पर नगर निगम के बिल्डिंग परमिशन आफिसर हिमांशु देशमुख, जोन के राजस्व अधिकारी अपनी टिम के साथ मौके पर पहुंचकर अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही की तथा वहां पर जैसे ही नगर निगम का टीम पहुंचा बुकिंग करने वाले दलाल स्थल छोड़ के भाग गये। नया बुकिंग अपडेट अयप्पा नगर का मिला जिसमें जगह को चिन्हित करके प्लाट के रूप में बेचा जा रहा था। जिला कलेक्टर महोदया एवं आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव का स्पष्ट निर्देश है कि मकान या दुकान के लिए प्लाट खरीदने से पहले उसका राजस्व विभाग से सत्यता की जानकारी अवश्य कर लेवे। प्लाट खरीदने से पहले ध्यान देने योग्य बाते नगर पालिक निगम भिलाई के भवन अनुज्ञा शाखा, राजस्व विभाग के हल्का पटवारी के पास या टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिग विभाग जा करके सत्यापन करा लेवे की यह प्लाट मकान या दुकान बनाने लायक है या नहीं केवल रजिस्ट्री करा लेना ही नहीं सब कुछ नहीं है। मकान के लिए रोड नाली, पानी, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य सुविधाओ की आवश्यकता पड़ती है प्लाट खरीद लेने के बाद हितग्राही मकान, दुकान बनवाने के लिए नगर निगम भिलाई से भवन अनुज्ञा विभाग में आवेदन करने पर जब उन्हे ज्ञात होता है की उनका प्लाट अवैध है टाउन इन कन्ट्री प्लानिग से अफवल नहीं है।

कैच द रेन एवं फाईट द बाइट पर सेमिनार आयोजित

भिलाई, 31 मई। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में कैच द रेन एवं फाइट द बाइट पर सेमिनार आयोजित किया गया। जिसका प्रमुख उददेश्य था बरसात के पानी को संरक्षित करना एवं मच्छर के लार्वा पनपने से पहले उसका उन्मूलन कर देना। भिलाई क्षेत्र के सभी रेसिडेंस एसोसिएसन के पदाधिकारियों को बुलाया गया था जिन्हें नगर निगम के भवन अधिकारी हिमांशु देशमुख द्वारा शासन की योजना कैच द रेन के बारे में बताया गया कि किसी प्रकार से हम अपने कालोनी में सोक पिट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर रिचार्ज बना करके, वर्षा के जल को सरंक्षित कर सकते हैं, साथ ही बोरिंग को रिर्चाज करके जमीन के भू स्तर को बढाया जा सकता है। इसके बारे मे उन्हें जानकारी दी गई कि किस प्रकार से सोक पिट बनाया जा सकता है एवं किस प्रकार से हम थोड़ा सा प्रयास करके कालोनी के अंदर जल स्तर को बढ़ा सकते हैं। फाइट द बाइट के अंतर्गत जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. चंद्रभान सिंह बंजारे द्वारा बताया गया कि किस प्रकार से हम अपने हाउसिंग सोसायटी को मच्छर से मुक्त कर सकते हैं। हमें ध्यान देना होगा कि हमारे सोसायटी के कूलर, गमला, पानी टंकी, स्विमिंग पूल, फ्लावर पॉट, फ्रिज के नीचे एवं अन्य स्थान पर जहां पर पानी भरने की संभावना है वहां पर मच्छर के लार्वा पनप सकते हैं। ऐसे जगहो पर थोड़ी सी सावधानी करके वहां जला आईल, मलेरिया आईल, टेमिफास डाल करके मच्छर के अण्डो को मार सकते हैं। एक मच्छर 150 से अधिक अण्डे देता है, अगर हम उसे नहीं मारेंगे तो बढ़ते क्रम में बढ़ते ही जायेगा। सोसायटी के पदाधिकारियो ने अपना पक्ष रखा उसमे से यह निर्धारित हुआ कि नगर निगम भिलाई एवं मलेरिया उन्मूलन स्वास्थ्य विभाग की टीम संयुकत रूप से एक तिथि निर्धारित करके हाउसिंग सोसयटी के लोगो के बीच जायेगी, निवासरत नागरिको को समझायेगी, इसमे सोसायटी के लोग भी सहयोग करेगें। यह सब कार्य 15 जून बरसात आने से पहले करने का सब लोगो ने निश्चय किया है। सेमिनार के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, डॉ. तुषार वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, भवन अनुज्ञा के इंजिनियर सभी जोन के स्वास्थ्य अधिकारी, शहरी आजीविका मिशन के स्टाफ के साथ हाउसिंग सोसायटी के वंदे मातरम सोसायटी, श्रीराम हाईटस, शिखर अपार्टमेंट, कृष्णा ग्रैंड सिटी, आकृति हाईटस, अविनाश डेवलेपर्स आदि के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी लोगो ने जागरूकता लाने का शपथ लिया।

विशाल रक्तदान शिविर में 60 यूनिट जमा

उतई, 31 मई। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र दुर्ग छत्तीसगढ़ एवं युवा जीव कल्याण संस्था संयुक्त तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद सभागार पदमनाभपुर दुर्ग में रक्तदान शिविर का आयोजन 30 मई को गौरव शर्मा अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता के विशेष समन्वय एवं सहयोग के माध्यम से किया गया। जिसमे 60 यूनिट रक्तदान किया गया। मई महीने की भीषण गर्मी के बावजूद लोगों का उत्साह विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला युवा अधिकारी नितिन कुमार शर्मा ने बताया कि प्रति वर्ष रक्त की कमी को देखते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन जिला एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित किया जाता है एवं नेहरू युवा केंद्र सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत लोगों से अपील करता है इसी परिप्रेक्ष्य में श्री गौरव शर्मा अधिवक्ता के पुत्री संस्कृति शर्मा के जन्मदिवस के अवसर पर शर्मा परिवार के महत्वपूर्ण सहयोग के द्वारा रक्तदाताओं को गिफ्ट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए श्री गौरव शर्मा ने कहा कि आज ऐसे शिविर के माध्यम से लोगो को से यह संदेश देने की नितान्त आवश्यकता है कि रक्त की कमी को पूरा करने के लिए इस नेक कार्य के लिए सभी एकजुट होकर प्रयास करना होगा और रक्तदान जैसा महत्वपूर्ण कार्य युवा पीढ़ी के माध्यम से संभव है। कार्यक्रम में विशेष रूप से नेकी फाउंडेशन का सराहनीय सहयोग रहा जिसमें मो.अजमल सिद्धिकी,सर्वत हुसैन,दीपाली, प्रीतीश,श्रीमती नीलम शर्मा एवं शर्मा परिवार,आरती मिश्रा ढाल सिंह,अदनान, मृदुल, सुशील, उमेंद्र ,आकांक्षा,नीलेश, निक्की निधि शर्मा, एवं युवा मंडलों,निजी संस्थानों,पत्रकारों का सहयोग रहा सराहनीय सहयोग रहा।

बारिश से पूर्व सभी खुले चेम्बरों को आयुक्त ने दिए ढंकने के निर्देश

भिलाई, 31 मई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में वृहद पेयजल योजना के अंतर्गत सभी जोन क्षेत्र में पाईप लाईन बिछाई गई है। जहां पर ज्वाइंट वाल्व लगाये जाते हैं वहां पर चेम्बर बनाया जाता है। इसी प्रकार से जोन में जहां पर अंडरग्राउंड सीवरेज लाइन है, जहां घरों पर ज्वाइंट लगता है जहां पर भी खुले चेम्बर पाये जाये उसे स्लेब ढक्कन से ढक दिया जाये। जिससे बारिश के समय में पानी भरने पर किसी भी जानवर, राहगीर आदि का दुर्घटना न हो। सनद रहे की बारिश में यदि खुला चेम्बर छुट जाता है तो पानी भर जाने के बाद जानवर, राहगीरों के गिरने की दुर्घटना बनी रहती है उसको रोकने के लिए आयुक्त देवेश ध्रुव ने सभी जोन आयुक्त एवं इंजीनियरों को निर्देश दिये हैं 10 जून तक सभी खुले चेम्बरों पर ढक्कन लग जाना चाहिए। ढक्कन लगाने की कार्यवाही निगम के सभी क्षेत्रो में चल रही है। अगर कही पर खुला चेम्बर दिखता है, तो आम नागरिक अपने क्षेत्र के जोन कार्यालय को सूचित कर देगें तो वहां भी खुले चेम्बर पर ढक्कन लगा दिया जायेगा। आयुक्त ध्रुव ने सभी जोन आयुक्त एवं इंजिनियर, सुपरवाइजर, जेड.एच.ओ. को निर्देशित किये हैं कि सभी चेम्बरों पे ढक्कन लगा दिया जाये, कुछ चेम्बर ऐसे भी हैं जिनका ढक्कन खसक गया है या नीचे गिर गया है उसे भी चिन्हांकित करके लगा दिया जाए जिससे बरसात में पानी भरने की स्थिति में दुर्घटना न हो।

शोक संतप्त बैगा परिवार से मिले मुख्यमंत्री साय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 31 मई। ग्राम सेमरहा में सड़क दुर्घटना में 19 आदिवासी बैगा परिवार के लोगो की मौत हो गई थी उनके दशगात्र कार्यक्रम में श्रद्धांजलि देने पहुँचे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा,वन मंत्री केदार कश्यप,सांसद संतोष पांडेय, विधायक श्रीमती भावना बोहरा जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू । सभी लोगों ने मृतको के तैलय चित्त पर पुष्पांजलि अर्पित कर भाव पूर्ण श्रद्धांजलि दी । दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से पार्थना की इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा बहुत पीड़ा दायक यह घटना है इसमें कई परिवार के लोगो ने अपना खोया है । उनके ऊपर दुःख का पहाड़ टूटा है । विधि के विधान के सामने हम नतमस्तक है । जो परिवार के सदस्य खोए है उनको वापस तो नही लाया जा सकता । इस दुख के घड़ी में हम सब साथ है आपके साथ खड़े है । सरकार के तरफ से 5 लाख प्रति परिवार जो घोषणा हुई हैं जल्द से जल्द उन परिजनों को मिल जाएगा । घटना के दिन हम सब नही पहुँच सके उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जी से लगातार मेरी बात हो रही थी वे समय पर यहाँ पहुँच गए थे । यहां के स्थानीय विधायक भावना बोहरा ने भी अपने ओर से हर सम्भव मदद किया है मृतक परिवार के 24 बं'चों को गोद लिया है । उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा दुर्घटना बहुत दुःखद है ऐसी घटना कही न घटे ऐसे ईश्वर से प्रार्थना है छत्तीसगढ़ के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी ने घटना का सज्ञान लेते हुए स्वयं परिजनों से टेलीफोन से बात किये और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किये घायलों का बेहतर इलाज हो और परिजनों को तुरंत हर सम्भव मदद किया जाये इस दुःख की घड़ी में हम सब साथ खड़े है । दुःख से मिलकर बाहर आना है ।

हिंदी भाषा की विशेषता है भाव एवं शब्दों में एकरूपता:शास्त्री

भिलाई, 31 मई। भिलाई इस्पात संयंत्र के बार एण्ड रॉड मिल विभाग के वर्क्स ऑफिस बिल्डिंग सिक्योर भवन स्थित सभागार में महाप्रबंधक प्रभारी योगेश शास्त्री के मुख्य आतिथ्य में हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बीआरएम विभाग के महाप्रबंधक द्वय एस एन त्रिपाठी व शिखर तिवारी, उप महाप्रबंधक तुषार श्रीखण्डे, वरिष्ठ प्रबंधक सुनील सोनी, उप प्रबंधक सुश्री ग्लेमिका पटेल तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक प्रभारी योगेश शास्त्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी भाषा की विशेषता है कि इसमें भाव एवं शब्दों में एकरूपता रहती है। हिंदी एक समावेशी भाषा है, हमें कठिन शब्दों का प्रयोग करने से बचना चाहिए व बोलचाल की सरल हिंदी का प्रयोग करना चाहिए। भाषा का मुख्य उद्देश्य है संप्रेषण, और इसके लिए सरल हिंदी ही सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। हिंदी हमारे समग्र निष्पादन में भी सहायक है। कार्यक्रम में राजभाषा विभाग द्वारा सामान्य ज्ञान, यातायात, सुरक्षा, पर्यावरण एवं वित्तीय शब्द ज्ञान पर आधारित एक रोचक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के विजेता हैं- प्रथम पुरस्कार- सुश्री कविता कुमारी, द्वितीय पुरस्कार- सुश्री सीमा कुमारी, तृतीय पुरस्कार सुश्री फूलमनी। प्रोत्साहन पुरस्कार श्री सुनील कुमार सोनी वरिष्ठ प्रबंधक, वेमुकूरि इम्मानुएल तथा बीरेन्द्र कुमार सिंह वरिष्ठ प्रबंधक ने प्राप्त किया। वरिष्ठ प्रबंधक एवं विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी बीरेन्द्र कुमार सिंह ने विभाग द्वारा हिंदी के क्षेत्र में विशेष उल्लेखनीय कार्यों एवं संयंत्र स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं की जानकारी दी व विभागीय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि संयंत्र स्तरीय एवं 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग' स्तरीय प्रतियोगिताओं सहित समस्त राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं एवं आयोजनों में बार एण्ड रॉड मिल के कार्मिकों की सदैव प्रतिभागिता रहती है। संयंत्र की पत्रिका 'भिलाई भाषा भारती' तथा नराकास की पत्रिका 'महानदी' के प्रत्येक अंक में बार एण्ड रॉड मिल के कार्मिकों की रचनाएँ प्रकाशित होती हैं। इस अवसर पर उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी तथा गूगल ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग एवं ऑनलाइन नोटशीट प्रणाली 'सैप' में हिंदी में नोटशीट बनाने का प्रदर्शन किया। उन्होंने कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों को हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने हेतु शपथ दिलाई। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक एवं विभागीय हिंदी समन्वय अधिकारी बीरेन्द्र कुमार सिंह ने किया।

धोखाधड़ी के मामले में अपराध दर्ज

भिलाई,31 मई। भिलाई एक व्यक्ति से षडयंत्र पूर्वक कृषि भूमि का सौदा कर रुपए लेकर धोखाधड़ी करने वाले पांच आरोपियों के खिलाफ धारा 420,34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है नंदिनी पुलिस ने बताया कि आनंद सिंह मधुकर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह कृषि कार्य करने के लिए ग्राम अरसनारा स्थित कृषि भूमि जिसका खसरा नंबर 212/3 रकबा 1.280 हेक्टियर को दान सिंह वर्मा तथा उनके परिवार के सदस्य श्रीमती सरस्वती (52 वर्ष), मिथलेश (57 वर्ष), देवचंद (55 वर्ष), जलाराम (45 वर्ष) ने अस्सी लाख प्रति एकड़ में ब्रिकी करने का सौदा किया था ।

बच्चों का भविष्य संवारने पूरी जिम्मेदारी से प्रयास करूंगी:भावना बोहरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा,31 मई। पंडरिया विधानसभा के वनांचल क्षेत्र कुकदुर अंतर्गत ग्राम सेमरहा में तेंदुपत्ता संग्राहकों के सड़क दुर्घटना में दिवंगत 19 लोगों के दशगात्र कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय और पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सम्मिलित होकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने परिवारजनों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान दशगात्र कार्यक्रम में लगभग 10,000 से 12,000 की बड़ी संख्या में ग्रामवासी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है और राज्य सरकार इस हादसे में हताहत परिवारों के आर्थिक सहयता से लेकर हर संभव सहयता के लिए तत्पर है। अपने परिवारजनों को खोने का जो दुःख है उसे मैं समझ सकता हूँ। सीएम विष्णु देव साय ने दशगात्र में श्रद्धांजलि देते हुए कहा यह समय बहुत पीड़ा दायक है ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कही भी और कभी भी ऐसा घटना न हो। उन्होंने कहा इस दुर्घटना में सर्वाधिक माताओं का देहावसान हो गया पूरे गाँव में सबने अपना कोई नजदीकी खोया है। मैं बूढ़ा देव से प्रार्थना करता हूँ इस दुःख की घड़ी से निकलने के लिए ईश्वर संबल प्रदान करें। उन्होंने कहा इस घटना ने न केवल छत्तीसगढ़वासियों बल्कि पूरे देश ने अपनी संवेदना व्यक्त की। इस हादसे का दुःख मुझे भी है इसलिए आज उन सभी दिवंगतों को श्रद्धांजलि देने और परिवारजनों से उनका हालचाल जानने व उनका दुःख बाँटने के लिए आज यहां आया हूँ। राज्य सरकार हताहत परिवारजनों के प्रति हर संभव मदद करने के लिए तत्पर है और राज्य शासन द्वारा परिवारजनों हेतु घोषित आर्थिक सहयता राशि जल्द ही उनके

खतों में हस्तांतरित कर दी जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप एवं राजनांदगांव सांसद संतोष पाण्डेय ने भी परिवारजनों से भेंट कर संवेदना व्यक्त की एवं संबोधित कर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने भी श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवारजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि पंडरिया विधानसभा का हर व्यक्ति मेरे परिवार का सदस्य है। उन्होंने मुझे हर समय अपना आशीर्वाद और प्रोत्साहन दिया है और एक जनप्रतिनिधि के रूप में मुझे अपनी सेवा करने का अवसर प्रदान किया है। कुकदुर क्षेत्र में जो हृदयविदारक घटना हुई और उसमें 19 लोगों के निधन होने की खबर ने मुझे अंदर से झकझोर कर रख दिया। जब उन परिवारों से मैंनें मुलाकात की और उनका दुःख देखा मैं भी भावुक हो गई। उनका दुःख देखकर खासकर उन 24 बच्चों को देखकर मन को बहुत ही पीड़ा हुई। भावना बोहरा ने आगे कहा कि आज भी उन सभी बच्चों एवं परिवारजनों से भेंट के दौरान मन बहुत ही भावुक है। उन बच्चों के सामने अभी पूरा भविष्य है और उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के साथ ही परिजन का हाथ सर से उठ जाना बहुत ही दुखद है। इसलिए मैंने उन बच्चों की पीड़ा कम करने, उन्हें अच्छी शिक्षा मिल सके, उन्हें रोजगार मिल सके ताकि वे अपने उज्ज्वल भविष्य के साथ-साथ अपने परिजनों को भी आर्थिक रूप से सहयता कर सकें वहीं बेटियों का विवाह कर उन्हें एक खुशहाल जीवन देने के लिए यह प्रयास किया है। आज मैं पंडरिया विधानसभा के जिस भी क्षेत्र में जाती हूँ मुझे एक परिवार की भांति प्यार मिलता है और क्षेत्रवासियों ने मुझे जितना स्नेह,समर्थन और मार्गदर्शन दिया है, मुझे लगता मैं जितना भी उनके लिए कुछ कर सकूँ उनके सुख दुःख में साथी बन सकूँ वह कम है। इस हादसे के प्रति मैं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी की संवेदना के लिए भी आभार व्यक्त करती हूँ साथ ही उनके द्वारा सरकार की ओर से जो आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है वह जनता के प्रति उनकी संवेदना को व्यक्त करती है।इस दौरान भावना बोहरा ने यह भी बताया कि दशगात्र व अन्य कार्यक्रम पूर्ण होने के बाद एक दिन उन सभी 24 बच्चों के साथ बैठकर सीधे संवाद कर उनके मन की बात जानने का प्रयास करुँगी। सभी बच्चों में कहीं न कहीं अपने उज्ज्वल भविष्य को लेकर एक दिशा व अलग-अलग क्षेत्रों में रूचि होगी उसे जानने के लिए संवाद एक सबसे अच्छा माध्यम होगा और उनके विचार प्राप्त कर उनकी शिक्षा व रोजगार हेतु आगे की रुपरेखा तय करने के लिए मैं पूरी जिम्मेदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करुँगी। इसके साथ ही समय-समय पर उनके साथ रहकर,समय बिताकर उन्हें प्रोत्साहन देने व शिक्षा, कौशल विकास एवं उनके हुनर को प्रोत्साहन देने के लिए एक अभिभावक की तरह निरंतर कार्य करती रहूंगी। उन्हें अपने परिजनों की कमी महसूस न हो और वे अपना भविष्य संवारने के साथ ही परिवार की जिम्मेदारी भी उठा सकें यही मेरा मुख्य उद्देश्य है।

एक नजर

डोंगरगढ़ पुलिस ने गुम पति-पत्नी को परिजनों से मिलाया

डोगरगढ़ 31 मई। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति.पुलिस अधीक्षक राहुल देव शुक्ला एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना डोंगरगढ़ में लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान प्रकरण के निकाल हेतु थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा द्वारा अभियान चलाया जा रहा है इसी अभियान के तहत गुम इंसान क्र0- 32/2024 के गुमशुदा व्यक्ति उम्र 22 साल एवं गुम इंसान क्र0- 33/2024 के गुमशुदा महिला उम्र- 23 साल दोनों गुमशुदा पति-पत्नि है जो दिनांक- 10.04.2024 को घर से बिना बताये कहीं चले गये थे जिस कारण गुम इंसानों के परिजन काफी परेशान थे। गुम रिपोर्ट बाद डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा गुम इंसानों के पता तलाश हेतु बारिकी से जांच करते हुये तकनिकी सहायता से गुम इंसानों का पता तलाश कर दिनांक- 29.05.2024 को बरेड़ी चौक दुर्ग छ0ग0 से बरामद किया गया है। गुम व्यक्तियों से पुछताछ करने पर अपने साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होना नहीं बताये हैं। जिसे उनके परिजनों को सुपूर्दनामे में दिया गया। जिससे परिजन खुशी जाहिर करते हुये डोंगरगढ़ पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये है।

प्रेस क्लब बच्चों को अध्ययन के लिए करेगा प्रेरित

राजनांदगांव 31 मई। प्रेस क्लब के सभी सम्मानित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सूचित किया जाता है कि शिक्षा को प्रोत्साहन देने हेतु प्रेस क्लब एक ऐसा आयोजन करने का विचार कर रहा है जो बच्चो को अध्ययन हेतु प्रेरित कर सके। क्लब के सदस्यों के बच्चे जो नर्सरी से लेकर कक्षा बारहवीं तक अध्ययनरत हैं तथा कॉलेज के प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने जा रहे हों, वे अपनी पिछली परीक्षा उत्तीर्ण की अंक सूची की छाया प्रति उपलब्ध कराकर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने में सहयोग प्रदान करें। यहां यह विशेष उल्लेखनीय है कि बच्चो को प्राप्त अंक के आधार पर नहीं वरन उनकी अध्ययन की निरंतरता के लिए प्रोत्साहित किया जाना है, अतः सभी बच्चों पर लागू माना जाए, और सभी पढ़ने वाले बच्चों को शामिल करते हुए नाम, पिता का नाम, पता, प्रकाशन संस्थान आदि की जानकारी भी प्रदान करने की कृपा करें। बच्चों के संबंध में जानकारी आगामी 15 जून तक अनिवार्य रूप से देने का कष्ट करें। जानकारी प्रेस के सदस्य डॉ. सूर्यकांत मिश्रा के पास प्रतिदिन संध्या 6. 30 से 9.0 बजे के बीच सबेरा संकेत के संपादकीय विभाग में जमा की जा सकती है।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जागरूकता रैली निकाल कर तंबाकू सेवन नहीं करने दिया संदेश

नगरी 31 मई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नगरी द्वारा 31 मई विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर नगर में जागरूकता रैली निकाली गई। उक्त रैली में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन, ब्रह्माकुमारी मुलेश्वरी बहन सहित संस्था के भाई बहनों ने काफी संख्या में अपनी सहभागिता प्रदान की। ब्रह्माकुमारी भावना बहन के निर्देशन में रैली प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र नगरी से निकलकर नगरी के मुख्य मार्ग से होते हुए नया बस स्टैंड, बजरंग चौक, चुरियारा पारा से होते हुए जंगलपारा रोड में तंबाकू निषेध के नारे गुंजित करते हुए आगे बढ़ी। तथा बजरंग चौक नगरी में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन द्वारा धूम्रपान व तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों को तंबाकू सेवन से बचाना है ताकि भावी पीढ़ियों की रक्षा की जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि तंबाकू के सेवन सेहत के लिए किसी जहर से कम नहीं है, जो व्यक्ति को ना केवल अंदर से खोखला करता है बल्कि सीधे मौत के मुंह में धकेलता है, जो चिंताजनक है इस प्रवृत्ति की ओर ध्यान दिलाते हुए सभी लोगों को धूम्रपान व तंबाकू का सेवन नहीं करने हेतु प्रतिज्ञा दिलवाई गई।

मतगणना 4 जून को, गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक व माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण

धमतरी 31 मई। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 4 जून को लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा धमतरी एवं कुरूद तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा के लिए डाले गए मतों की गणना की जाएगी। इसके मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर मतगणना के लिए नियुक्त गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक तथा माइक्रो ऑब्जर्वर को आज स्थानीय डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी के कक्ष क्रमांक 5, 6 और प्रथम तल के हॉल क्रमांक 1 में सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर्स दुर्गेश प्रसाद, आर.डी.प्रजापति, अमर सिंह, व्ही.के.पाठक, शेषनारायण चन्द्राकर और आर.डी.साहू ने मतगणना कर्मियों को मतगणना कार्य की विस्तार से जानकारी दी तथा निष्पक्ष एवं पारदर्शितापूर्ण मतगणना के लिए उपयोगी सुझाव एवं निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी ने मतदान संबंधी महत्वपूर्ण कार्य पूरी जिम्मेदारी के साथ संपन्न किया है। इसी तरह मतगणना का कार्य भी महत्वपूर्ण है, इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए।प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने मतगणना के पूर्व की तैयारी, मानव संसाधन एवं अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था, ईव्हीएम से मतगणना की प्रक्रिया, मतगणना व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि मतगणना में कंट्रोल यूनिट में दर्ज वोटों की गिनती के साथ डाकमत पत्र, ईटीपीबीएस के अलावा रेंडम आधार पर चयनित किसी एक वीवीपैट की स्लिपों की भी गणना की जाएगी।

कृषि एवं वानिकी पर आधारित वर्किंग समिति ने लघु मध्यम एवं दीर्घकालिक लक्ष्य पूरा करने दिए सुझाव

■ छत्तीसगढ़ को देश में सुपरफूड का केन्द्र बनाने, कौशल विकास, फसल चक्र, जैविक खेती तथा तकनीकीकरण पर दिया जोर

रायपुर, 31 मई। ''अमृतकाल- छत्तीसगढ़ विजन ड्ड 2047'' डॉक्यूमेंट तैयार करने -कृषि एवं वानिकी- विषय पर गठित वर्किंग समिति की बैठक राज्य नीति आयोग अटल नगर नवा रायपुर के सभा कक्ष में आज आयोजित की गई। कृषि एवं वानिकी से संबंधित लक्ष्य, चुनौतियां एवं सामर्थ्य विषय पर विस्तार से चर्चा की गई तथा वर्किंग समिति के सदस्यों द्वारा सुझाव दिए गए।

छत्तीसगढ़ को भारत में सुपर फूड का केंद्र बनाने, छत्तीसगढ़ को प्रसंस्कृत सुपरफूड का पावर हाउस बनाने, वानिकी उत्पादों के साथ मजबूत ब्रांड का निर्माण करने, खाद्य प्रसंस्करण तकनीकों का कार्यान्वयन, कौशल उन्नयन और बुनियादी ढांचे में निवेश, फसलों का पैदावार बढ़ाने, मूल्य वर्धित उत्पादों के उत्पादन के लिए बागवानी पर ध्यान केंद्रित करने, कृषि सेवा केन्द्र को बढ़ाने, किसानों के लिए पर्याप्त ऋण सुविधा उपलब्ध कराने, मृदा जांच तथा छत्तीसगढ़ को जड़ी-बूटी और वनोपज के केंद्र के रूप में विकसित करने, वनोपज व्यापार केंद्र बनाने, भंडारण प्रसंस्करण और परिवहन के लिए बुनियादी ढांचा बनाने, किसानों को सक्षम बनाने राज्य सरकार द्वारा की जा रही पहल, लघु वनोपजों की मजबूती, जल और सिंचाई की पर्याप्त उपलब्धता सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष श्री अजय सिंह, सदस्य श्री अनूप श्रीवास्तव एवं सदस्य श्री के. सुब्रमण्यम ने विभागों द्वारा बनाए गए लघु, मध्यम एवं दीर्घकालीन विजन एवं रणनीतियों के निर्धारण हेतु अपना सुझाव दिए। श्री अजय सिंह ने कृषि भूमि के बेहतर उपयोग एवं बहु फसल प्रथाओं को बढ़ाने की क्षमता, प्रति कृषि परिवार की औसत मासिक आय में बढ़ोत्तरी, किसानों के लिए बेहतर ऋण की सुविधा, उन्नत तकनीकी की आवश्यकता उत्पादकता एवं क्षमता बढ़ाने के लिए सटीक खेती जैसे विषयों को डाक्यूमेंट में शामिल करने की बात की। सदस्य सचिव श्री अनुप श्रीवास्तव और सदस्य श्री के. सुब्रमण्यम ने कृषि अनुसंधान एवं विकास में बड़ा निवेश करने, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर जोर देने, जैविक खेती, फसल चक्र, खाद्य वितरण प्रणाली और कोल्ड स्टोरेज को मजबूत करने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर अपना सुझाव दिए।

मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. धीरेंद्र तिवारी ने कहा कि उन्नत प्रशिक्षण और डिजिटल उपकरण के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने फसलों के पैदावार बढ़ाने तथा कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने, कृषिवानिकी को बढ़ावा देने, किसानों के लिए विपणन की बेहतर व्यवस्था करने सहित अन्य आवश्यक सभी उपायों का समावेश डॉक्यूमेंट में होना चाहिए।

बैठक में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, कृषि किसान कल्याण एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग, सहकारिता, उद्यानिकी, पशु चिकित्सा सेवाएं, मत्स्य पालन विभाग, मार्कफेड, नाबार्ड, लघु वनोपज सहकारी संघ के अधिकारियों ने अपने विभाग के लक्ष्य, चुनौतियां एवं सामर्थ्य का प्रेजेंटेशन दिया।

मतगणना कार्य सावधानी के साथ सजगतापूर्वक करें : कलेक्टर

राजनांदगांव 31 मई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति में आज मतगणना सहायकों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में दिया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि मतगणना 4 जून 2024 को छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन गंज मंडी बसंतपुर राजनांदगांव में की जाएगी। मतगणना सहायकों को सुबह 7 बजे तक मतगणना स्थल के मतगणना टेबल में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि मतगणना कार्य गंभीर एवं महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मतगणना कार्य को शुरू से ही सही तरीके से करने के लिए कहा। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतगणना कार्य सावधानी, सजगतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण तरीके से करने के लिए कहा। उन्होंने मतगणना सहायकों को अनुशासन, समय और गोपनीयता बनाए रखने के लिए कहा। उन्होंने मतगणना सहायकों को अपने-अपने टेबल में अनुशासन बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने गणना सहायकों को मतगणना कार्य शुरू होने के पहले अपने टेबल में सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। इसके बाद ही ईव्हीएम से मतगणना शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक टेबल के लिए अलग-अलग मतगणना अभिकर्ता नियुक्त होते हैं, जो जाली के बाहर बैठे रहेंगे। संबंधित टेबल के लिए नियुक्त मतगणना अभिकर्ता उसी टेबल में बैठे, यह सुनिश्चित करने के लिए गणना सहायक को निर्देश दिए। कलेक्टर ने मतगणना सहायकों को मतगणना के दौरान संबंधित टेबल में अन्य अभिकर्ता आने पर उन्हें नियत स्थान में जाने के लिए निर्देश देने कहा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मतगणना सहायकों को मतगणना कार्य की विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ईव्हीएम मशीन से मतों की गणना के समय मशीन को सही तरीके से प्रदर्शित करना है और उसकी जानकारी सही तरीके के साथ उच्चारण कर जाली के बाहर बैठे गणना अभिकर्ता को बताना है। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर किसी भी प्रकार के मोबाईल एवं इलेक्ट्रानिक गैजेट ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना कक्ष में पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध रहेगा।

आयुक्त ने रेवाडीह, जीई रोड, आशा नगर, सहदेव नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था तथा निर्माण कार्य देखे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 31 मई। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज प्रातः शहर में चल रहे निर्माण कार्यों के निरीक्षण के तहत रेवाडीह व आशा नगर, आर.के.नगर में चल रहे विकास कार्य का जायजा लेकर माप दण्ड के अनुरूप समय में निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। वही उन्होंने रेवाडीह एसएलआरएम सेन्टर में आस पास के एसएलआरएम सेन्टरों से नियमित रूप से कचरा मंगाकर कम्पोस्ट मशीन में डालने निर्देशित किये। आयुक्त श्री गुप्ता रेवाडीह में निर्माणाधीन मुक्तिधाम का निरीक्षण कर श्रद्धांजली हॉल, नाली, सड़क निर्माण कार्य की धीमी गति पर कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके को निर्देशित किये। उन्होंने आशा नगर के एप्रोज रोड सीमेंटीकरण कार्य को जल्द पूर्ण कराने को कहा, जिससे आशा नगर वासियों को आवागमन में परेशानी न हो। वही जी.ई.रोड के पास गोडवाना भवन विस्तार कार्य तथा वार्ड नं. 23 के विभिन्न गलियों में सीमेंटीकरण कार्य भी समय में पूर्ण कराने कहा। रेवाडीह एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर सेन्टर के स्वच्छता दीदीयों द्वारा अच्छे कार्य एवं साफ सुथरा संचालन के लिये सराहना करते हुये प्रभारी से कहा कि गीला व सुखा कचरा घर में ही अलग अलग करने समझाईस देवे तथा अपने घर व आस पास साफ सुथरा रखने भी समझाईस देवे। उनके द्वारा साफ सफाई का जायजा लिया गया और हाजरी रजिस्टर की जॉच कर निर्धारित समय तक सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने एसबीएम प्रभारी श्री रामटेके से कहा कि रेवाडीह के आस पास के क्षेत्रों के एसएलआरएम सेन्टरों से नियमित कचरा इसी सेन्टर में मंगावे और कम्पोस्ट मशीन में डाले जिससे खाद निर्धारित समय में बन सके तथा खाद का विक्रय करने लोगों व किसानों से सम्पर्क करे। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, उप अभियंता श्री अशोक देवांगन,वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा,जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू, सह उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी व स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 9 जून को

धमतरी 31 मई। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा आगामी 9 जून को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि इसके लिए जिले में 6 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें मॉडल इंग्लिश सीनियर सेकेण्डरी स्कूल सोरिद, मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी, मेनोनाईट हिन्दी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हटकेशर स्थित सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा गोकुलपुर स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शामिल है। परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को अपना प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड कर प्राप्त करने कहा गया है। साथ ही विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि में परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा।

समाचार संक्षेप

नगर निगम में चुंगीकर क्षतिपूर्ति की राशि भ्रष्टाचार की भेंट

राजनांदगांव 31 मई। राजनांदगांव में इन दोनों भ्रष्टाचार में एक्ट और टैक्ट के मिश्रण का काफी बोल वाला बना हुआ है और पूरे शहर में इस बात की चर्चा व गहमा गहमी बनी हुई है और लोग बात करने लगे हैं कि देश की दो बडी राजनैतिक पार्टीयों में बढती भ्रष्टाचार की प्रवृति से कैसे आपिये फायदा उठाकर न केवल एक नई पार्टी तैयार कर लिए बल्कि दो राज्यों की सत्ता में भी काबिज हो गए। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के 5 माह बाद ही नगर निगम में भाजपाई उद्दण्डता सामने आने लगी है। सीएम व पूर्व सीएम के अगल बगल रहकर रोलबाजी करने वाले भाजपा संबंधित नेतागणो की नई रिंग बनती दिखने लगी है और नगर निगम के विद्युत समान आपूर्ति आर्डर में यह सामने भी आई है। ताजा मामला नगर निगम का है जो अभी सुर्खियों में है। नगर निगम ने 99 लाख रुपये की विद्युत सामग्री की खरीदी करके अनेक लोगों को उदर रोग से ग्रस्त कर दिया है। नगर निगम एक्ट के मुताबिक नगर निगम आयुक्त को 50 लाख से अंदर की खरीदी का ही वित्तीय अधिकार प्राप्त है इसलिए आयुक्त ने भी एक्ट और टैक्ट का इस्तेमाल करते हुए करते हुए दो भागों 49--49 लाख का टेंडर करके 98 लाख रूपये का विद्युत समान आपूर्ति का कार्य किया है। आरोप है कि ऐसा स्पष्ट रुप से किसी भाजपा नेता को फायदा पहुंचाने के ध्येय से किया गया है। राजनांदगांव नगर निगम में लोगों ने अभी भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार के राज्य में कांग्रेस के महापौर श्रीती हेमा देशमुखा वाली कांग्रेस शासित नगर निगम में भ्रष्टाचार का खुला खेल देखा वही प्रदेश में सत्ता बदलने के बाद नगर निगम में तो सत्ता कांग्रेस की है लेकिन अधिकारियों के मिजाज बदल गए और महापौर एवं कांग्रेस असहाय नजर आ रही है। इसी बात को लेकर नगर निगम में के समाचारों को लेकर हमेशा बढ़ चढ़कर बोलने वाले वोकल लीडर हेमंत ओस्तवाल ने फिर हमला बोल दिया है। इस बार उनका हमला भाजपा एवं कांग्रेस दोनों पर है। हेमंत ओस्तवाल ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके कहा कि नगर निगम को चुंगी पूर्ति के एवज में मिलने वाले एक करोड रुपए को वेतन के मद में खर्च किया जाता है लेकिन अभी शासन से स्वीकृति लेकर इस मद से एक करोड रुपए की लाइट खरीदने का काम हुआ है। इस कार्य हेतु मेयर इन काउंसिल से भी किसी प्रकार की सलाह/मंजूरी नहीं ली गई है। इस बात को लेकर हेमंत ओस्तवाल ने जहां सीधे-सीधे भाजपा पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है वही अपनी ही पार्टी हालांकि वह कांग्रेस से निष्काषित है के महापौर को हमेशा निशाने में रखने वाले हेमंत असवाल ने सीधे-सीधे कहा है कि महापौर श्रीमती हेमा देशमुख की भी कमजोर नस भाजपायों के हाथ में दबी हुई इसलिए महापौर हेमा देशमुख इस मामले में अपेक्षाकृत मुखर नहीं है। उन्होने जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा जो पांचवी बार के पार्षद हैं पर भी इस मामले में आक्रमणकारी नहीं होने पर हैरानी जताई है। हेमंत ओस्तवाल ने कांग्रेस और भाजपा दोनों पर कडा प्रहार करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिख डाला है और उनसे राजनांदगांव कांग्रेस को ठीक करने की नसीहत दे डाली।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर निकली जागरूकता रैली

राजनांदगांव 31 मई। आज के दिन अऊ तारीख ला जन्मों विश्व के मनखे मन विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के रूप में मनावत हन,फेर मोर मन मा एक ठन बात हा हमेशा कचोटत रहिथे अऊ दिन रात मोला परेशान कर के रख देथे का कोनो भी दिवस के मनाए भर ले ओखर उद्देश्य के पूर्ति हो पाथे का ..? का हमन सरकारी योजना ला पूरा कर पावतहन का हमन सही ढंग ले कोनो भी योजना ला सफल बनाय बर काम कर पावतहन का...? का ऐखर नुकसान अऊ फायदा के बात ला हमन लोगन तक पहुंचा पावतहन का..? का हमन सरकारी संपत्ति अऊ पइसा के सदुपयोग कर पावतहन का ...? का अइसन सवाल मोरे भर मन मा आवत हो ही का ..? का ये जम्मो सवाल के जवाब कभू मोला मिल पाही का.... आदि ? आज कल हमर देश मा एक ठन कोनो भी बात हा महामारी या अमर बेल असन फइले मा देरी नइ लगे। खासकर जब ले ये इंटरनेट सोसल मीडिया, व्हाट्सएप फेस बुक,इंस्टाग्राम के जमाना आय हावे।कोनो भी बात हा छीन भर मा जंगल भीतरी के आगी कस लाम जाथे।कोनो नइ जान सके कती ले आय हो ही। अपन ढुअपन ले आगी ढुआगी चिल्लवात रहिथे। कोनो एक ज्ञन मनखे हा कहीं कुछू के बधाई डालदिस ताहन अपन अपन ले भेजत रहिथे कोनो मनखे ला मुड़ी पूछी के पता नइ राहे। राष्ट्रीय अऊ अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाथन ।कभू दाई ड्ड ददा, कभू भाई ड्डबहिनी, कभू दादा दादी, कभू पति ड्डपत्नी, कभू परिवार ता कभू प्यार।आज कल तो अलग ड्डअलग बीमारी मन के घलो दिवस मनावत हन। बात करत रहेन 31 मई विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के, का हमन दिवस मनाबोन ताहन तम्बाकू ले मुक्त हो जाबोन।कोन मनखे ला भूलवाकरतन समझ नइ आवत हे।कोनो ला धोखा देवत हन या धोखा खुदे खवातहन सोचे ला परही।आज तम्बाकू खाए ले शायद कोनो परिवार हा बांचे हो ही।कोनो न कोनो रूप में सबे मनखे तम्बाकू के उपयोग करत हावे। शराब,गांजा, बीड़ी, सिगरेट, रंगीन पाउच मन मा गुटखा, पान मसाला, जर्दा खैनी,गुड़ाखू आदि । नशा समान बेचइया मन ऊपर मा लिखे घलो हावे की सेहत बर हानिकारक हावे उल्टा सीधा फोटो घलो लगाए रहिथे। फेर दुनियां के समझदार मनखे जात ये बात ला समझ नइ पात हे।आंखी रहिके अंधरा बनगे हावे।

बक्शीजी की 130वी जयंती कायस्थ समाज ने मनाई

राजनांदगांव 31 मई। साहित्य वाचस्वपति डॉक्टर बक्शी जी की मनाई गई 130 वी जयंती । कायस्थ समाज द्वारा दिग्विजय महाविद्यालय के पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी सभागृह में बक्शी जी के जयंती पर पूर्व जिला न्यायाधीश श्रीमती शकुंतला दास , कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर रंजना ठाकुर , हिंदी विभाग के ह्ल्ह्ल डॉक्टर शंकर मुनि राय , पूर्व प्राचार्य हेमलता महोबे , भिलाई से डॉक्टर नलिनी श्रीवास्तव , डॉक्टर जीवन यदु , डॉक्टर महेश शर्मा भिलाई , डॉक्टर जय प्रकाश श्रीवास्तव भिलाई , डॉक्टर प्रशांत झा खैरागढ़ , समाज के संरक्षक प्रभात बक्शी जी की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ द्य

उक्त कार्यक्रम में लोगो ने बक्शी जी से जुड़े संस्मरण व हिंदी साहित्य के सारगर्भित विषयों को हिंदी साहित्य पर रखा गया। डॉक्टर दादूलाल जोशी सोमनी द्वारा बक्शी जी पर लिखी गई विभिन्न पुस्तकों का विमोचन किया गया। उपस्थित हिमांशु यागिक , अखिलेश तिवारी , राकेश इंद्रभूषण ठाकुर , इंदरचंद कोठारी , अशोक चौधरी , सोमनिया खरे , गिरीश ठक्कर को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। साथ ही शरद तिवारी , डॉक्टर के के दिवेदी , पूर्व पार्षद अशोक खंडेलवाल , राकेश जोशी, , मनीष गौतम , रमेश श्रीवास्तव को भी पुरुस्कार दिया गया , व अंकिता श्रीवस्तव को आमोद श्रीवास्तव , शोभांजली श्रीवास्तव द्वारा प्रश्न उत्तर पुरुस्कार दिया गया। उपस्थित संतोष श्रीवास्तव , पोपटलाल श्रीवास्तव , अमित आजमानी , ऋषि श्रीवास्तव , ऊषा दीदी , सुश्री शोभा श्रीवास्तव जी को भी सम्मानित किया गया। उपस्थित संजय श्रीवास्तव अधिवक्ता की पुत्री सुश्री सुरभि श्रीवास्तव , सुनील श्रीवास्तव राज्य स्तरीय एकरिडिटेड सीनियर जर्नलिस्ट आदि प्रतिभावान लोगों को इस अवसर पर सामाजिक छवि निर्माण के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे अधिवक्ता अमलेंदू हाजरा को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रामायण समिति ब्राह्मणपारा , परिवार रामायण समिति गांधी चौक , काली रामायण समिति को भी सम्मानित किया गया। आभार व्यक्त समाज के संरक्षक भोला बक्शी , देवेंद्र मोहन लाला देवू अध्यक्ष द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। उक्त जानकारी समाज के सचिव नागेश श्रीवास्तव ने दी।

अहंम ध्यान योग एवं धार्मिक संस्कार शिविर का समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगांव 31 मई। उत्कृष्ट समाधिस्थ आचार्य गुरुवर 108 विद्यासागर जी महामुनिराज , नवाचार्य श्री 108 समय सागर जी महामुनिराज , मुनि श्री 108 प्रणाम्य सागर जी महाराज श्री के आशीर्वाद व आदरणीय बाल ब्रम्हचारी पारस प्रशम भैया के कुशल निर्देशन में श्री दिगम्बर जैन समाज द्वारा 19 मई से 28 मई तक अहंम ध्यान योग एवं धार्मिक संस्कार पूजन शिविर का आयोजन किया गया था । शिविर की इस कड़ी में भैया जी द्वारा भक्तामब्र दीपाराधना करवाया गया था , जिसमे समाज के 48 परिवार द्वारा 48 काव्य के दीपके जलवाए गए । शिविर का समापन कल दिनाँक 29/05/2024 को किया गया । शिविर में प्रतिदिन प्रातः 5 बजे से योग, प्रातः 7 बजे से अभिषेक , शांतिधारा ,संगीतमय पूजन , प्रातः 9 बजे से स्वल्पाहार, दोपहर 2 बजे जैन फाउडेशन की कक्षा , शाम 6.45 से आरती , ध्यान , शंका समाधान ,पाठशाला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा था । शिविर में प्रतिदिन छोटे से लेकर बड़े बुजुर्ग तक के लोगो ने हिस्सा लिया । शिविर के समापन का कार्यक्रम में जिनेन्द्र जैन , रमेश जैन राही, राजकुमार जैन, विमल जैन के मुख्यथिति के रूप में उपस्थित थे । एवं ब्रम्हचारी पारस भैया जी के आशीर्वाद से समाज मे हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिभाशाली बच्चो का सम्मान किया गया , जिसमे मास्टर सानिध्य जैन, कु. श्रेष्ठा जैन, कु. समीक्षा जैन, मास्टर विवेक जैन, कु. ऋषिका जैन, मास्टर पर्व जैन, मास्टर चित्रांश जैन , मास्टर अतिशय जैन, कु. महक जैन, कु. नैंसी जैन, मास्टर रुरुत जैन को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर इनका समाजिक सम्मान किया गया । दिगम्बर जैन समाज के कोषाध्यक्ष राहुल जैन राही ने बताया कि सम्मान की इसी कड़ी में शिविर में भाग लिए सभी प्रतिभागी ,व शिविर के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिए सभी प्रतिभागियो को सम्मानित किया गया । शिविर में विशेष रूप से सहयोग देने वाली नगर श्री मति रश्मि जैन दुर्ग, श्री मति प्रज्ञा जैन भोपाल, श्री मति नीलम जैन, श्री मति रश्मि जैन नागपुर, श्री मति भानु प्रिया जैन, श्री मति प्रज्ञा जैन, श्री मति प्रगति जैन, श्री मति पलक जैन का भी सम्मान किया गया । इसी प्रकार शिविर में स्वल्पाहार और पुरुस्कार हेतु रमेश कुमार, राहुल कुमार जैन राही परिवार, प्रवीण - श्री मति मंजू जैन जैन वीडियो परिवार, अभिनव- श्री मति नमिता जैन, विपिन - श्री मति मंजू जैन, दिलीप भाऊ - श्री मति श्वेता जैन, श्री नीलेश - श्री मति आरती जैन, श्री मति सेठ शशि जैन (सेठ श्रुत जैन, सेठ अहंम जैन), डोंगरगांव की समस्त विवाहित बेटियों, रुव. शैलेन्द्र कुमार - श्री मति कंचन जैन, श्री विद्यासागर मित्र मंडल डोंगरगांव, मुकेश कुमार - श्री मति माधुरी जैन (बैंक वाले), अमितोष जैन- श्री मति विनीता जैन सागर, क्षमा इलेक्ट्रॉनिक्स डोंगरगांव, रुव. शाह हुकुमचंद जी जैन शिक्षक डोंगरगांव, रुव. श्री चौसरा सिंघई हरीशचंद जी जैन डोंगरगांव, रुव. श्री सेठ मुकेश जैन डोंगरगांव, रुव. श्री मति सेठ कमला देवी जैन, रुव. श्री शैलेन्द्र कुमार जैन डोंगरगांव (बिलासपुर) , राकेश - श्री मति नीलम जैन, लल्ली हजारी परिवार ने विशेष सहयोग किया , इन सभी को समाज के पदाधिकारियों धन्यवाद ज्ञापित किया । समापन समारोह में समाज के वरिष्ठजनो द्वारा भैया जी का भी सम्मान किया गया ।

संपादकीय

पीएम मोदी के मौन से भी डरता है विपक्ष...

देश का विपक्ष पूरे चुनाव में यही प्रचार करता रहा कि पीएम मोदी विपक्ष से डरते हैं, इसलिए उसकी आवाज को हर तरह दबाने का प्रयास करते हैं। ईडी,आईटी का उपयोग कर उनके खिलाफ मामला बनाया जाता है, उनको गिरफ्तार कराया जाता है। उनको जेल भेज दिया जाता है, उनकी जमानत नहीं होने दी जाती है। पीएम ने कोई अच्छा काम भी किया,कोई अच्छी बात भी कही तो विपक्ष ने यही साबित करने का प्रयास किया मोदी उनसे डरते है इसलिए ऐसा कर रहे हैं इसलिए ऐसा कह रहे हैं।इसकी असल वजह यह है कि पीएम मोदी भारत ही नहीं पूरे विश्व में एक मजबूत व ईमानदार नेता के रूप में जाने जाते हैं और उनकी यह छवि उनके भारत व विश्व में किए गए काम व बयान के आधार पर बनी है। इस मजबूत छबि के कारण ही विपक्ष दो चुनाव हार चुका है,वह नहीं चाहता है कि इस मजबूत नेता की छवि के कारण उसे तीसरी बार भी हार का सामना करना पड़े। हकीकत में पीएम मोदी की मजबूत व ईमानदार नेता की छवि से विपक्ष दस साल से डरता रहा है और आज जब चुनाव प्रचार समाप्त हो चुका है, तो भी विपक्ष का मोदी से डरना जारी है। जब पीएम मोदी रोज बोलते हैं, दिन में कई बार बोलते हैं,सभा में बोलते है, इंटरव्यू में बोलते हैं तब विपक्ष के नेता पीएम मोदी से डरें तो समझ में आता है। पीएम मोदी जब कुछ नहीं कह रहें तो उनके मौन से भी विपक्ष का डरना साफ कर देता है कि विपक्ष ही मोदी से हमेशा डरता रहा है, जब तक है, तब तक डरता रहेगा क्योकि वह पीएम मोदी का कई क्षेत्रों में कोई मुकाबला ही नहीं कर सकता। जब भी पीएम मोदी खांटी हिंदू नेता के रूप में कोई काम करते हैं, देश के किसी आध्यात्मिक स्थल जाते हैं तो उनका मकसद अपना प्रचार करना नहीं होता है। उस स्थल के बारे में देश के लोगों को बताना भी होता है कि यह स्थल इस देश में दिव्य है, अद्भुत है, अलौकिक है। यहां आकर इसे अनुभव किया जा सकता है। फिर एक बार पीएम मोदी ने ऐसा ही किया है, लोकसभा चुनाव के सातवें चरण का प्रचार थमने के बाद उन्होंने फैसला किया है कि वह पंजाब के होशियारपुर से सीधे तमिलनाडू के कन्याकुमारी पहुंच जाएंगे और समुद्र तट से पांच सौ मीटर भीतर विवेकानंद राक पर 30 मई से 1 जून तक ध्यान में रहेंगे। इस दौरान वह किसी से कुछ कहने वाले नहीं है, वह 48 घंटे मौन रहेंगे। तो भी विपक्ष उनके 48 घंटे के मौन से भी डर रहा है। दुनिया में ऐसा विपक्ष शायद ही कहीं हो जो एक मजबूत व ईमानदार नेता के मौन से भी इतना डरता हो। मोदी भी जानते हैं और विपक्ष भी जानता है कि वह जब मौन हो जाते हैं तो उनका मौन भी बहुत कुछ बोलता है, उनकी मौन की भाषा को पूरा देश अच्छे से समझता है, वह जो बात बोलकर समझा सकते हैं, वह कई बार उसी बात को देश को मौन रहकर भी समझा सकते हैं। देश का विपक्ष मोदी से इस बोलते हुए मौन से डरा हुआ है कि वह पता नहीं चुप रहकर देश की जनता को कितना प्रभावित कर जाएं। पीएम मोदी कई बार इतने योजनाबध्द तरीके से काम करते है कि विपक्ष उनका कुछ बिगाड़ नहीं पाता है बल्कि मीडिया से ज्यादा प्रचार वह खुद मोदी का करता है। विवेकानंद राक पर देश का हर आदमी कभी भी जाकर ध्यान लगा सकता है। पीएम मोदी भी कर सकते हैं इस पर कोई रोक थोड़ी न है। चुनाव आयोग भी इस पर रोक नहीं लगा सकता। क्योंकि यह चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन तो है ही नहीं। पीएम मोदी विवेकानंद राक कुछ कहने तो जा नहीं रहे हैं,वह तो ध्यान लगाने जा रहे हैं, देश के लोगों को बताने जा रहे है कि देश में ऐसी भी एक जगह जहां जाकर ध्यान लगाया जा सकता है और अलौकिक अनुभव किया जा सकता है। इससे पहले पीएम मोदी केदारनाथ की गुफा में १७ घंटे का ध्यान लगाया था, तब भी तो वह चार राज्यों का चुनाव प्रचार समाप्त होने पर केदारनाथ गए थे। तब भी विपक्ष ने इसका इसी तरह विरोध किया था कि इसका प्रसारण टीवी पर नहीं किया जाना चाहिए,तब टीवी पर इसको दिखाया गया था यानी इस बार भी पौएम मोदी के 24 घंटे के ध्यान को दिखाया जाएगा, विपक्ष के विरोध के बाद भी दिखाया जाएगा क्योंकि विपक्ष को यह विरोध ही गलत है। विपक्ष का कोई नेता भी इसी दिन कहीं ध्यान लगाने जाएगा तो मीडिया उसे भी तो दिखाएगा तो विपक्ष को ऐसा करने से किसी ने तो रोका नहीं है।विपक्ष के सबसे बड़ खेताखट देता राहुल गांधी भी कही जाकर ध्यान लगा सकते है। लेकिन राहुल गांधी सहित विपक्ष को कोई नेता ऐसा करने की हिम्मत ही नहीं कर सकता क्योंकि उनके ऐसा कर पर देश को यह स्वाभाविक नहीं लगेगा, देश उन पर हंसेगा,सबस बड़ी बात विपक्ष के ने ऐसा किया तो उनका वोट बैंक नाराज हो जाएगा। पीएम मोदी व विपक्ष के नेताओं में यह बहुत बड़ा अंतर है कि पीएम मोदी को अच्छा काम करके मीडिया में छा जाना आता है। विपक्ष को यही नहीं आता है, इसलिए वह चाहता है कि पीएम मोदी को भी ऐसा न करने दिया जाए।

विश्व तम्बाकू विरोधी दिवस

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

तंबाकू के जहर में घुलती अनमोल जिंदगियां



नशा ऐसी घातक लत है जो असाध्य बीमारी, विकलांगता, दर्द और समय से पहले मौत का कारण बनती है, आर्थिक हानि के साथ-साथ सामाजिक प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचती है तथा मानसिक कष्ट होता है। दुनिया में हजारों तरह के स्वास्थ्यवर्धक स्वादिष्ट व्यंजन हैं खाने के लिए, फिर भी लोग नशे के लिए अनमोल जीवन बरबाद करते हैं। देश में बेहद आसानी से बहुत कम कीमत पर मिलने वाला नशा तंबाकू है, जिसका सेवन समाज में सभी आयु वर्ग के लोग करते हुए नजर आते हैं। पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों या शहरी मलिन बस्तियों में या सड़क किनारे 5 साल के छोटे बच्चे भी तंबाकू खाते हुए नजर आते हैं, जहां अभिभावक बच्चों की ओर ध्यान नहीं देते, जो हमारे आधुनिक युग और सभ्य कहलाने वाले समाज के लिए बेहद शर्म की बात है। हमेशा बड़े बुजुर्ग, अभिभावक बच्चों के सामने ही तंबाकू खाते या धूम्रपान करते हुए दिखते है, जिसका सीधा असर बच्चों पर पड़ता है। तंबाकू का नशा शरीर में धीमे जहर की तरह काम करता है, जो घातक बीमारियों से शरीर को जकड़कर मारता है। तंबाकू के प्रति जन जागरूकता एवं नशामुक्ति से लाखों लोगों की जान बचाई जा सकती है और अरबों डॉलर भी, जो बीमारियों के इलाज पर खर्च किये जाते है। तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए हर साल 31 मई को दुनिया भर में ह्लविश्व तंबाकू निषेध दिवसह्व मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम 'तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की रक्षा' है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, साल 2017 में धूम्रपान संबंधित मौतें 80 लाख थी। वैश्विक स्तर पर हर 5 में से 1 वयस्क धूम्रपान करने वाला है और 80 प्रतिशत तंबाकू उपयोगकर्ता निम्न और मध्यम आय वाले देशों में है, धूम्रपान से जुड़ी वैश्विक मौतों का प्रतिशत 15 है। 1.6 करोड़ अमेरिकी वयस्क धूम्रपान से जुड़ी बीमारी से पीड़ित हैं, अमेरिका में हर साल तंबाकू से 480,000 से अधिक लोग मरते हैं। तंबाकू में मौजूद विषाक्त पदार्थ प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर करते हैं, जिससे बीमार होकर मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। आर्सेनिक, सीसा, टार- ये तंबाकू के धुएं में मौजूद घातक 7,000 से अधिक रसायनों में से ही कुछ रसायन है। तंबाकू का उपयोग कैंसर, फेफड़ों की बीमारी, हृदय रोग और स्ट्रोक सहित कई जानलेवा बीमारियों के लिए एक प्रमुख जोखिम कारक है। यह अनुमान लगाया गया है कि जागरूकता सेवाओं की कमी के कारण 2050 तक धूम्रपान करने वालों के बीच 16 करोड़ अतिरिक्त वैश्विक मौतें हो सकती हैं। भारत में तंबाकू के उपयोग का सबसे प्रचलित रूप धुआं रहित तंबाकू है और आमतौर पर इस्तेमाल की जाने वाली खैनी, गुटखा, तंबाकू के साथ सुपारी और जर्दा है। बीड़ी, सिगरेट और हुक्का तंबाकू धूम्रपान के प्रकार है। देश में हर साल लगभग 13.5 लाख लोगों की मौत का कारण तंबाकू बनता है। धुआं रहित तंबाकू वैश्विक बोझ का 70 प्रतिशत हिस्सा भारत पर है। धुआं रहित तंबाकू के सेवन से हर साल 2,30,000 से अधिक भारतीयों की मौत हो जाती है। भारत में लगभग 90 प्रतिशत मुँह के कैंसर का कारण धुंआ रहित तंबाकू का सेवन है। बीड़ी और सिगरेट पीने वाले अन्यों की तुलना में 6 से 10 साल पहले मर जाते हैं। भारत में 27 प्रतिशत कैंसर तंबाकू के सेवन से होते है।

ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे इंडिया 2016-17 के अनुसार, भारत में लगभग 26.7 करोड़ वयस्क (15 वर्ष और उससे अधिक) अर्थात सभी वयस्कों का 29 प्रतिशत तंबाकू उपयोगकर्ता है, जिनमें 42 प्रतिशत से अधिक पुरुष और 14 प्रतिशत से अधिक महिलाएं शामिल हैं। किशोरों में तंबाकू सेवन का प्रचलन लड़कों में 19 प्रतिशत और लड़कियों में 8 प्रतिशत है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तंबाकू उत्पादक और उपभोक्ता देश है, जो 761,335 टन तंबाकू का उत्पादन करता है। वर्ष 2017-18 में, भारत में 35 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए तंबाकू के सेवन से होने वाली सभी बीमारियों के इलाज की कुल आर्थिक लागत 1,77,341 करोड़ रुपये थी। हर साल लाखों भारतीयों की मौत सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क में आने से हो जाती है। धूम्रपान करनेवाले की गलती का खामियाजा धूम्रपान नहीं करनेवाले आबादी को अपनी मौत देकर चुकानी पड़ती है, फिर भी लोग तंबाकू का सेवन नहीं छोड़ते है। सेकेंडहैंड धूम्रपान अर्थात जब कोई व्यक्ति सिगरेट/बीड़ी पीते हुए उससे निकलने वाले जहरीले धुएं को अपने आसपास के वातावरण में छोड़ता है और उस धुएं के संपर्क में आनेवाले व्यक्ति या बच्चें ऑक्सीजन के साथ उस जहरीले धुएं को अपने शरीर में लेते है, तब उस धुएं को सेकंडहैंड धूम्रपान कहते है। 30.2 प्रतिशत वयस्क कार्यस्थल पर, 7.4 प्रतिशत रेस्तरां में, और 13.3 प्रतिशत सार्वजनिक परिवहन में धूम्रपान के संपर्क में आते हैं। 21 प्रतिशत किशोर (13-15 वर्ष की आयु) सार्वजनिक स्थानों पर और 11% घर पर धूम्रपान के संपर्क में आते हैं। वर्ष 2019 में भारतीय स्कूली छात्रों के बीच तंबाकू के उपयोग पर आईआईपीएस द्वारा किए गए ग्लोबल यूथ टोबैको सर्वे के अनुसार, 23 प्रतिशत से अधिक हाईस्कूल के छात्र घर के अंदर धूम्रपान करना पसंद करते हैं। इसके अलावा, लगभग 20 प्रतिशत छात्र स्कूल परिसरों में धूम्रपान करना पसंद करते हैं। हाई स्कूल के नौ प्रतिशत छात्रों ने अक्सर तंबाकू उत्पादों का उपयोग करने की सूचना दी। तंबाकू उत्पादन के लिए व्यापक कीटनाशकों और उर्वरकों के उपयोग से जल प्रदूषित होता हैं और विनिर्माण से सालाना 2 मिलियन टन से अधिक कचरा उत्पन्न होता है और 4.3 मिलियन हेक्टेयर भूमि भी नष्ट हो जाती है, जिससे वनों की कटाई में योगदान होता है। रोगों और पर्यावरणीय क्षति पर अंकुश लगाने के लिए धूम्रपान मुक्त भविष्य के लिए वैश्विक सहयोग की आवश्यकता है। नशे के बारे में पीढ़ी दर पीढ़ी परम्परावादी मनगढ़ंत झूठ भी हमारे समाज में खूब फैला है, ढूंढने से हजारों बहाने मिल जाते है, नशेड़ियों का समाज में कोई सम्मान नहीं होता। नशा सिर्फ बर्बादी देता है और नशा कभी भी छोड़ा जा सकता है, केवल इच्छाशक्ति प्रबल होना आवश्यक है। जीवन के प्रति अपना नजरिया बदलें, नशे में अपना जीवन बर्बाद न करें। दृढ़ संकल्प, सकारात्मक सोच, जिम्मेदारी की भावना और खुशनुमा माहौल हमें नशे से छुटकारा पाने में मदद करते हैं। नशा मुक्ति के लिए सबसे पहले नशा करने वाले लोगों से दूरी बनाएं, नशे की तलब आये तो आरोग्यदायक खाद्य पदार्थ के बारे में सोचें, अपनी सेहत और परिवारजनों का विचार करें। अभिभावक अपने बच्चों के व्यवहार और दिनचर्या पर विशेष ध्यान दें, छात्रों में नशे की लत बेतहाशा बढ़ रही है। आज के आधुनिक युग में नशे को बढ़ावा देने के लिए और युवाओं को आकर्षित करने के लिए हुक्का पार्लर का ट्रेंड भी खूब फलफूल रहा है, तंबाकू द्वारा बीमारियों से तड़पकर समय से मरने से अच्छा है कि वक्त रहते संभल जाएं और तंबाकू छोड़ें।

सरकार, गैर सरकारी संगठन, नशा मुक्ति केंद्र और अन्य सहायता समूह नशे की लत के खिलाफ लड़ाई में भागीदार के रूप में हमेशा हमारे साथ हैं। तुरंत तंबाकू मुक्त होने का संकल्प लें। तंबाकू छोड़ने में सहायता पर परामर्श के लिए नेशनल टोबैको क्विट लाइन सर्विसेज - 1800 112 356 (टोल फ्री) पर संपर्क किया जा सकता है, या 011-22901701 पर मिस्ड कॉल देकर पंजीकरण करें जो एक निःशुल्क सेवा है। इसके अलावा www.nhp.gov.in/quit-tobacco वेबसाइट पर जाकर लॉगिन और रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं, जीवन का मूल्य समझें, हमेशा नशा मुक्त रहें।

आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन आपके जीवन में नई खुशी लेकर आएगा। व्यापार में निवेश के लिए आज पूरा दिन आपके पक्ष में रहेगा। घर में किसी बड़ी खुशखबरी से परिवार के माहौल में उत्साह रहेगा। छात्रों को पढ़ाई के मामले में लापरवाही से बचना चाहिए, थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है, सफलता मिलाने के योग बने हुए हैं। सजावट का कारोबार कर रहे लोगों को आज कोई बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिलेगा। वाहन खरीदने का विचार अपने परिवार वालों के साथ करेंगे।

वृष राशि-आज आपके दिन की शुरुआत नई उमंगों के साथ होगा। घर के लोगों में आपसी तालमेल बना रहेगा। आज कार्यक्षेत्र में आपको अपने कार्यों में सफलता मिलेगी। छात्र आज अपने सीनियर्स से प्रोजेक्ट को पूरा करने में मदद लेंगे। आज स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आपको काफी आराम मिलेगा। आज घरवालों के साथ नया घर लेने का विचार विमर्श करेंगे। कम्प्यूटर सिख रहे लोगों को आज कुछ इंट्रेस्टिंग सीखने को मिलेगा। दोस्तों के साथ पार्टी करने का प्लान बनाएंगे।

मिथुन राशि-आज आपका दिन रोज की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे, जिससे आपको बहुत खुशी मिलेगी। विद्यार्थियों को अपने करियर का चुनाव करने के लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। हाट की समस्या से परेशान लोग आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाने का विचार बनाएंगे। राजनीति से जुड़े लोगों के मान सम्मान में वृद्धि होगी। शिक्षक विद्यार्थियों से किसी टॉपिक को समझाने में सफल रहेंगे।

कर्क राशि-आज का दिन आपके परिवार के लिए खुशियाँ लाएगा। आज ऑफिस में आपका प्रोमोशन होगा। ब्यूटी पार्लर का काम कर रहे लोगों को आज किसी कस्टमर से अच्छा मुनाफा होगा। रिश्तेदारों से आपकी आज फोन पर लंबी बात होगी। मां अपने बच्चों की मनपसंद डिश बनाएंगी। काफी समय से चली आ रही किसी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आज आपको आराम मिलेगा। विद्यार्थियों को अपने पूराने चैप्टर का अध्ययन करते रहने की जरूरत है।

सिंह राशि-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। विद्यार्थियों का आज पढ़ाई में रूचि बढ़ेगी। आपके जीवन में खुशी बनी रहेगी। फ्रूट्स का कारोबार कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा। राजनीति से जुड़े लोग आज किसी सभा में शामिल हो सकते हैं। परिवार के साथ बाहर घूमने जाने का मन बनाएंगे। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। दाम्पत्य जीवन में नई-नई खुशियां आएंगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। कई दिनों से रुका हुआ कार्य आज पूरा हो जाएगा।

कन्या राशि-आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। बिजनेस में आज अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपको कार्य करने का तरीका सिखाएगी। आज दूसरों को समझाने से पहले खुद की कमियों को देखें। आज आपका मन धार्मिक कार्य में लगेगा, पूजा पाठ का कार्यक्रम करवा सकते हैं। अपने बच्चों की सफलता से खुशी मिलेगी। स्पोर्ट से जुड़े लोगों को सफलता मिलने के योग बने हुए हैं। आज ऑफिस में किसी सहकर्मी से कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा।

तुला राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतर परिणाम लाने वाला है। आज आपको अपनी सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत है। आज आप नए काम करने का मन बनाएंगे। आज ऑफिस में आपके काम से खुश होकर बॉस आपका प्रमोशन का विचार करेंगे। आज आप नया घर खरीदने का प्लान बनाएंगे। आपका सोचा हुआ काम.. आज पूरा हो जाएगा। साथ ही खुले मन से काम करने पर अच्छे लोग आपसे जुड़ने की कोशिश करेंगे।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। आज आप छोटी-छोटी चीजों में खुशियां ढूंढेंगे। लकड़ी का कारोबार कर रहे लोगों को रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा। घर के किसी सदस्य को सफलता मिलने से परिवार में खुशी का माहौल बनेगा। नकारात्मक सोंच वाले व्यक्तियों से आप दूरी बना कर रखें, इससे आपके काम में कठिनाइयाँ नहीं होंगी। दाम्पत्य जीवन शानदार रहने वाला है। लवमेट कही घूमने जाने की प्लानिंग करेंगे। व्यापार में आज अचानक धन लाभ होगा।

धनु राशि-आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होगा। आप को अपने बड़ों से आशीर्वाद मिलेगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन उर्जा से भरपूर रहने वाला है। आज आप जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका पाएंगे। सोशल मडिया पर आपकी पोस्ट ज्यादा लोगों को पसंद आयेगी। आज आपको अपने फिजूल खर्चो को कम करने की आवश्यकता है। आज आपके अंदर आए सकारात्मक बदलाव से जीवन साथी प्रसन्न होंगे।

मकर राशि-आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। कुछ दिन पहले जॉब के लिए किये आवेदन का आज अच्छा रेस्पांस आएगा। ऑनलाइन व्यापार कर रहे लोगों को आज कोई बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिलेगा जिससे अच्छा लाभ होगा। विद्यार्थी आज नया एक्सपेरिमेंट करेंगे। आज आपका मन शांत रहेगा। इस राशि के प्रॉपर्टी डीलर्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में आएगा। आज आप अपनी पर्सनालिटी बेहतर करने के लिए किसी एक्सपर्ट से राय लेंगे।

कुंभ राशि-आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। बड़ों की सलाह से बिजनेस को नए रास्ते पर लाने का प्रयास सफल होगा। नवविवाहित दंपत्ति के रिश्ते में सौहार्द बना रहेगा। आज आप गाड़ी चलाना सिखने का मन बनाएंगे। आज किसी काम में अपनों की मदद मिलेगी जिससे काम आसान हो जाएगा। राजनीति में आपका मान सम्मान बढेगा। सिंगर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, बड़े प्लेटफार्म पर गाने का मौका मिलेगा। लवमेट आज अपने रिश्ते की बात घर पर करेंगे।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। इस राशि के मनोरंजन उद्योग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन फायदेमंद होगा। घर में चल रही अनबन आज समाप्त होगी। लोहे का कारोबार कर रहे लोगों की सेल में आज बढ़ोत्तरी होगी। महिलाओं को मार्किट में आज पर्स और ज्वेलरी का खास ख्याल रखने की आवश्यकता है। आपको आज आपकी मनचाही चीज गिफ्ट में मिलेगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

व्यंग्य

वोट और चोट

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

एक दिन चुनावों पर हिंदी फिल्मों का भूत सवार हो गया। कई शहरों में चुनावी प्रचार देख वह कहने लगा - इतना सन्नाटा क्यों है भाई और जोर से ठहाका मारकर हंसने लगा। तभी उसकी हंसी पर ब्रेक लगाने के लिए आयोग कूद पड़ा। दीवार फिल्म में ईमानदारी का देवता बने फिरने वाले शशि कपूर के स्थान पर आयोग को देख चुनाव प्रचार अमिताभ बच्चन बन बैठा और कहने लगा कि मुझे रोकने से पहले उन लोगों की साइन लेकर आओ जो वोट देना भूल जाते हैं। जाओ उन लोगों की साइन लेकर आओ जो वोटर आईडी बनवाना भूल जाते हैं और जाओ उन लोगों की साइन ले आओ जो मतदान के दिन छुट्टी मारते हैं। आयोग डॉन फिल्म में अमिताभ को डराने के चक्कर में ऐसा न जाने क्या कह देता है कि चुनाव प्रचार बदतमीजी पर उतर आता है - मैं बिना वोट, बिना पहचान पत्र और बिना मतदान के लोगों को आज भी नहीं छोड़ता। चुनाव प्रचार की दबंगई यहीं तक नहीं रुकी। कहने लगा - मैं लोगों के दिमाग में इतना उतर जाऊँगा कि लोग कंफ्यूज हो जाएंगे कि वोट दें कैसे और न दें कैसे। यह सुन डर से थरथराते वोटरों ने कुछ कुछ होता है कि स्टाइल में कहा - इस दिमाग में कुछ-कुछ होता है सरकार नहीं समझेगी। दूसरी ओर सरकार चुनाव प्रचार को धमकाते हुए चुटकियों में काम तमाम करने का अल्टीमेटम जारी करती है। इस पर चुनाव प्रचार भड़क उठा और बाजीराव के अंदाज में बोला - चुनाव प्रचार की चाल, उसकी नजर और उसके भाषण पर संदेह नहीं करते कभी भी चपेट में ले सकता है। इस पर सरकार देवदास की स्टाइल में कहती है - विपक्ष कहता है कुर्सी छोड़ दो, जनता कहती है यह गंभीरता का स्वांग छोड़ दो और चुनाव प्रचार कहता है कि यह दुनिया छोड़ दो। इस पर चुनाव प्रचार कहता है झ अभी तो खेला शुरु हुआ है। असली पिक्चर तो अभी बाकी है। मुद्दों और नारों का बाप हूँ मैं, नाम है मेरा चुनाव प्रचार। लाख चिल्लाओ तुम भला, मैं तो तुम्हें छोड़ूँ न। मेरे नाम की हवा में ही डर है साहब! मुझे कुछ देर के लिए तो रोक लोगे, लेकिन इस हवा को कैसे रोकोगे? वैसे भी चुनावी वादे खरीदने से नहीं उनके सही पालन से हमसे बच पाओगे। जो कि तुम्हारे बस की बात नहीं है।

यह सब देख जनता परेशान हो उठती है। कहती है - चुनाव पर चुनाव आते रहे, लेकिन सही उम्मीदवार मिलता नहीं। मिलता है तो चुनाव प्रचार। इस पर चुनाव प्रचार सलाह देते हुए कहता है झ रहोगे जो तुम निष्पक्ष। नहीं जाओगे घपले में। मुझे दो तरह के लोग कतई पसंद नहीं है। एक वो जो मेरी हिदायतें नहीं मानते। दूसरे जो हद से ज्यादा मानकर घरवालों का जीना हराम कर देते हैं। रिश्ते में तो हम तुम्हारे कुछ नहीं लगते, लेकिन संभलकर रहने की हिदायत जरूर देते हैं, नाम है मेरा चुनाव प्रचार। कहीं भूल मत जाना। वैसे भी याद उन्हें किया जाता है, जिन्हें भुला दिया जाता है। और मैं कोई भुलाने वाली चीज थोड़ी न हूँ। विश्वास न हो तो अपनी खोई हुई नौकरी, पानी की तरह बहाई बचत और अपनों को खोने का दर्द ही टटोल लो। तुम सच में अपनी जिंदगी की सुरक्षा चाहते हो तो न उठो, न चलो, न दौड़ो हाथ पर हाथ धरे कुछ दिन के लिए चुपचाप पड़े रहो। इसी में तुम्हारी भलाई है।

विश्व माता-पिता (अभिभावक) दिवस 1 जून

किशन सनमुखदास भावनानी

माता-पिता का स्थान ईश्वर,अल्लाह से ऊपर है

वैश्विक स्तरपर करीब करीब हर दिन किसी न किसी के नाम पर मनाया जाता है, जिसमें उस मनोनीत क्षेत्र रिश्ते या धर्म का रिश्ता प्रगाढ़य होता है परंतु मेरा मानना है कि सभी दिवस से सबसे श्रेष्ठ दिन माता पिता दिवस है जिसको सम्मान समर्पण प्रेमभाव के साथ संपूर्ण विश्व में दिनांक 1 जून को मनाया जाता है। भारत में तो माता पिता दिवस को ईश्वर अल्लाह का दर्जा प्राप्त है।शास्त्रों कतेबों एवं और संस्कृतियों में मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, आचार्य देवो भव की शिक्षा दी जाती है। हमारे घर में भी यही सीख दी जाती हैं। माता पिता और गुरु तथा बड़ों का सम्मान करना हमारी ग्रामीण संस्कृति में अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। परंतु बड़े बुजुर्गों द्वारा कही कहावतें वर्तमान परिपक्ष में अटूट सटीक सत्य प्रमाणित हो रही है कि, समय का चक्र चलते बदलते रहता है जहां शास्त्रों वेदों कतेबों और भारतीय संस्कृति में माता पिता को सर्वश्रेष्ठ गुरु माना गया है उसके बाद आचार्य को पदवी दी गई है। हर बच्चे के लिए उसके माता-पिता एक देवतुल्य देवदूत हैं जिन्होंने उसे अपनी आज की सफलताओं के शिखर पर पहुंचाया है। इसलिए अनेक शहरों नगरों स्कूलों में माता-पिता दिवस 1 जून के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और बड़ी संख्या में बच्चे युवक बड़े अपने माता पिता के साथ पहुंच बड़े बुजुर्गों माता-पिता की पूजा अचर्ना करते हैं हमारी भारतीय संस्कृति में ही माता-पिता का सम्मान है, इसलिए ही आज हर वक्तव्य में भारतीय संस्कृति सभ्यता से जुड़े रहने का आह्वान किया जाता है। वर्तमान पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव से आधुनिक युवा उसके झांसे में आते जा रहे हैं और परिवार टूटते जा रहे हैं जिसे जागृत करने के लिए हमें माता-पिता दिवस, मातृ दिवस, परिवार दिवस जैसेअनेकों दिवसों का आयोजन हर समाज और पंचायत स्तरपर गंभीरता से करना चाहिए। मेरा मानना है कि यह दिवस वार्षिक नहीं बल्कि मासिक साप्ताहिक स्तरपरमनाना चाहिए जिससे आधुनिक युवकों में जागृति आएगी। जिस भव्यता से 1 जून 2024 को माता-पिता दिवस मनाया जा रहा है उसमें भारतीय संस्कृति सभ्यता की गहरीगहराई का आभास हो रहा है। माता-पिता बुजुर्गों का सम्मान देखकर अनेकों की आंखों में खुशियों के आंसू भर आते हैं। बस! यही भारतीय संस्कृति और सभ्यता वैश्विक स्तरपर प्रसिद्ध है। हर व्यक्ति समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझे तो कोई हमारी संस्कृति को आहत नहीं कर सकता। सांस्कृतिक मूल्यों का हनन न हो, इसका सभी को ध्यान रखना होगा। हर वर्ष माता पिता दिवस पर मनाएजानें वाले कार्यक्रम में बुजुर्गी और युवाओं का उत्साह देखते ही बनता है। यह अपने किस्म का एक अनूठाअनुभव होता है। चूंकि हम 1 जून 2024 को माता-पिता दिवस मना रहे हैं इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे माता-पिता सच्चे देवदूत मार्गदर्शक और अभिभावक हैं, इनसे सर्वश्रेष्ठ दुनियां में कोई नहीं है।

साथियों बात अगर हम माता पिता दिवस के महत्व की करें तो, वैश्विक माता-पिता दिवस बहुत महत्व रखता है क्योंकि यह बच्चों की परवरिश और समाज को आकार देने में माता-पिता की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानता है और सम्मानित करता है। यह परिवारों की भलाई के लिए बढ़ावा देने और वकालत करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है और अगली पीढ़ी के पोषण में माता-पिता के मार्गदर्शन के महत्व पर जोर देता है। यह पालन दुनियां भर में माता-पिता के प्यार, बलिदान और समर्पण पर प्रकाश डालता है, जबकि उनकी जिम्मेदारियों की गहरी समझ और प्रशंसा को बढ़ावा देता है। माता-पिता के वैश्विक दिवस का उद्देश्य परिवारों के लिए जागरूकता, समर्थन और सकारात्मक परिवर्तन पैदा करना है, अंततः व्यक्तियों, समुदायों और बड़े पैमाने पर दुनियां की भलाई और विकास में योगदान देना है। वैश्विक माता-पिता दिवस एक विशेष पालन है जो माता पिता को अपने बच्चों के जीवन और समग्र रूप से समाज की भलाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रत्येक वर्ष 1 जून को मनाया जाता है, यह दिन दुनियां भर में माता-पिता के समर्पण, प्रेम और जिम्मेदारी को सम्मानित करने और सराहना करने के अवसर के रूप में कार्य करता है। यह दिन बच्चों के जीवन को आकार देने और उनके समग्र कल्याण को बढ़ावा देने में माता-पिता के मार्गदर्शन के महत्व पर जोर देता है। यह माता-पिता के प्रयासों की सराहना करने और अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के अवसर के रूप में कार्य करता है। दुनियाभर में इस दिन को ग्लोबल पेरेंट्स भी कहा जाता है। यह दिन इसलिए भी खास है क्योंकि हमें इस दिन उन लोगों को स्पेशल फील कराने का मौका मिलता है जिन्होंने हमें जन्म दिया और पाला। माता-पिता के सम्मान में आयोजित है। साथियों बात अगर हम माता पिता की जिम्मेदारियों समर्पण प्रेम भाव की करें तो, दुनियां में हमारी पहचान हमारे माता-पिता से होती है। वो ही हमें इस संसार में लेकर आते हैं और उन्हीं के नाम से हमें पहचान मिलती है। हम चाहे कितने ही बड़े व्यक्ति क्यों न बन जाएं, जब भी कोई बड़ा दस्तावेज हमारे सामने आएगा, उसमें हमको अपने माता-पिता का नाम जरूर बताना पड़ेगा। आज के समय में हम जो कुछ भी हैं, वो अपने माता-पिता के संस्कार और उनकी दी हुई परवरिश की बदौलत हैं। माता-पिता अपनी संतान के जीवन को संवारने के लिए अपनी पूरी जिंदगी की खुशियों से समझौता कर लेते हैं।ऐसे माता पिता को शुक्रिया कहने का दिन है ग्लोबल डे ऑफ पैरेंट्स याने माता पिता के इस प्रेम और त्याग के लिए हम कभी उन्हें शुक्रिया तक नहीं कहते हैं। ग्लोबल डे ऑफ पैरेंट्स माता-पिता को शुक्रिया कहने का दिन है और हम बच्चों को ये अहसास कराने का दिन है कि हमारे बुजुर्ग माता-पिता बोझ नहीं, हमारी जिम्मेदारी हैं। इस जिम्मेदारी को हमें फर्ज.समझकर पूरा करना चाहिए। हर वर्ष माता-पिता के वैश्विक दिवस की हर वर्ष थीम रखी जाती है, इस वर्ष यानि 2024 को वैश्विक अभिभावक दिवस 2024 का आधिकारिक विषय चंचल पेरेंटिंग का वादा है।

साथियों बात अगर हम ईश्वर अल्लाह से माता-पिता का स्थान ऊंचा होने की करें तो, दुनियां में भगवान व गुरु का स्थान ऊपर है, मगर सबसे ऊपर है माता-पिता का स्थान

एक नजर

राज्य स्तरीय चयन ट्रायल 3 और 4 जून को

सुकमा 31 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ के द्वारा प्रदेश के प्रतिभाशाली तीरंदाजी खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधा प्रदान करते हुए, एन.एम.डी.सी लिमिटेड के सहयोग से तीरंदाजी आवासीय अकादमी की स्थापना की गई है। तीरंदाजी आवासीय अकादमी में नवीन प्रवेश हेतु राज्य स्तरीय चयन ट्रायल 03 और 04 जून 2024 को रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। तीरंदाजी आवासीय अकादमी में प्रवेश हेतु जिला सुकमा के शैक्षणिक संस्थानों से तीरंदाजी में रुचि रखने वाले खिलाड़ियों को जिनकी आयु 13 से 17 वर्ष के मध्य है। जिला खेल अधिकारी श्री विरुपाक्ष पुराणिक ने बताया कि आवासीय अकादमी में सभी प्रकार की सुविधा निशुल्क है। उन्होंने हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी के तीरंदाजी में रुचि रखने वाले बच्चों से अपील की है कि इस अवसर का अवश्य लाभ उठाएं ताकि उनका भविष्य स्वर सके। इच्छुक खिलाडी 94252-60430 पर 01 जून, 2024 तक संपर्क कर जानकारी ले सकते है।

प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 9 जून को

उत्तर बस्तर कांकेर, 31 मई। जिले में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 09 जून दिन रविवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक किया जाएगा। इसके लिए 11 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगारभाट, शासकीय हाई स्कूल कन्या आश्रम सिंगारभाट, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा, स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल नरहरपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या नरहरपुर, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सम्बलपुर, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतागढ़, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंतागढ़ और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंतागढ़ शामिल हैं। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा हेतु कुल 02 हजार 494 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें 02 हजार 385 विद्यार्थियों के आवेदन पात्र पाए गए तथा 109 विद्यार्थियों के आवेदन अपात्र पाए गए। उक्त परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र विभागीय वेबसाईट ण्ग्मासंअलंण्बहण्दपबण्पद से डाउनलोड किया जा सकता है।

आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

उत्तर बस्तर कांकेर, 31 मई। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए पखांजूर तहसील के ग्राम बारदा निवासी 48 वर्षीय सीता राम नाग की तालाब में डूबने से मृत्यु होने के कारण उनकी पत्नी श्रीमती समणि बाई नाग को चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

निर्माणाधीन शास्त्री बाजार परिसर का निरीक्षण के लिए पहुंचे कलेक्टर

रायपुर 31 मई। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट तहत बन रहे तीन मंजिला शास्त्री बाजार परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा भी उनके साथ थे। कलेक्टर डॉ. सिंह ने अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रोजेक्ट के शेष निर्माण कार्य जून माह तक पूरा करें साथ ही दुकानों के आबंटन की कार्यवाही भी सुनिश्चित करें। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत निर्माणाधीन तीन मंजिला शास्त्री बाजार परिसर में ग्राउंड फ्लोर सहित प्रत्येक तल पर 21 दुकान निर्मित की जा रही है। पूरे परिसर में कुल 84 दुकानें तैयार होंगे। परिसर के बेसमेंट पार्किंग में 70 बाइक एवं 30 कार रखने की व्यवस्था की गई है। इस बिल्डिंग की छत में सौर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा से परिसर को रोशन करने की योजना भी रायपुर स्मार्ट सिटी लि. ने बनाई है। लगभग 9 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन यह परिसर जून अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। निरीक्षण भ्रमण के दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा ने प्रोजेक्ट से जुड़े तकनीकी पहलुओं से अवगत कराने के साथ ही दुकानों के आबंटन के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराया। निरीक्षण भ्रमण के दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक श्री पी.के. पंचायती, अतिरिक्त महाप्रबंधक इमरान खान, जोन 3 कमिश्नर प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता श्री राकेश अवधिया, उप-प्रबंधक श्री संजय अग्रवाल, असिस्टेंट मैनेजर श्री योगेन्द्र साहू सहित कार्य एजेंसी की टीम उपस्थित रहीं।

इंद्रावती एरिया कमेटी में सक्रिय नारायणपुर के 10 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 31 मई। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान लोन वर्राटू के तहत जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ के द्वारा भटके हुए नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा में जोडने के लिए लगातार संपर्क एवं संवाद कर शासन की नक्सल पुनर्वास नीति का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, वहीं लगातार हो रहे मुठभेड़ों में मारे जा रहे नक्सलियों के परिणाम स्वरूप इंद्रावती एरिया कमेंटी में सक्रिय10 नक्सलियों ने बुधवार को दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पित सभी नक्सली बंद के दौरान रोड़ खोदना, पेड़ काटना और बैनर पोस्टर लगाने की वारदातों में शामिल रहे हैं। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनर्वास योजना के तहत 25-25 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि तात्कालिक रूप से प्रदान की गई। साथ ही पुनर्वास योजना के तहत मिलने वाले सभी प्रकार के लाभ दिए जायेंगे। विदित हो कि लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 180 ईनामी नक्सलियों सहित 815 नक्सली आत्मसमर्पण का चुके हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आत्मसमर्पित नक्सलियों में लच्छू पोडियाम पिता बामन पोडियाम (रेखावाया आरपीसी/जनताना सरकार मिलिशिया सदस्य), राजेश उर्फ राजाराम मड़काम पिता सोमडू मड़काम (रेखावाया आरपीसी/जनताना सरकार मिलिशिया सदस्य), मनकू पोडियाम पिता स्व. पण्डरू पोडियाम (रेखावाया आरपीसी/जनताना सरकार मिलिशिया सदस्य), कुमारी रामबती जुर्री पिता मुरा जुर्री (रेखावाया आरपीसी/जनताना सरकार मिलिशिया सदस्या), सुशील पोडियाम पिता सुक्कू पोडियाम (रेखावाया आरपीसी/जनताना सरकार मिलिशिया सदस्य), बामन मड़काम पिता स्व. भीमा मड़काम (रेखावाया आरपीसी/जनताना सरकार मिलिशिया सदस्य), रानू कोवासी पिता स्व. सत्तु कोवासी (रेखावाया आरपीसी/जनताना सरकार मिलिशिया सदस्य), जोगा माड़वी पिता स्व. मुंगडू माड़वी (रेखावाया आरपीसी/जनताना सरकार मिलिशिया सदस्य), बामन माड़वी पिता स्व. मासा माड़वी (रेखावाया आरपीसी/जनताना सरकार मिलिशिया सदस्य) तथा कुमारी मंगलो कोवासी पिता दार्री कोवासी (रेखावाया आरपीसी/जनताना सरकार चेतना नाट्य मंच सदस्या) सहित सभी निवासी थाना ओरछा जिला नारायणपुर ने आत्मसमर्पण कर दिया है।

हार्डकोर इनामी सहित 3 नक्सली गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा 31 मई। जिला सुकमा में श्री सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.), श्री कमलोचन कश्यप, उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज दंतेवाड़ा, श्री सुनीत कुमार राय, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज कोंटा, श्री अरविंद राय, उप महानिरीक्षक (परि.) सीआरपीएफ रेंज सुकमा के मार्ग-दर्शन एवं श्री किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक जिला तथा श्री निखिल अशोक कुमार राखेचा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स सुकमा, श्री अभिषेक वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुकमा, श्री आकाश राव गिरेपूंजे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंटा, श्री शिखर मरावी, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मरईगुड़ा के पर्यवेक्षण में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है, इसी तारतम्य में नक्सलियों की लगातार उपस्थिति की आसूचना पर दिनांक 26.05.2024 को सउनि. पण्डा कन्ना डीआरजी के हमराह जिला बल, डीआरजी सुकमा की संयुक्त पार्टी नक्सल विरोधी अभियान हेतु माओवादी के कोर एरिया ग्राम जबेली, रासातोंग, सिंगारांम व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान रासातोंग से जबेली जाने वाले के पकडंडी रास्ते के पास जंगल में सादे वेश-भूषा धारण किये हुए कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के द्वारा पुलिस पार्टी को अपने ओर आते हुए देखकर भागने एवं छिपने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर 02 व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़े गए संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम क्रमशः 01. कवासी पोज्जा पिता कवासी भीमा (सिंगारांम आरपीसी सीएनएम कमाण्डर, ईनाम 01 लाख रूपये छ0ग0 शासन द्वारा) उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी जबली थाना गोलापल्ली जिला सुकमा (छ0ग0), 02. ताती उर्फ मड़कम पोज्जा पिता स्व. मड़कम गंगा (सिंगारांम आरपीसी मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर) उम्र 35 वर्ष जाति दोरला निवासी जबेली थाना गोलापल्ली जिला सुकमा (छ0ग0) होना तथा नक्सल संगठन में उपरोक्त पदों पर कार्य करना बताया गया। पूछताछ पश्चात उपरोक्त व्यक्तियों के कब्जे में रखे थैलों की चेकिंग करने पर 01 नग स्टील टिफिन बम लगभग 02 किग्रा. 05 नग जिलेटिन रॉड, 05 नग डेटोनेटर, 20 मीटर लगभग बिजली वायर, 02 फीट कोर्डेक्स वायर बरामद किया गया। उक्त बरामद विस्फोटक सामाग्री को रखे जाने के संबंध में पूछने पर बड़े नक्सली एलओएस कमाण्डर सोड़ी जोगा के कहने पर सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से रखना बताये। उक्त कृत्य विधि विरूद्ध पाये जाने से दोनों नक्सलियों के खिलाफ थाना गोलापल्ली में अपराध क्रमांक 02/2024 धारा 4, 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए दिनांक 27.05.2024 को विधिवत् गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।इसी क्रम में दिनांक 26.05.2024 को थाना गोलापल्ली से निरीक्षक रंजीत प्रताप सिंह थाना प्रभारी एवं पीसी. प्रकाश शुक्ला के हमराह जिला बल व 18 वाहिनी छसबल की सयुक्त पार्टी एरिया डोमिनेशन/नक्सली आरोपियों की धरपकड़ हेतु ग्राम पुजारीपारा व आस-पास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे कि अभियान के दौरान ग्राम पुजारीपारा के पास जंगल में 01 संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देख कर भागने/छिपने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया पूछताछ करने पर अपना नाम तुरसा एंका पिता तुरसा चंद्रा (सिंगारांम आरपीसी मिलिशिया सदस्य) उम्र लगभग 50 वर्ष निवासी पुजारीपारा गोलापल्ली का होना तथा नक्सल संगठन में उपरोक्त पद पर कार्य करना बताया गया। नक्सल संगठन में कार्य करना बताये जाने पर थाना लाकर नक्सल रिकार्ड चेक करने पर तुरसा एंका थाना गोलापल्ली क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 16.08.2022 को तारलागुड़ा-किस्टाराम के मध्य रोड़ खोदने एवं सुरक्षाबलों पर फायरिंग करने की घटना में अन्य नक्सलियों के साथ शामिल रहना पाया गया, घटना के संबंध में थाना गोलापल्ली में अपराध क्रमांक 01/2022 धारा 147, 148, 149, 307 भादवि. 3 लोक सम्पति निवारण अधिनियम, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत पूर्व से प्रकरण पंजीबद्ध है। उक्त प्रकरण में तुरसा एंका के विरूद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए दिनांक 26.05.2024 को विधिवत् गिरफ्तार कर दिनांक 27.05.2024 को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड मिलने पर जेल भेजा गया।

समाचार संक्षेप

मतगणना के लिए गणना पर्यवेक्षक एवं गणना सहायक को दिया गया प्रशिक्षण

सुकमा, 31 मई(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतगणना कार्य के लिए गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायक को आज जिला पंचायत सुकमा के सभाकक्ष में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित सभी गड़ना से संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत पूरी मतगणना के संबंध में बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना कार्य की संपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण मतगणना के लिए उपयोगी सुझाव दिए गए। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना के पूर्व की तैयारी, मानव संसाधन एवं अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था, ईव्हीएम से मतगणना की प्रक्रिया, मतगणना व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप, एसडीएम कोंटा श्री सबाब खान, एसडीएम छिंदगढ़ श्री प्रताप विजय खेसस, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मधु तेता, तहसीलदार सहित निर्वाचन से सम्बंधित आधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

संभाग स्तरीय योग ओलंपियाड में राज्य स्तर के लिए सुकमा के दो बच्चों का चयन

सुकमा, 31 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । संभाग स्तरीय योग ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन विगत दिवस को जगदलपुर के एमएलबी स्कूल में हुआ। सुकमा जिले से जिला स्तर पर चयनित 13 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमे जूनियर वर्ग कक्ष 6-8 वी, सीनियर वर्ग एवम कक्षा 9ङ्क10वी में सुकमा जिले 1-1 कुमारी मंजू मरकाम कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रानीबाहल, जूनियर वर्ग, कुमारी रीना मरकाम कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रानीबाहल, सीनियर वर्ग प्रतिभागियों का राज्य स्तरीय के लिए चयन हुआ है। संभाग स्तर पर13 बच्चे और कमल कोसारिया पीटीआई हपका रामबाबू शिक्षक, कु कल्पना श्यामल शिक्षिका, पुनीत राम सिंहा एवम एपीसी आशीष राम साथ थे।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों को पेंशन प्रकरणों के निराकरण एवं वेतन निर्धारण की मिली ट्रेनिंग

जगदलपुर, 31 मई। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के. निर्देशानुसार कोष-लेखा एवं पेंशन विभाग के अधिकारियों द्वारा मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में जिले के स्कूल शिक्षा विभाग में पदस्थ आहरण-संवितरण अधिकारियों को पेंशन प्रकरणों को तैयार करने सहित पेंशन प्रकरणों के निराकरण एवं वेतन निर्धारण सम्बन्धी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें स्कूल शिक्षा विभाग के सभी प्राचार्य तथा विकासखण्डों के बीईओ एवं बीआरसी शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान संभागीय संयुक्त संचालक कोष-लेखा एवं पेंशन श्री कमलेश रायस्त ने सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरण तैयार करने सहित पेंशन प्रकरणों के निराकरण, अवकाश नकदीकरण इत्यादि प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं मृतक शासकीय सेवकों के नामित आश्रित को परिवार पेंशन देने, अन्य स्वत्वों के भुगतान सहित अनुकम्पा नियुक्ति प्रावधान के बारे में अवगत कराया।

होम्सटूलाइफ ने फ्रेंचाइजी स्टोर का विस्तार किया

रायपुर 31 मई। सिंगापुर के मशहूर प्रीमियम फर्नीचर ब्रांड होम्सटूलाइफ ने भारत में छत्तीसगढ़ के रायपुर में अपने पहले फ्रेंचाइजी स्टोर का अनावरण किया। होम्सटूलाइफ की यह रणनीतिक विस्तार रायपुर के समझदार गृहस्वामियों के लिये प्रीमियम फर्नीचर की पेशकश और अद्वितीय ग्राहक सर्विस प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है, जो पूरे भारत में इसके फ्रेंचाइजी नेटवर्क को तेजी से बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिस तरह रायपुर प्रगति के रास्ते पर अग्रसर हो रहा है, होम्सटूलाइफ शहर के लोगों के निवास स्थान के लिये उनके अनोखे व्यक्तित्व को प्रदर्शित वाले बेहतरीन फर्नीचर मुहैया करने के प्रति प्रतिबद्ध है। इस नये स्टोर में सोफा, डाइनिंग सेट, बेड से साथ कई अन्य सामानों की विशाल श्रृंखला शामिल है, जो एक भव्य खरीदारी स्थान पर आने के लिये आगंतुकों को आकर्षित करता है। होम्सटूलाइफ की एक अलग पारदर्शी मूल्य निर्धारण नीति है, जो नए रायपुर स्टोर सहित सभी शोरूम में स्थिरता सुनिश्चित करता है। ब्रांड की गुणवत्ता के लिये इसकी प्रतिबद्धता चमड़े की इसकी अलग-अलग रेंज में नजर आती है, जो प्राकृतिक और परिवार के अनुकूल किस्मों में उपलब्ध है। इस विशेष अवसर पर होम्सटूलाइफ के सिंगापुर स्थित मुख्यालय के वैश्विक ब्रांड प्रमुख सेलेस्टे फुआ ने उत्साहपूर्वक कहा कि -हमारे रायपुर स्टोर का शुभारम्भ होम्सटूलाइफ के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हमारी पहली प्रतिबद्धता गृहस्वामियों के रहने की जगह को समृद्ध बनाना है और हमें भरोसा है कि रायपुर के समझदार ग्राहक हमारी समझ से तैयार किये गये और अपनी खूबसूरती के लिये प्रसिद्ध फर्नीचर को गर्मजोशी के साथ पसंद करेंगे। होम्सटूलाइफ इंडिया के कंट्री हेड, वरुण कांत ने कहा कि -उपभोक्ता बाजार की गहरी समझ के कारण, हम निरंतर नवाचार के साथ सोफा बनाते हैं, जो रहने की जगह को उत्कृष्ट पहचान देता है। रायपुर स्टोर पर उपलब्ध विशेष रूप से सभी अन्तर्राष्ट्रीय पैटर्न और डिजाइन ग्राहकों को वैश्विक रूझानों तक अद्वितीय पहुंच प्रदान करेंगे।

बेहतर शिक्षा देने प्राचार्यों की बैठक सम्पन्न

सुकमा, 31 मई। कलेक्टर श्री हरिस.एस के निर्देशानुसार जिला शिक्षाधिकारी श्री जी आर मंडावी के अध्यक्षता में जिले के सभी प्राइवेट स्कूलों के प्राचार्य/प्रतिनिधियों की बैठक हुई जिसमें राइट टू एसुकेशन (आरटीई) शिक्षा का अधिकार के तहत जिन बच्चों का दाखिला अशासकीय विद्यालयों में दिया जाता है उनका शाला त्यागी होने की संख्या की स्कूल वार समीक्षा की गई। इसके तहत आज सभी प्राइवेट स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक रखी गई। जिसमे स्कूल के प्रमुखों को निर्देशित किया गया है जितने बच्चे ड्रॉप आउट दिख रहे हैं वे सभी बच्चे किन किन संस्थाओं में अध्ययनरत है या शाला से बाहर है इसकी जानकारी तत्काल ही सर्वे कर तैयार करने को कहा गया। प्राइवेट स्कूल के व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के निर्देश दिए गए। आरटीआई के तहत अध्ययन करने वाले बच्चों बेहतर शिक्षा देने और बच्चे ड्रॉप आउट न हों इस पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। जिन संस्थाओं से ज्यादा बच्चे ड्रॉप आउट होते हैं ऐसी स्थिति में संस्था की जवाबदेही तय की जाएगी। इसके लिए प्राइवेट स्कूल पर नजर रखने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं वे सभी लगातार मॉनिटरिंग कर व्यवस्थाओं को देखेंगे। बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी श्री नारायण वर्मा, सहायक परियोजना समन्वयक श्री आशीष राम, सहायक परियोजना समन्वयक श्री बैसू राम मरकाम, और शाखा प्रभारी ममता कट्टम एवम नोडल प्राचार्य व जिले के प्राइवेट स्कूलों के प्राचार्य, प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

मौसम विभाग ने हाई अलर्ट जारी किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा 31 मई। 29 मई से 2 जून तक सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक कोई भी व्यक्ति बाहर (खुले आसमान के नीचे) नही निकलेगा क्योंकि मौसम विभाग ने यह बताया है कि तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से 55 डिग्री सेल्सियस तक जायेगा,जिससे अगर किसी भी व्यक्ति को घुटन महसूस हो या अचानक तबियत खराब हो तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं रूम के अंदर दरवाजा खोल कर रखे ताकि विंटीलेशन ना रहे,मोबाइल का प्रयोग कम करे, मोबाइल फटने की संभावना जताई जा रही है,कृपया सावधान रहें और लोगो को सूचित करें,दही , मट्ठा, बेल का जूस आदि ठंडे पेय पदार्थ का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा करें। नागरिक सुरक्षा महानिदेशालय नागरिकों और निवासियों को निम्नलिखित के प्रति सचेत करता है। आने वाले दिनों में 47 से 55 डिग्री सेल्सियस के बीच बढ़ते तापमान और क्यूम्यलस बादलों की उपस्थिति के कारण अधिकांश क्षेत्रों में दमघोंटू माहौल होने के कारण, यहां कुछ चेतावनियां और सावधानियां दी गई हैं।1.गैस सामग्री 2 लाइटर 3. कार्बोनेटेड पेय पदार्थ 4. सामान्यतः इत्र और उपकरण बैटरियाँ 5. कार की खिड़कियाँ थोड़ी खुली (वेंटिलेशन) होनी चाहिए 6. कार के फ्यूल टैंक को पूरा न भरें 7.शाम के समय कार में ईंधन भरें 8.सुबह के समय कार से यात्रा करने से बचें 9. कार के टायरों को ज्यादा न भरें, खासकर यात्रा के दौरान। बिच्छुओं और सांपों से सावधान रहें क्योंकि वे अपने बिलों से बाहर निकलेंगे और ठंडी जगहों की तलाश में पार्क और घरों में प्रवेश कर सकते हैं। खूब पानी और तरल पदार्थ पियें,सुनिश्चित करें कि गैस सिलेंडर को धूप में न रखें, सुनिश्चित करें कि बिजली मीटरों पर अधिक भार न डालें और एयर कंडीशनर का उपयोग केवल घर के व्यस्त क्षेत्रों में करें।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों से समर कैंप के सम्बन्ध में जानकारी साझा की

शालेय स्तरीय समर कैंप का आयोजन, बहुत कुछ सीखे बच्चे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 31 मई। कलेक्टर श्री हरिस.एस के निर्देशन पर जिला में 22 मई से 29 मई 2024 तक शालेय स्तरीय समर कैंप का आयोजन संकुल केंद्र सुकमा के कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय सुकमा मे किया गया। 22 मई को विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमान सुखराम देवांगन के द्वारा मां सरस्वती के पुजा अर्चना, एवं राष्ट्रीय गान के साथ समर कैंप का शुभारंभ किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में बच्चों से समर कैंप के सम्बन्ध में जानकारी साझा की। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य श्रीमान पी.अनील, संकुल समन्वयक श्री आकाश कनौजिया, वार्ड की पार्षद सुश्री शिल्पा मंडावी, एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे। कैम्प के द्वितीय दिवस श्रीमान गिरीश मंडावी, जिलाशिक्षा अधिकारी सुकमा एवं श्री आशीष राम एपीसी ने समर कैम्प का अवलोकन किया, और संचालन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। समर कैंप में शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा आठ दिनों तक बच्चों को विभिन्न कला कौशल को दक्ष करने मे अपना योगदान दिया। तथा बच्चों ने बड़ी लगन के साथ अलग अलग विधाओं की गतिविधियों को सिखने मे रुचि ली। मेंहदी विधा सीखाने मे श्रीमती मुनी दुवारी, श्रीमती सुनीता जांन, श्रीमती नीलावती हेमला, कुमारी वर्षा नेताम, श्रीमती शेख जैबुन ने अपना योगदान दिया। रंगोली विधा सीखाने मे श्रीमती शेख शकिना , श्रीमती रीना ध्रुव , श्रीमती सुनीता जांन, श्रीमती लीलावती हेमला, उर्मांणी भद्रे ने अपना योगदान दिया। डांस विधा सिखाने मे श्रीमती प्रीति वंजामी, श्रीमती रीना ध्रुव, वर्षा नेताम,ने अपना योगदान दिया। योगा विधा सीखने मे श्रीमती जमुना मरकाम ने अपना योगदान दिया। पेंटिंग/चित्रकला/कबाड़ से जुगाड विधा को सीखने में श्रीमती प्रीति वंजामी, श्रीमती शेख शकिना,खुसी राम शर्मा ने अपना योगदान दिया। कम्प्यूटर विधा सीखने में सुरज साहू ने अपना योगदान दिया। स्वच्छता के बारे मे संकुल प्राचार्य पी.अनील, संकुल समन्वयक आकाश कनौजिया ,ने बच्चों से बताया। इस समर कैंप में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सुकमा की अधिक्षिका सुश्री तिग्गा का विशेष योगदान रहा। इस प्रकार 8 दिवसीय समर कैंप का आज 29 मई 2024 को समापन किया गया।

बिजली आपूर्ति बहाली में विलंब के जिम्मेदार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

रायपुर 31 मई। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय में कंपनी अध्यक्ष तथा प्रदेश के ऊर्जा सचिव श्री पी.दयानंद की बैठक की धमक रही। बिजली आपूर्ति में बाधा की शिकायतों को देखते हुए श्री दयानंद ने ट्रांसमिशन कंपनी तथा डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधिकारियों को तलब किया और जिन स्थानों पर आपूर्ति बहाली में निर्धारित से अधिक या गैरवाजिब समय लग रहा हैं, वहां के जिम्मेदार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। विभिन्न समाचार पत्रों तथा न्यूज वेब पोर्टल में बिजली की आपूर्ति में बाधा आने के बाद इसकी बहाली में लगने वाले अधिक समय को लेकर प्रकाशित समाचारों को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष श्री पी.दयानंद ने यह बैठक बुलाई थी।

एक नजर

प्रबंधन और उद्यम सीखेंगे आदिवासी युवा, मिलेगा प्रशिक्षण

बीजापुर 31 मई । स्थानीय आदिवासी युवाओं को उद्यमिता विकास से जोड़कर उनके आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने का अभिनव पहल करते हुए कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा 10 दिवसीय उद्यमशीलता प्रशिक्षण कराया जाना प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाजार के अवसर की पहचान करना, व्यवसाय की योजना बनाना और उसके विकास का प्रबंध करना है। जिससे जिले के आदिवासी युवाओं को स्वरोजगार के अवसर सृजन होंगे। ऐसे युवा भविष्य में नौकरी तलाशने वाले न होकर नौकरी देने वाले होंगे। विभिन्न स्वरोजगार के कार्य हेतु आवश्यक प्रक्रिया, दस्तावेज ऋण सुविधा इत्यादि जिला प्रशासन द्वारा सुगमतापूर्वक मुहैया कराया जावेगा।

जिले के ऐसे आदिवासी युवा जो स्वरोजगार के कार्य करने कि रूचि रखते हों ऐसे युवाओं को जिला प्रशासन बीजापुर द्वारा 10 दिवसीय उद्यमशीलता विकास कार्यक्रम में निःशुल्क रहवासी प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। यह प्रशिक्षण आरसेटी बीजापुर में सम्पन्न होगा। जिसमें 04 दिवसीय प्रशिक्षण नेशनल इन्स्टीट्यूट फॉर माइक्रो स्मॉल एण्ड मिडियम इन्टरप्राइजेस हैदराबाद में सम्पन्न होगा।जिले के युवा जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष है। वे 06 जून 2024 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण बीजापुर कक्ष क्रमांक ष्ठ-19 जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय बीजापुर में संपर्क कर सकते हैं। अथवा अधिक जानकारी के लिए श्री गौरव पाण्डेय सहायक संचालक मो. नं. 9407641115 से संपर्क कर सकते हैं।

संकुल धनागर और कुसमुरा समर कैंप में बच्चों ने सीखे विविध कौशल

रायगढ़, 31 मई। संकुल केन्द्र धनागर और कुसमुरा में संचालित हुए 9 दिवसीय समर कैंप में छात्र-छात्राएं विविध कौशल सीखते हुए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम के जरिए महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत हुए। संकुल प्राचार्य भरत पटेल, बी एल राठिया प्राचार्य उसरौट, वेद प्रकाश तिवारी प्रभारी प्राचार्य कुसमुरा, सीएससी धनागार यशपाल नायक के मार्गदर्शन में आयोजित 9 दिवसीय समर कैम्प में हायर सेकेंडरी धनागर, माध्यमिक शाला धनागर, माध्यमिक शाला जोरापाली, प्राथमिक शाला जोरापाली, प्राथमिक शाला धनागार, प्राथमिक शाला भैना पारा, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कलमी, माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला कोसमनारा, प्राथमिक शाला बरमुडा, हायर सेकेंडरी कुसमुरा, माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला कुसमुरा, प्राथमिक शाला कोतरीडीपा, प्राथमिक शाला भगनपुर हायर सेकेंडरी उसरौट माध्यमिक शाला उसरौट प्राथमिक शाला उसरौट प्राथमिक शाला जामपाली के छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के सहयोग से पहाड़ा, गिनती, रंगोली, मेहंदी आदि कला सीखे। साथ में आग से बचाव, भूकंप से बचाव, हार्ट अटैक आने पर बचाव, सड़क सुरक्षा आदि संबंधी जानकारी से भी अवगत हुए। धनागर और कुसमरा में संपन्न हुए समर कैंप में प्रधान पाठक आशीष रंगारी, लक्ष्मीकांत पटेल, श्रीमती प्रेमा सिदार, श्रीमती इंदुमती कुजुर, अंजय सूर्यवंशी, सुशीला साहू, रोहित कुमार साहू, सुदामा साव, सुखलाल बर्मन, चैतराम डनसेना, सोमा ठाकुर लालकी, ओहदार रोशन नायक, प्रवीण नायक, श्रीमती शबाना खातून, योगेंद्र पटेल, सुरेंद्र कृष्णा पटेल, माधव प्रसाद चौधरी, रिद्धि पटेल, रामकुमार डनसेना, नरेश नायक, सुकांति उरांव, तेज कुमार पटेल, नमिता चौधरी शिव पटेल आदि का विशेष सहयोग रहा।

प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा 9 जून को

रायगढ़, 31 मई। प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 9 जून 2024 रविवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक परीक्षा केन्द्र सेंट टेरेसा कान्वेंट स्कूल बोईदादर रायगढ़ में किया जाएगा। परीक्षा में कुल 354 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। कलेक्टर श्री कार्तिकेय गोयल के निर्देशन में परीक्षा के सफल संचालन हेतु डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ श्री महेश शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

समर कैंप: क्विज कॉम्पिटिशन में हायर सेकेंडरी स्कूल जूटमिल ने मारी बाजी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

रायगढ़, 31 मई। दस दिवसीय समर कैम्प 2024 के अंतिम दिवस जिला स्तरीय कार्यक्रम के अंतर्गत गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय नटवर अंग्रेजी माध्यम स्कूल के सभाकक्ष में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में हायर सेकेण्डरी जूटमिल की टीम ने प्रथम, नटवर अंग्रेजी माध्यम-द्वितीय और चक्रधरनगर हायर सेकेंडरी एवं नटवर हिंदी माध्यम ने संयुक्त तीसरा स्थान प्राप्त किया।

सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव कार्यक्रम के समापन में शामिल हुए। सभी विजयी प्रतिभागियों को बधाई देते हुये प्रोत्साहन स्वरूप डायरी और पेन पुरस्कार दिया। जिन प्रतिभागियों को सफलता नही मिली उन्हें अगले अवसरों पर बेहतर तैयारी के साथ आने को कहा। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य तय करना और उसे पाने के लिए निरंतर अभ्यास करना सबसे जरूरी है। छात्रों को प्रतिदिन अध्ययन का समय निर्धारित कर नियमित रूप से अपने विषयों के अभ्यास करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम को समझकर उसे चरणबद्ध तरीके से अध्ययन करने और जो पढ़े है उसके रिवीजन से किसी भी सब्जेक्ट में आपकी पकड़ मजबूत करेगा। सीईओ श्री यादव ने इस अवसर पर सिविल सर्विसेज की तैयारियों को लेकर भी बच्चों को टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी परीक्षा सवालों पर आधारित होती है और उत्तर लेखन से परीक्षार्थी के ज्ञान के स्तर को परखा जाता है। इसलिए जितना ज्यादा आप मॉक टेस्ट देंगे, उत्तर लेखन का अभ्यास करेंगे उतना अधिक आप सफलता के करीब पहुंचते जायेंगे। टेस्ट देने से आपको अपनी कमियों के बारे में पता चलता है। जिसे आप सुधार कर अंतिम परीक्षा में अपना बेस्ट दे सकते हैं।गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जिसमें नटवर स्कूल, सरदार बल्लभ भाई पटेल स्कूल, कन्या शाला, जूटमिल स्कूल, राजीव गांधीनगर स्कूल, केवड़ाबाड़ी स्कूल, चक्रधरनगर स्कूल एवं चांदमारी स्कूल के बच्चों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.बाखला, डीएमसी श्री नरेन्द्र कुमार चौधरी, एपीसी द्रय भुवनेश्वर पटेल, आलोक स्वर्णकार, नटवर स्कूल की प्राचार्य रूबी वर्गीस उपस्थित रहे। गणित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का संचालन मेघा अग्रवाल और विकास तिवारी ने किया, स्कोरर की भूमिका राजेन्द्र कलैत, गायत्री स्वर्णकार तथा सविता साहू ने निभाई।

बिजली सप्लाई ऊपर-नीचे, बिगड़ने लगे उपकरण

लो-वोल्टेज से एसी, कूलर,पंखे हो रहे खराब



पत्थलगांव, 31 मई। भीषण गर्मी के बीच शहर की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह बाधित हो चुकी है,बिजली सप्लाई से वोल्टेज पावर कम होने के कारण गर्मी मिटाने वाले संसाधन खराब हो रहे है,एक दर्जन से भी अधिक घरो के ए.सी,कूलर,पंखे लो वोल्टेज के कारण खराब हो चुके है। इधर विद्युत विभाग की तमाम कोशिशो के बाद शहर की विद्युत व्यवस्था मे सुधार नही आ पा रहा। दिन हो या रात 20 से भी अधिक बार बिजली गोल हो रही है,जिसके कारण अब लोग विद्युत विभाग के खिलाफआंदोलन करने की बात कह रहे है। यहा के अधिकांश वार्ड मे लो वोल्टेज की समस्या चल रही है,45 डिग्री से उपर गर्मी की तपिश रहने के बाद लोगो को घर के भितर ए.सी,कूलर या पंखे का सहारा रहता है,परंतु लो वोल्टेज के कारण लोगो के ये संसाधन पूरी तरह खराब या बेकार हो रहे है। विभाग को गर्मी आने से पूर्व ही लोगो ने चेताया था,अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने की बातें भी कही गयी थी,परंतु विभाग सिर्फमैंटेनेंस मे उलझा रहा। शहर के भितर पिछले चार दशक से लगाये ग्रे ट्रांसफार्मर की मरम्मत के अलावा उनकी भार क्षमता कम करने की ओर विभाग ने ध्यान नही दिया। शहर के भितर एक दर्जन से भी अधिक चार दशक पुराने ट्रांसफार्मर लगे हुये है,40 वर्ष की आबादी की तुलना अब की आबादी मे 70 फिसदी का ईजाफा हो चुका है,परंतु विभाग के पास बढती आबादी के कोई आंकडे मौजुद नही है,आज भी विद्युत विभाग की नजर मे शहर की आबादी पुराने ट्रांसफार्मर की क्षमता के अनुरूप ही है,जबकि आबादी मे तेजी से वृद्धि हुयी है। ट्रांसफार्मर पुराने एवं उनकी तकनीक भी अब जर्जर हो चुकी है। अत्यधिक भार क्षमता के कारण ये ट्रांसफार्मर लोगो के घर तक पावर के साथ बिजली सप्लाई नही कर पा रहे,जिसके कारण शहर के लोग भीषण गर्मी के बीच लो वोल्टेज की समस्या से जुझ रहे है।।

अतिरिक्त ट्रांसफार्मर के लिए जगह नही-:विद्युत विभाग लोगो को सुविधा पहुंचाने के लिए जरा भी मेहनत करने के मुड मे नही है,शहर के भितर 20 से भी अधिक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की तत्काल मे आवश्यकता है,परंतु विभाग के पास एडिशनल ट्रांसफार्मर रहने के बाद भी वे उसे लगा पाने मे अपनी बेबसी जता रहे है। विद्युत विभाग के जुनियर इंजीनियर कुलरंजन मिंज ने बताया कि कई जरूरत की जगह मे उन्हे जमीन ना मिल पाने के कारण ट्रांसफार्मर नही लगा पा रहे।।

ग्रामीण क्षेत्र मे भी बुरा हाल-:शहर की तरह ही ग्रामीण अंचल की आबादी भी चरमराई विद्युत व्यवस्था से काफी नाराज है। गाला के पूर्व बी.डी.सी अजय राजपूत ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में एक बार बिजली बंद होने के बाद कई-कई दिनो तक आने का नाम नही लेती। उनका कहना था कि शहर की तरह गावं के ट्रांसफार्मर अतिरिक्त भार तो नही है परंतु ट्रांसफार्मर लगाने वाले ठेकेदारो द्वारा लगाने के मापदंडो का पूरी तरह पालन ना करने के कारण आये दिन ग्रामीण क्षेत्र के ट्रांसफार्मर बिगडे रहते है,जिसके कारण क्षेत्र मे कई-कई दिनो तक विद्युत व्यवस्था बाधित रहती है।

--अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की जरूरत देखकर विभाग ने कई जगहे पर ट्रांसफार्मर लगाने की कोशिश की परंतु जमीन ना मिलने के कारण एडिशनल ट्रांसफार्मर नही लग पा रहे है।

कुलरंजन मिंज-जुनियर इंजिनियर-सी.एस.ई.बी-पत्थलगांव

आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण प्रोत्साहन योजना हेतु आवेदन आमंत्रित

गरियाबंद,31 मई। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए आर्यभट्ट विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण प्रोत्साहन योजनांतर्गत विज्ञान एवं वाणिज्य शिक्षण केन्द्र (कन्या) जिला-दुर्ग ।(बालक) जगदलपुर में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त नवीन भगत ने बताया कि प्रवेश हेतु अनुसूचित क्षेत्र में निवासरत कक्षा 12वीं उत्तीर्ण, अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्राएं जिन्होंने 12वीं बोर्ड परीक्षा न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण किये हो एवं विज्ञान व वाणिज्य विषय के साथ आगामी पढ़ाई के इच्छुक हों। ऐसे इच्छुक विद्यार्थियों को विभाग के साथ अनुबंध पत्र हस्ताक्षर करना होगा कि विज्ञान एवं वाणिज्य विषयों के स्नातक/स्नातकोत्तर तथा बी.एड. की पढ़ाई के पश्चात् वे प्रदेश के अनुसूचित क्षेत्रों में शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं देने के लिए सहमत है।उन्होंने बताया कि बस्तर एवं दुर्ग जिला मुख्यालय पर संचालित विज्ञान वाणिज्य केन्द्र पर अस्थायी प्रवेश दिया जाएगा। अस्थायी रूप से प्रवेशित समस्त विद्यार्थियों को स्वयं की रूचि से संबंधित जिला मुख्यालय (दुर्ग/जगदलपुर) अथवा आस-पास संचालित शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय / विश्वविद्यालय में संचालित विज्ञान/वाणिज्य विषय की स्नातक अथवा स्नातकोत्तर कक्षाओं में 15 दिवस के अंदर प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। प्रवेश के दौरान सहयोग एवं मार्गदर्शन संस्था के प्रशासकीय अधिकारी / संबंधित सहायक आयुक्त द्वारा दिया जायेगा। नियमित शिक्षण संस्थान में प्रवेश के बाद विद्यार्थियों को विज्ञान एवं वाणिज्य विकास केन्द्र में स्थायी प्रवेश दिया जायेगा। स्थाई प्रवेश के पश्चात् विद्यार्थी को योजना के तहत दी जाने वाली अन्य सुविधाओं की पात्रता होगी। स्नातक स्तर पर एक वर्ष परीक्षा अनुत्तीर्ण विद्यार्थी को पुनः शासकीय व्यय पर 1 वर्ष के लिये प्रवेश की पात्रता होगी। पुनः अनुत्तीर्ण होने पर आगामी 1 वर्ष तक विद्यार्थी को स्वयं के व्यय पर अध्ययन करना होगा। किसी भी स्थिति में स्नातक पाठ्यक्रम हेतु अधिकतम 4 वर्ष तक छात्रवृत्ति एवं अन्य सुविधाओं की पात्रता होगी। कक्षा 12वीं उत्तीर्ण, अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्राएं जिन्होंने 12वीं बोर्ड परीक्षा न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण किये हो एवं विज्ञान व वाणिज्य विषय के साथ आगामी पढ़ाई के पश्चात प्रदेश के अनुसूचित क्षेत्रों शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं देने के लिए अपनी सहमति देते है। तो उन्हे विज्ञान विकास केन्द्र (कन्या) जिला मुख्यालय दुर्ग/ विज्ञान विकास केन्द्र (बालक) जिला मुख्यालय जगदलपुर में आवासीय सुविधा प्रदान कर वर्ष 2024-25 में जिला मुख्यालय अथवा आसपास संचालित शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों में बीएससी (गणित/विज्ञान/बी.काम) प्रथम वर्ष में प्रवेश ले सकते हैं। इच्छुक विद्यार्थी प्रवेश हेतु आवेदन-पत्र कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास गरियाबंद में अपना आवेदन जमा कर सकते हैं।

स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा में सियान जतन क्लीनिक

रायगढ़, 31 मई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चंद्रवंशी की उपस्थिति में आयुष्मान आरोग्य मंदिर शहरी स्वास्थ्य केंद्र रामभांठा में सियान जतन क्लीनिक लगाया गया। मौके पर सीएमएचओ द्वारा हितग्राहियों को 11 वाकिंग स्टीक, 4 व्हील चेयर, 7 वाकर का वितरण किया गया। इस अवसर आयोजन में डॉ. काकोली पटनायक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विरेन्द्र राठिया, डॉ भावना फिजियोथेरेपिस्ट, डॉ विवेक उपाध्याय नोडल अधिकारी एनपीएचसी, श्री राजेश अचार्य नेत्र सहायक अधिकारी, एवं यू.पी.एच.सी के समस्त

शवों को सुरक्षित रखने के लिए नि:शुल्क डेथ बॉडी फीजर की व्यवस्था

बीजापुर, 31 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बीजापुर जिलें में शवों को सुरक्षित रखने के लिए कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा बीजापुर नगर पालिका में 03 नग, नगर पंचायत भैरमगढ़ एवं भोपालपटनम में 01-01 नग डेथ बॉडी फीजर उपलब्ध कराया गया है। इस फीजर उपयोग मृत व्यक्ति के परिजनों के इंतजार में अंत्येष्टि कार्यक्रम में देरी अथवा अन्य कारणों से तत्काल अंत्येष्टि संभव नहीं होने की दशा में परिजन इसका निःशुल्क उपयोग शव को सुरक्षित रखने में कर सकेगें। उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा इस तरह की व्यवस्था पहली बार किया गया है, फीजर की कमी और उनकी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए आम नागरिकों के हित में भी सुगमतापूर्वक यह सुविधा उपलब्ध रहेगा।कलेक्टर की इस सवेंदनशील पहल से अब शव को अधिक समय तक भी सुरक्षित रखा जा सकेगा। यह पूर्ण रूप से निःशुल्क प्रदाय किया जाएगा। शव फीजर की आवश्यकता होने पर संबंधित परिजन अपने-अपने नगरीय क्षेत्रों के सीएमओ अथवा कार्यालय नरगपालिका बीजापुर, नगर पंचायत भोपालपटनम एवं भैरमगढ़ में संपर्क कर सकते है, बॉडी फ्रीजर के परिवहन की व्यवस्था संबंधित परिजनो की होगी।

मानसून से पूर्व सभी तैयारियां सुनिश्चित करने कलेक्टर के निर्देश

बीजापुर, 31 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बुधवार 29 मई को साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक इन्द्रावती सभाकक्ष में आयोजित हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों के निराकरण, नए शैक्षणिक सत्र में स्कूल कालेजों की तैयारी, शाला प्रवेशोत्सव, स्वास्थ्य विभाग अर्न्तगत मानसूनी तैयारी, सहित सभी विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।सर्वप्रथम अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का विधिवत निराकरण तत्परतापूर्वक करने को कहा नियुक्ति संबंधी होने वाली तकनीकी कठिनाईयों पर आवश्यक मार्गदर्शन दिए। तत्पश्चात आगामी नए शिक्षा सत्र में स्कूल एवं कालेजों की तैयारी मरम्मत योग्य भवनों की मरम्मत कराने शाला प्रवेशोत्सव की कार्य योजना, स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशों का पालन एवं शाला त्यागी/अप्रवेशी बच्चों का सर्वे चिन्हाकन की अद्यतन स्थिति पर व्यापक चर्चा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।स्वास्थ विभाग को मानसून से पूर्व तैयारी मलेरिया, डेंगू, सिकलसेल का जांच, मौसमी बीमारियों से बचाव एवं दवाईयों की समुचित उपलब्धता, पहुंच विहिन क्षेत्रों में दवाईयों की आपूर्ति एवं स्वास्थ्य विभाग की कार्ययोजना की समीक्षा किया गया।मनरेगा के कार्यो मे नागरिक सूचना पटल की अद्यतन स्थिति लापरवाह कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। नियद नेल्लानार योजना के तहत चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिएं नक्सल पीड़ित परिवारों को पुनर्वास नीति के तहत मुआवजा प्रदान की कार्यवाही को तत्परता के साथ निराकृत करने को कहा।बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन के तहत बाढ़ प्रभावित चिन्हाकिंत क्षेत्रों में उपलब्ध मोटर वोट की स्थिति, स्थानीय गोताखोरों की सूची, मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूकता, अंदरूनी एवं पहुंच विहिन क्षेत्रों में एक मुस्त खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करने, हाट बाजारो की नियमित स्वच्छता, भैमगढ़ एवं बीजापुर जल प्रदाय योजना के कार्यों मे तेजी लाने में निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को दिया।

माहवारी स्वच्छता पर सामुदायिक जागरूकता अभियान

बीजापुर, 31 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में 15 से 30 मई तक जिले में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस पखवाड़े के दौरान, ब्लॉक भैरमगढ़, उसूर, भोपालपटनम और बीजापुर में महिला एवं बाल विकास विभाग और बीजादूतीर के संयुक्त तत्वाधान में रेड डॉट चैलेंज के अंतर्गत माहवारी स्वच्छता पर विभिन्न गांवों में सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।इन बैठकों में उपस्थित ग्रामीण महिलाओं और किशोरियों के साथ-साथ माहवारी जैसे संवेदनशील विषय पर पुरुषों की सहभागिता के बारे मे चर्चा किया गया । सैनिटरी पैड के उपयोग और उनके सुरक्षित निष्पादन के बारे में जानकारी दी गई। किशोरियों को शुरुआती माहवारी के दिनों में होने वाले मानसिक तनाव से निपटने के तरीके भी बताए गए और परिवार के सदस्यों को इस दौरान किशोरियों को सहयोग करने और पोषण संबंधी जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। माहवारी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, जैसे संक्रमण से बचने के लिए पैड को हर 4-6 घंटे में बदलना, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना, नियमित रूप से स्नान करना और जननांगों की स्वच्छता बनाए रखना। माहवारी के शुरुआती दिनों में किशोरियों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है, ऐसे में परिवार के सदस्यों को उनका सहयोग करना चाहिए। माहवारी के दौरान स्वच्छता अत्यंत आवश्यक है इससे माहवारी के दौरान होने वाली विभिन्न स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों से बचा जा सकता है साथ ही यदि किसी भी प्रकार की खुजली, जलन या असहजता होती है।

थाना बीजापुर एवं उसूर की अलग-अलग कार्रवाई,16 सक्रिय माओवादी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बीजापुर, 31 मई। जिले में चलाये जा रहे माओवादी बंद के दौरान क्षेत्र में गश्त सर्चिंग कार्यवाही के दौरान दिनांक 28/05/2024 को थाना बीजापुर क्षेत्रान्तर्गत गोरना- पड़ियापारा एवं डीआरजी बीजापुर के द्वारा शासन विरोधी एवं बंद के आह्वान के पाम्पलेट बैनर के साथ 11 माओवादी एवं थाना उसूर, कोबरा 205, केरिपु 196 के बल द्वारा भुसापुर के जंगल से 05 मिलिशिया सदस्य को पकड़ा गया । पकड़े गये माओवादी लम्बे समय से माओवादी संगठन में सक्रिय रूप से कार्यरत थे । 1. लक्खू कुरसम ऊर्फ सुक्कु ऊर्फ एंका लक्खू (डीएकेएमएस सदस्य)पिता पोरिया कुरसाम उम्र 42 वर्ष निवासी मनकेली सरपंचपारा थाना बीजापुर । वर्ष 1998 से माओवादी संगठन में सक्रिय है । 2. शंकर कुरसम ऊर्फ बुधु कुरसम(मूलवासी बचाओ मंच सदस्य) पिता भीमा कुरसम उम्र 26 वर्ष निवासी मनकेली पटेलपारा थाना बीजापुर । वर्ष 2016 से सक्रिय है ।3. मन्नू कुरसम(मनकेली आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य) पिता कोईया कुरसम उम्र 22 वर्ष निवासी मनकेली पटेलपारा थाना बीजापुर । वर्ष 2007 से माओवादी संगठन में सक्रिय है ।4. चैतु कुरसम (मनकेली आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य)पिता बुधरू कुरसम उम्र 32 वर्ष निवासी मनकेली पटेलपारा थाना बीजापुर । वर्ष 2003 से माओवादी संगठन में सक्रिय है ।5. सोमा कुरसम (मनकेली आरपीसी मिलिशिया प्लाटून सदस्य) पिता बोज्जा कुरसम उम्र 48 वर्ष निवासी मनकेली पटेलपारा थाना बीजापुर । वर्ष 1998 से माओवादी संगठन में सक्रिय है ।6. कमलेश कुरसम (मनकेली आरपीसी भूमकाल मिलिशिया सदस्य) पिता कोईमा कुरसम उम्र 31 वर्ष निवासी मनकेली पटेलपारा थाना बीजापुर । वर्ष 2021 से माओवादी संगठन में सक्रिय है ।7. महेश सोढ़ी (मनकेली आरपीसी भूमकाल मिलिशिया सदस्य) पिता बामन सोढी उम्र 20 वर्ष निवासी मनकेली सरपंचपाना थाना बीजापुर । वर्ष 2020 से माओवादी संगठन में सक्रिय है ।8. सन्नू कुरसम (मनकेली आरपीसी भूमकाल मिलिशिया सदस्य) पिता सोमलू कुरसम उम्र 26 वर्ष निवासी मनकेली पटेलपारा थाना बीजापुर । वर्ष 2005 से माओवादी संगठन में सक्रिय है ।9. आयतु कुरसम(मनकेली आरपीसी भूमकाल मिलिशिया सदस्य) पिता स्वव्भारा कुरसम उम्र 46 वर्ष निवासी गोरना पटेलपारा थाना बीजापुर । वर्ष 2010 से माओवादी संगठन में सक्रिय है ।10. मंगल ऊर्फ पाण्डू मड़कम (मनकेली आरपीसी भूमकाल मिलिशिया सदस्य) पिता स्व0 सन्नू मड़कम उम्र 45 वर्ष निवासी गोरना मेटापारा थाना बीजापुर । वर्ष 2016 से माओवादी संगठन में सक्रिय है ।11. रमेश कुरसम ऊर्फ गुड्डू (मनकेली आरपीसी भूमकाल मिलिशिया सदस्य) पिता स्व0 राजू कुरसम उम्र 32 वर्ष निवासी गोरना पटेलपारा थाना बीजापुर । वर्ष 2007 से माओवादी संगठन में सक्रिय है ।12. मड़कम आयता पिता देवा मड़कम उम्र 22 वर्ष निवासी स्कूलपारा भुसापुर थाना उसूर, पदनाम - मिलिशिया सदस्य, । वर्ष 2019 में माओवादी संगठन में सक्रिय है । 13. मड़कम मंगडू पिताजोगा उम्र 28 निवासी स्कूलपारा भुसापुर, थाना उसूर, पदनाम - मिलिशिया सदस्य । वर्ष 2016 से माओवादी संगठन में सक्रिय है ।14. पोदिया पूनेम पिता पाण्डु उम्र 21 वर्ष निवासी पटेलपारा भुसापुर, थाना उसूर, पदनाम- मिलिशिया सदस्य । वर्ष 2021 से माओवादी संगठन में सकिय है ।15. मड़कम लखमा पिता हिड़मा उम्र 25 वर्ष निवासी स्कूलपारा भुसापुर थाना उसूर, पदनाम- मिलिशिया सदस्य, । वर्ष 2016 से माओवादी संगठन में सक्रिय है ।16. पोड़ियाम मुडा पिता पावा उम्र 22 वर्ष निवासी स्कुलपारा भुसापुर थाना उसूर , पदनाम - मिलिशिया सदस्य । वर्ष 2018 से माओवादी संगठन में सक्रिय है । गोरना -पड़ियारपारा से पकड़े गए 11 माओवादी क्षेत्र मे मार्ग अवरूद्ध करने, आईईडी प्लांट करने, शासन विरोधी पम्पलेट, बैनर लगाने की घटना मे शामिल है । भुसापुर से पकड़े गये माओवादी थाना उसूर क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 19/04/2024 को गलगम से एरिया डॉमिनेशन पर निकली पुलिस पार्टी पर आईईडी ब्लास्ट करने की घटना, दिनांक 25/05/2024 को नड़पल्ली नाला के पास आईईडी प्लांट करने, एवं दिनांक 25/05/2024 को सीतापुर- उसूर के मध्य रोड काटने, शासन विरोधी पाम्प्लेट बैनर लगाने की घटना में शामिल थे ।उक्त माओवादियों के विरूद्ध थाना कोतवाली एवं उसूर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है ।

बाढ़ नियंत्रण कक्ष के सुचारू संचालन के लिए बाढ़ नियंत्रण अधिकारी नियुक्त

बीजापुर 31 मई । बाढ़ नियंत्रण कक्ष के सुचारू रूप से संचालन हेतु जिला एवं तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसके अंतर्गत श्री कैलाश वर्मा संयुक्त कलेक्टर को जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण अधिकारी नियुक्त किया गया है जिसका मोबाइल नम्बर 9981218000 एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 07853-220291/7587291848 इसी तरह तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण अधिकारी तहसील बीजापुर हेतु श्री दुकालू राम ध्रुव तहसीलदार बीजापुर जिनका मोबाइल नम्बर 9343325429 एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 9343325429, श्री मोहनलाल साहू नायब तहसीलदार भैरमगढ़ मोबाइल नम्बर 8966850356, श्री सूर्यकांत धरत नायब तहसीलदार भोपालपटनम एवं उसूर (अति. प्रभार) मोबाइल नम्बर 9479108608, श्री विरेन्द्र श्रीवास्तव नायब तहसीलदार कुटरू मोबाइल नम्बर 6261670148 एवं श्री लोकेश कुमार ठाकुर नायब तहसीलदार गंगालूर मोबाइल नम्बर 9971396872 को नियुक्त किया गया है। जन साधारण उक्त अधिकारी से उनके मोबाइल नम्बर एवं बाढ़ नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर पर बाढ़ की स्थिति तथा बचाव एवं राहत के लिए संपर्क कर सकते हैं।

कलेक्टर ने किया जिला अस्पताल एवं सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें, ऑक्सीजन प्लांट को शीघ्र प्रारंभ कराने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बालोद, 31 मई। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज जिला चिकित्सालय बालोद एवं अस्पताल परिसर में स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिला अस्पताल के ओपीडी कक्ष, पोषण पूनर्वास केन्द्र सहित विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया। चन्द्रवाल ने ओपीडी कक्ष में पहुँचकर मौके पर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों से अस्पताल में ईलाज हेतु प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने डॉक्टरों एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया। उन्होंने डॉक्टरों एवं कर्मचारियों को समय पर अपने कार्य में उपस्थित होने तथा निर्धारित समयावधि तक अपने कार्य का सम्पादन करने के निर्देश दिए। जिससे कि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. आर.के.श्रीमाली को अस्पताल के सभी अधिकारी, कर्मचारियों का बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने डॉक्टरों के ड्यूटी चार्ट को ओपीडी कक्ष में चस्पा भी करने के निर्देश दिए। जिससे कि मरीजों को संबंधित डॉक्टरों की उपस्थिति के संबंध में पता चल सके।

इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित तीनों ऑक्सीजन प्लांट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बंद पड़े तीनों ऑक्सीजन प्लांट को शीघ्र शुरू करने के निर्देश भी दिए, जिससे मरीजों को इसका लाभ मिल सके। कलेक्टर ने अस्पताल परिसर में स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर के बगल में कोरोना काल के दौरान स्थापित किए गए, आइसोलेशन सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इस आइसोलेशन सेंटर को कुपोषित बच्चों के लिए पोषण पूनर्वास केन्द्र बनाने के निर्देश भी दिए। जिसमें गंभीर कुपोषित बच्चों का समुचित उपचार किया जा सके। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इसके लिए जरूरी सुविधा मुहैया कराने के निर्देश भी दिए। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने अस्पताल परिसर में स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित सखी वन स्टॉप सेंटर के प्रशासक एवं कर्मचारियों से सखी वन स्टॉप सेंटर में संचालित गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल सखी वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारियों को महिलाओं से संबंधित मामलों का पूरी संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने तथा उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने सखी वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से बाउण्ड्रीवॉल के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश भी निर्माण एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारियों को दिए। इस दौरान एस.डी.एम. शीतल बंसल, जिला कार्यक्रम अधिकारी विपीन जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को प्रदान किया कूलर

तिल्दा-नेवरा, 31 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ द्वारा सामुदायिक स्वास्थ केंद्र तिल्दा में जम्बो कूलर प्रदान किया गया है। भीषण गर्मी को देखते हुए शीतल हवा के लिए कूलर भेंट किए गए। अल्ट्रा टेक सीमेंट बैकुंठ के राहुल देव महतो ने बताया कि वार्ड में भर्ती गर्भवती महिलाओं की सेवा के उद्देश्य से यह का कूलर भेंट किए गए है। डाक्टर ऊमा पैकरा ,डाक्टर आशीष सिन्हा अल्ट्रा टेक सीमेंट बैकुंठ की डाक्टर गौरी आधुलिया उपस्थित रहे डाक्टर ऊमा पैकरा ,डाक्टर आशीष सिन्हा ने अल्ट्रा टेक सीमेंट बैकुंठ को कूलर प्रदान करने के समस्त सामुदायिक स्वास्थ केंद्र तिल्दा परिवार की तरफसे धन्यवाद दिया है।

कलेक्टर ने किया पड़कीभाट में तालाब गहरीकरण कार्य एवं बीज विकास निगम कार्यालय का निरीक्षण

बालोद, 31 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम पड़कीभाट में पहुँचकर तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से तालाब के किनारे कम पानी में पनपने वाले तथा मिट्टी के कटाव रोकने वाले पौधों का रोपण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को तालाब को सुंदर पार्क के रूप में विकसित करने को कहा। चन्द्रवाल ने जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम झलमला के घोटिया चैक में स्थित बीज विकास निगम के कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बीज विकास निगम में 24 हजार क्विंटल धान के भण्डारण के लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए तथा भण्डारण हेतु शेष रह गए समितियों के संबंध में भी जानकारी ली। चन्द्रवाल ने अधिकारियों से बीज विकास निगम में उपलब्ध धान के किस्म के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने बीज विकास निगम में स्वर्णा, महामाया, एमटीयू आदि धान के किस्म उपलब्ध होने की जानकारी ली। इस दौरान जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं बीज विकास निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

जिपं सीईओ ने गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में पहुँचकर जल संरक्षण के कार्यों का किया अवलोकन

बालोद, 31 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने आज गुरूर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में पहुँचकर जल संरक्षण पखवाड़ा के अंतर्गत ग्रामीणों के घरों में बनाए जा रहे सोख्ता गड्ढा के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को पानी के महत्व एवं उपयोगिता की जानकारी देते हुए अपने-अपने घरों में सोख्ता गड्ढा का निर्माण कर जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ. कन्नौजे ने ग्राम अरमरीकला में पहुँचकर सोख्ता गड्ढा के निर्माण का अवलोकन किया और रेत एवं गिट्टी डालकर सोख्ता गड्ढा निर्माण हेतु श्रमदान भी किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम बोढ़रा, अरमरीकला एवं गंगोरीपार में तालाब निर्माण के कार्य का भी अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से निर्माण कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए।

एक नजर

80 लीटर हाथभट्ठी कच्ची महुआ शराब सहित आरोपी गिरफ्तार, बाइक जब्त

बलौदाबाजार, 31 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। एल/कलेक्टर के.एल चौहान के निर्देश पर जिले में अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं परिवहन पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिस तारतम्य में आज गस्त के दौरान कसडोल क्षेत्र के थाना गिधौरी अन्तर्गत ग्राम हसुआ बलौदा में टीम द्वारा 320 पाउच (प्रत्येक 250 मि.ली. लगभग) कुल मात्रा 80 ब.ली.महुआ मदिरा आरोपी द्वारा मोटर सायकल में परिवहन करते हुये पकड़ा गया तथा 80 ब.ली.महुआ शराब के साथ मोटर सायकल को को भी विभाग द्वारा जब्त किया गया है। आरोपी शिवा गोंड पिता शंकर गोंड निवासी ग्राम हसुआ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2), 59 (क) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। कार्रवाई के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक मोतिन बंजारे, आबकारी मुख्य आरक्षक सूर्यकांत वर्मा, नगर सैनिक दुर्गेशवरी कुर्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त जानकारी जिला आबकारी अधिकारी एल.के.गायकवाड़ के द्वारा दी गई है। उन्होंने साथ ही कहा की आगे भी अवैध मदिरा परिवहन, धारण चौर्यनयन के विरूद्ध सख्त जारी रहेगी।

वाहन किराया पाने 6 जून तक जमा करें लॉग बुक सहित अन्य जरूरी दस्तावेज

बलौदाबाजार, 31 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान निर्वाचन कार्य संपादन हेतु विभिन्न प्रकार के बस एवं चार पहियां वाहन अधिग्रहण किया गया था। जिसका किराया भुगतान करने हेतु बिल (देयक) तैयार किया जाना है। जिसके लिये अधिकृत वाहनों का लॉगबुक एवं वाहन मालिक का बैंक खाता की जानकारी के साथ आर सी और आधारकार्ड एवं पैनकार्ड की छायाप्रति उप जिला निर्वाचन कार्यालय बलौदाबाजार भाटापारा में जमा किया जाना है।जिसकी अंतिम तिथी 6 जून है।

नशीली गोलियों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

पूर्व में भी आरोपी नशीली गोली की तस्करी में जा चुके हैं जेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बालोद, 31 मई। पुलिस पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक बालोद एस.आर. भगत के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोद अशोक कुमार जोशी एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बालोद देवांश सिंह राठौर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय को क्षेत्र में युवाओं के द्वारा लगातार नशीली दवाईयों की सेवन करने की शिकायत लगातार मिलने से वरिष्ठ अधिकारीयों के द्वारा कार्यवाही करने हेतु मार्गदर्शन देकर निर्देशित किया गया।

जिसके परिपालन में लगातार टीम बनाकर अवैध नशीली दवाई का बिक्री करने वाले तस्करो के लिये मुखबीर तैनात किया गया था कि दिनांक 29.05.2024 को सूचना मिला कि ग्राम पडकीभाठ बायपास रोड की ओर 02 व्यक्ति एक मोटर सायकल क्रमांक छत्त24स्त्र7028 में अधिक मात्रा में नशीली दवाई रखे है तथा उसे बेंचने खपाने के लिए ग्राहक का तलाश कर रहे है कि सूचना पर ग्राम पडकीभाठ बायपास रोड में तांदुला नदी पुल के ऊपर 02 व्यक्ति खडे दिखे जिन्हे संदेह के आधार पर उनके पास जाकर उनका नाम पता पूछने पर अपना अपना नाम विश्वपति गोराई तथा धर्मेन्द्र यादव बालोद निवासी होना बताया तथा मोटर सायकल में रखे दो सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में भरे हुए वस्तु के संबंध में तथा खड़े होने के सबंध में पूछने पर गोल मटोल कर जवाब देने लगा जो संदेह उत्पन्न होने पर दोनो व्यक्ति के पास रखे (खुद के) मोटर सायकल क्रमांक छत्त24स्त्र7028 में रखे 02 सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी को बारी बारी खोलकर तलाशी लिया गया जो एक बोरी में काला ब्राउन रंग के कार्टून में भरा हुआ (1) ALPRAZOLAM TABLETS v2 पैकेट (2) ALPRAZOLAM TABLETS -07 पैकेट (3) TRAMADOL9 CAPSULS- 21 पैकेट मिला तथा दूसरे सफेद रंग की बोरी को खोलने पर उसके अंदर काला भूरा नीला रंग के दो कार्टून में भरा हुआ TRAMADOL CAPSULS- 72 पैकेट मिला जिसे मौके पर तौल कराने पर मादक पदार्थ नशीली टेबलेट एवं कैप्सूल का जुमला वजन 10.718 किलो ग्राम होना जिसकी कीमती 144300 रु एवं मोटर सायकल क्रमांक सीजी-24-एफ-7028 की कीमती 20000 रू कुल जुमला रकम 164300 रू को जप्त कर कब्जा पुलिस लेकर आरोपी विश्वपति गोराई एवं धर्मेन्द्र यादव के विरूद्ध थाना बालोद में अपराध क्रमांक 290/2024 धारा 22 (सी) एन.डी. पी.एस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा रहा है।

उक्त अवैध मनःप्रभावी पदार्थ की रेड कार्यवाही में थाना बालोद के निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय, सउनि धरम भुआर्य, प्र.आर. संदीप बंजारे, हरीशचंद्र सिन्हा, आरक्षक भोपसिंह साहू, मोहन कोकिला, धनेश्वर साहू, सायबर सेल से मिथलेश यादव एवं औषधी निरीक्षक दीपीका चुरेन्द्र का महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

शासकीय विद्यालय सरोरा का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



तिल्दा नेवरा, 31 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। शासकीय विद्यालय सरोरा तिल्दा में 93.5ब प्राप्त करकक्षा 10वी में पायल रही प्रथम स्थान पर भुनेश्वर पिता मोहान लाल और धनंजय पिता प्रदीप वर्मा ने 84.8ब कक्षा 12वी में प्रथम स्थान पर रहे(कक्षा 12वी में भुनेश्वर पिता मोहान लाल और धनंजय पिता प्रदीप वर्मा ने 84.8ब प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान पाने में सफ्ल रहे।कु .हिना पिता बुधु साहू और कु.भावना पिता रमेश वर्मा 84ब प्राप्त कर द्वितीय स्थान पर है कु. पूर्णिमा पिता रमेश यादव 77.8ब्प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान पाने में सफ्ल रही।वही कक्षा 10वी मे कु. पायल बंजारे पिता भागीरथी बंजारे ने 93.5ब्प्रथम, जया साहू पिता आत्मा साहू 91.6ब्द्वितीय, प्रभा साहू पिता दीनदयाल 89.8ब तृतीय स्थान में रही। शाला के प्राचार्य अनिल वर्मा, ग्राम पंचायत सरोरा के सरपंच बिहारी लाल वर्मा, जनपद रेख राम देवांगन उपसरपंच राकेश ठाकुर पंच हरीश साहू, शिक्षकगण टी .एस. बंछेर, एस सरिता, निर्मला सोनी, राजेश मारकडे, कु. निर्मला, रामेश्वर वर्मा, सुधा गोरवामी, पद्मावती रेड्डी, प्रज्ञा यादव, सत्यनारायण यादव, अंजली, अनिल साहू, लक्ष्मी साहू, दुर्गा वर्मा, विनोद संतवानी, खोरबहरा निषाद, वंदना उइके, धीरज कुमार, हेमू, काजल ने बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की है।

शराब के नशे में वाहन से ठोकर मारने वाला गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 31 मई। भाटापारा शहर पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाकर एक्सीडेंट करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार आरोपी द्वारा शराब पीकर कार चलाते हुए बस स्टैंड भाटापारा में एक्सीडेंट कर दो वाहनों को ठोकर मारते हुए एक आदमी को गंभीर रूप से चोट पहुंचाया गया आरोपी के विरुद्ध धारा 279, 337 भादवि एवं 185 स्क्क्ष्ह्ल के तहत कार्रवाई कर वाहन को जप्त किया।

मिली जानकारी के अनुसार बीती रात्रि 08:30 बजे एक वाहन चालक द्वारा तेजी एवं लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए शहर के बस स्टैंड में रोड किनारे खड़े हेक्टर कार क्र. छ्त29.8359 एवं मारुति ईको क्र. छ्त22ब्क762 को ठोकर मार दिया गया है, जिससे एक आदमी को गंभीर रूप से चोट आया है, रितेश मिश्रा प्रभारी यातायात एवं थाना भाटापारा शहर पेट्रोलिंग टीम द्वारा तत्काल घटना स्थल पहुंचकर घायलों को तत्परतापूर्वक अस्पताल पहुंचाया गया एवं आरोपी को उसके वेन्यू कार क्र. छ्त09 ह्रक्क8888 सहित पकड़कर थाना भाटापारा शहर लाया गया। प्रकरण में प्रार्थी चंदू वर्मा की रिपोर्ट पर धारा 279, 337 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवं आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में शहर पुलिस द्वारा आरोपी कार चालक से पूछताछ किया गया, जिसमें उसने अपना नाम संजय चंद्रवंशी वर्तमान निवासी जीएडी कॉलोनी सिमगा बताया। तत्पश्चात आरोपी का शराब सेवन कर कार चलाने के अदेशा पर से आरोपी का तत्काल मेडिकल मुलाहिजा कराया गया, जिसमें आरोपी कार चालक द्वारा शराब सेवन कर लापरवाही एवं खतरनाक ढंग से कार चलते हुए सड़क किनारे खड़ी आशीष जायसवाल एवं रंजीत नामदेव की कार एवं अन्य वाहनों को ठोकर मारकर एक आदमी को गंभीर चोंट पहुंचाया प्रकरण में आरोपी के विरुद्ध पृथक से धारा 185 MV Act भी जोडकर कार्रवाई करते हुए कार जप्त किया गया है। पूछताछ पर यह भी पता चला कि आरोपी शासकीय कर्मचारी है तथा मत्स्य विभाग सिमगा में निरीक्षक के पद पर पदस्थ है। कि प्रकरण में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर कार्यवाही किया जा रहा है। टी.आई.योगिताबाली खापर्डे ने बताया एक्स रे रिपोर्ट आने के बाद और धाराएं जोडी जायेगी

आरोपी का नाम वेन्यू कार क्र. सीजी-09-जेएल-6888 का आरोपी चालक- संजय चंद्रवंशी पिता तारिणी चंद्रवंशी उम्र 33 साल निवासी पंडरिया तहसील पंडरिया जिला कबीरधाम हाल निवासी जीएडी कॉलोनी सिमगा है।

लोकसभा निर्वाचन : कलेक्टर ने मौके पर वन-टू-वन चर्चा कर नोडल अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया मतगणना केंद्र का जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 31 मई। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए संसदीय क्षेत्र जांजगीर चांपा उपक्षेत्र विधानसभा कसडोल एवं रायपुर अंतर्गत उपक्षेत्र विधानसभा बलौदाबाजार एवं भाटापारा के मतों की गणना करने नवीन मंडी परिसर में स्थापित सीलबंद स्ट्रांग रूम 04 जून को मतगणना के दिन सुबह आब्जर्वर, रिटर्निंग आफिसर और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोले जायेंगे। स्ट्रांग रूम से ही ईव्हीएम मशीनों की कंट्रोल यूनिट मतगणना कक्ष तक पहुंचेगी और आठ बजे से मतों की गणना प्रारंभ होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने आज यहां जिला मुख्यालय स्थित मतगणना केंद्र नवीन मंडी परिसर में पहुंचकर 04 जून को होने वाली मतगणना हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मतगणना हेतु की जाने वाली आवश्यक व्यवस्था को लेकर संबंधित नोडल अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा करते हुए दिशा-निर्देश दिए। चौहान ने मतगणना की प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए मतगणना स्थल की संपूर्ण व्यवस्था, ईवीएम से मतों की गणना हेतु बनाए गए विधानसभावार कक्ष, टेबुलेशन आदि कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उन्होंने पर्याप्त संख्या में टेन्ट, बेरिकेडिंग, फर्नीचर, मीडिया सेंटर स्थापित करने, इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं टेलीफोन व्यवस्था, साफ सफाई, अग्निशमन, पानी टैंक की व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग के लिए स्थान आरक्षित करने तथा संबंधित अधिकारियों को स्टेशनरी प्रपत्र, आवश्यक सामग्री, फोटोग्राफी मशीन, कंप्यूटर, प्रिंटर, स्केनर, ऑपरेटर, लाइट व साउंड सिस्टम सहित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्धारित स्थान पर कंट्रोल यूनिट से मतगणना हेतु टेबल कुर्सी लगाने तथा अभ्यर्थियों के एजेंट को बैठने हेतु कुर्सियां लगाने एवं जालीदार बेरीकेडिंग के निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना कक्ष में वीवीपैट से गणना हेतु बनाए गए वीवीपैट काउंटिंग बूथ को निर्धारित स्थान पर बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रेक्षक, रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी की बैठक व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने निर्देशित किया कि मतगणना कक्ष तक ईवीएम का परिवहन करने वाले कर्मचारियों को निर्धारित स्थान पर पहुंचने में किसी प्रकार की समस्या न हो इसके स्ट्रांग रूम से विधानसभा वार बैरिकेडिंग तैयार की जाए और विधानसभावार ईवीएम परिवहन करने वाले कर्मचारियों को आई कार्ड देकर अलग-अलग रंगों वाले टी-शर्ट प्रदान कर उनकी ड्यूटी लगाई जाए।

कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों के अभ्यर्थियों की बैठक

लोकसभा निर्वाचन 2024 अतंर्गत 04 जून को होने वाले मतगणना को लेकर आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने चुनाव लड़ रहे सभी अभ्यर्थियों एवं उनके अधिकृत राजनीतिक दल के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना स्थल पर किये गये व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुये बताया कि नवीन मंडी परिसर में मतगणना स्थल पर प्रवेश के लिए अधिकृत प्रवेश पत्र की व्यवस्था की गई है। मतगणना परिसर पर बिना पास के प्रवेश नही दी जायेगी। मतगणना कक्ष पर मोबाइल सभी के लिए वर्जित है। मतगणना स्थल पर सम्पूर्ण गतिविधियों की वीडियो रिकार्डिंग की जायेगी। प्रत्याशी, मतगणना एजेंट, मतगणना कर्मी सहित किसी भी अधिकारी या कर्मचारी या मीडिया प्रतिनिधि मतगणना स्थल में मोबाइल फोन सहित कोई भी इलेक्ट्रानिक गैजेट, स्मार्ट वॉच, पेन ड्राइव, पेन, तम्बाकू, पान, सिगरेट नहीं ले जा सकेंगे। आयोग द्वारा प्रदत्त प्राधिकारपत्रधारी मीडिया प्रतिनिधियों के लिए मतगणना केन्द्र में एक मीडिया सेंटर भी होगा। जबकि विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्ष में प्रवेश हेतु निर्वाचन अभिकर्ताओं को पास के आधार पर प्रवेश दी जाएगी। कलेक्टर के एल चौहान ने बताया कि गणना कक्ष में अभिकर्ताओं के लिए बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है जिसमें प्राथमिकता अनुसार मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों के अभ्यर्थियों के अभिकर्ता, मान्यता प्राप्त राज्य दलों के अभ्यर्थियों के अभिकर्ता, अन्य राज्यों के मान्यता प्राप्त राज्य दलों के अभ्यर्थियों के अभिकर्ता जिन्हें आरक्षित प्रतीक के उपयोग की अनुमति प्राप्त हो। पंजीकृत अमान्यता प्राप्त दलों के अभ्यर्थियों के अभिकर्ता, निर्दलीय अभ्यर्थियों के अभिकर्ता बैठेंगे। गणना हाल में अभिकर्ता आबंटित टेबल पर बैठेंगे। गणना परिसर में आरओ/प्रेक्षक के अतिरिक्त मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति किसी को नहीं होगी। अभिकर्ताओं को हाल में घूमने की अनुमति नहीं होगी।

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.- 202405092300033-
34/74 वर्ष 2023-24

ईश्तहार

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक परमानंद साहू पिता हिरदेराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम छोटेकुसमी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने पुत्री शैलेष्वरी साहू पिता परमानंद साहू जाति तेली की जन्म दिनांक 24.01.2005 को ग्राम छोटे कुसमी में हुआ है। जिसका ग्राम पंचायत के जन्म/मृत्यु पंजी में मृत्यु दर्ज नहीं कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने पुत्री शैलेष्वरी साहू पिता परमानंद साहू जाति तेली की जन्म दिनांक 24.01.2005 को ग्राम छोटेकुसमी में दर्ज करने आवेदन पत्र, अनुलग्नता प्रमाण पत्र की प्रति पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 14.06.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.अ-6 अ 2024
ग्राम-ताल्म
पटवारी हल्का नंबर 27

ईश्तहार

ग्राम ताल्म के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वसवंत आ. अहिरिस जाति गोंड निवासी सिबी तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम ताल्म 27 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर ई. 51, 52, 27, 28/1 कल रकबा 0.267, 0.251, 1.619, 1.392 हे. एकड़ / हेक्टे. भूमि की शासकीय भूमि दर्ज हो गया है जिसे विलोपित कर भूमि स्वामी के नाम पर दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी भी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 07/6/24 समय 11 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दवा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/5/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
मुंगेली

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202404092100048

विषयः- अ-6 अ
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्:- 2023-2024
नागरताई (प.ह.नं. 00021),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-पुरूषोत्तम,
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुरषोत्तम पिता स्व. पंचूराम जाति लोधी, निवासी ग्राम नागरताई, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (ड्ढ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि आवेदक के स्वामित्व व अधिपत्य की कृषि भूमि खसरा नम्बर क्रमशः 311/4, 322, 540/5 रकबा क्रमशः 0.09, 0.20, 0.55, कुल रकबा 0.84 एकड़ ग्राम नागरताई पटवारी हल्का नम्बर 15, रा.नि.म. डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़, जिला. राजनांदगांव में स्थित है। आवेदक के उपरोक्त वर्णित खाते में आवेदक का नाम परसुराम पिता स्व. पंचूराम दर्ज है, परन्तु आवेदक का वास्तविक नाम पुरषोत्तम है आवेदक के माता-पिता उनके बचपने में बढ़ोता नाम के रूप में परसु, परसु के रूप में पुकारता था। आवेदक के अन्य सभी कागजातों आधार कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता सूची एवं अन्य दस्तावेजो में उनका मूल नाम पुरषोत्तम के रूप में दर्ज चला आ रहा है जो वास्तविक रूप से सत्य एवं सही है। आवेदक का मूल नाम उनके राजस्व अभिलेख में दर्ज नही होकर उनका बढ़ोता नाम परसुराम दर्ज है जिसे सुधार करवाया जाकर उनका मूल नाम पुरषोत्तम पिता पंचूराम के रूप में राजस्व अभिलेख में सुधार किया जाकर दर्ज करवाया जाना न्यायोचित हो गया है। आवेदक अपने राजस्व अभिलेख में त्रुटिपूर्ण नाम परसुराम का सुधार किया जाकर उनका मूल नाम पुरषोत्तम पिता पंचूराम दर्ज करवाना चाहता है। आवेदक के नाम पर स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर क्रमशः 311/4, 322, 540/5 रकबा क्रमशः 0.09, 0.20, 0.55, कुल रकबा 0.84 एकड़ ग्राम नागरताई, पटवारी हल्का नम्बर 15, रा.नि.म. डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव में स्थित है के राजस्व अभिलेख में त्रुटिपूर्ण नाम परसुराम को सुधार किया जाकर उनके नाम पर उसका मूल नाम पुरषोत्तम उर्फ परसुराम पिता स्व. पंचूराम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 21.06.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त उपरा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय से आज दिनांक 28/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

एक नजर

रक्तदान शिविर का आयोजन

रायपुर 31 मई। आईसीएमएआई-रायपुर चैप्टर, आर-7 सेक्टर-2, अवंती विहार, रायपुर मे किया गया जिसमें सीएमए के विद्यार्थी, सीएमए क्रॉलिफेड प्रोफेशनल एवं अन्य समिति के सदस्यों द्वारा रक्त दान कर अपना सहयोग दिया शिविर में मुख्य अतिथि के रुप मे सीएमए अरिदम गोस्वामी रिजनल वाइस चेयरमैन उपस्थित रहे एवं समस्त रक्त दान दाताओं को धन्यवाद के साथ प्रमाण पत्र भी प्रदान किया चर्चा के दौरान रक्त दान के लाभ की भी जानकारी दी गई। आपका दान सुनिश्चित करता है कि सर्जरी, आपात स्थिति और पुरानी बीमारियों वाले लोगों के लिए रक्त उपलब्ध हो रक्तदान करने से दानकर्ता की भी हानिकारक लौह भंडार कम करता है साथ ही कैंसर का खतरा को घटाता है और हृदय स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद मिल सकती है। रक्त दान प्रत्येक व्यक्ति जो 18-65 वर्ष की आयु का हो और वजन कम से कम 50 किलो हो रक्त दान कर सकता है उपरोक्त सभी जानकारी सीएमए सौरभ दास सेक्रेटरी रायपुर चैप्टर द्वारा दी गई।

राजस्व को 2.5 गुना बढ़ाकर 5,000 करोड़ रुपए करने का लक्ष्य

रायपुर 31 मई। भारत की प्रमुख इको-फ्रेंडली पेंट कंपनी और 24 अरब यूएस डॉलर वाले जेएसडब्ल्यू समूह का हिस्सा जेएसडब्ल्यू पेंट्स ने पिछले वित्तीय वर्ष में 3त्न से अधिक (लगभग 67 करोड़ रुपए) के एबिटा मार्जिन के साथ अपना पहला पूर्ण वर्ष परिचालन लाभ दर्ज किया। यह जेएसडब्ल्यू पेंट्स को सबसे कम अवधि में परिचालन लाभ दर्ज करने वाली पहली और सबसे युवा भारतीय पेंट्स कंपनी बनाता है। उद्योग में अपनी 10 गुना से अधिक विकास दर दर्ज करते हुए कंपनी का सकल राजस्व 2,000 करोड़ रुपए के लक्ष्य को पार कर चुका है। सकल राजस्व में वृद्धि को डेकोरेटिव पेंट और इंडस्ट्रियल कोटिंग्स दोनों व्यवसायों से समर्थन मिला है। मौजूदा विकास दर को ध्यान में रखते हुए जेएसडब्ल्यू पेंट्स अगले दो वर्षों के भीतर (यानी वित्त वर्ष 2026 तक) 5,000 करोड़ रुपए के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रयासरत है। व्यवसाय में डेकोरेटिव पेंट्स सेगमेंट द्वारा महत्वपूर्ण बदलाव करके इसे मजबूती दी जाएगी। कंपनी ने आशीष रॉय को चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर-डेकोरेटिव नियुक्त किया है, जिन्हें यूनिलीवर जैसे वैश्विक संगठनों में डिस्ट्रीब्यूशन बिजनेस में दो दशकों से अधिक वर्षों का अनुभव है। आशीष जेएसडब्ल्यू पेंट्स में डेकोरेटिव पेंट्स बिजनेस में परिवर्तन और विकास का नेतृत्व करेंगे और लाभदायक टॉप लाइन डेवलपमेंट देंगे।

शराब दुकान के पास से बाइक पार

रायपुर, 31 मई । रावाभाठा ट्रांसपोर्ट नगर स्थित शराब दुकान के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीनानाथ साहू 26 वर्ष वार्ड 16 उरकुरा खमतराई का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएक्स 6981 को ट्रांसपोर्ट नगर रावाभाठा के शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 12 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से नकदी सहित हजारों रुपए के सामान पार

रायपुर, 31 मई। मेन रोड मोवा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 50 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुभाष पाल 48 वर्ष मेन रोड मोवा का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल दोपहर अज्ञात चोर ने प्रार्थी के सूने मकान के अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे नकदी 50 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 95 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 454, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

गांजा बेचते दो गिरफ्तार

रायपुर, 31 मई। मंदिरहसौद पुलिस ने दो अलग-अलग लोगों के पास से 11 किलो 396 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के टीम ने पुराना थाना के पास दबिश देकर गांजा बेचते आरोपी गुंजा कटारे 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 3 किलो 92 ग्राम गांजा जब्त किया है। वहीं दूसरे मामले में पुलिस के टीम ने सीआरपीएफ कैंप के पास बारादेरा मोड़ में दबिश देकर आरोपी धर्मेन्द्र टंडन 32 वर्ष के पास से 8 किलो 304 ग्राम गांजा जब्त किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

अवैध शराब बेचते दो गिरफ्तार

रायपुर, 31 मई। विधानसभा पुलिस ने अवैध शराब बेचते दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 43 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 440 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब बेचते आरोपी टिकेश यादव 30 वर्ष और प्रदीप साहू 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

सुपर कॉप की कुर्सी के लिए कवायद तेज

जीपी सिंह चार जून के बाद करेंगे पदभार ग्रहण, पवन देव, अरुण देव नए डीजीपी की कतार में

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 31 मई। छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पद के लिए अब महत्वाकांक्षी आईपीएस अधिकारियों ने सियासत के गलियारों में कवायद तेज कर दी है। वर्तमान डीजीपी अशोक जुनेजा को बार-बार सेवा वृद्धि दी जा रही है। इधर केंद्र सरकार ने कैट से जीतकर आए जीपी सिंह को भी पदभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा जो दिशा-निर्देश जारी किया गया है उसके अनुसार एडीजीपी पद पर कार्य करने का अनुभव 10 वर्ष होना चाहिए। इसके अलावा उसका ग्रेड डीजीपी के समकक्ष होना चाहिए। वर्तमान में डीजीपी प्रशासन अशोक जुनेजा की सेवा अवधि में वृद्धि की गई है। आचार संहिता के दौरान उन्हें पद से हटाने के लिए काफी दबाव बनाया गया था। जुनेजा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हैं इसलिए राज्य प्रशासन के अधिकारी मौन साधे हुए हैं। वर्तमान में पवन देव और अरुण देव महानिदेशक पद के सशक्त दावेदार हैं। तीसरे दावेदार के रूप में जीपी सिंह का नाम भी चर्चा में है। भारत शासन के केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशासन विभाग ने उनकी नियुक्ति को हरी झंडी दे दी है। लोकसभा के परिणाम 4 जून को घोषित किए जाएंगे। 5 जून को आचार संहिता समाप्त हो जाएगी। इसके पश्चात जीपी सिंह पदभार ग्रहण करेंगे। एडीजीपी स्तर के वे तीसरे अधिकारी होंगे।

छत्तीसगढ़ में नक्सली उन्मूलन अभियान में मिली सफलता का श्रेय वर्तमान डीजीपी अशोक जुनेजा को दिया जा रहा है। इस संबंध में राजनेताओं की अलग-अलग राय है। उनका कहना है कि ऐसे अनुभवी एवं वरिष्ठ अधिकारी की सेवाएं प्रदेश को लेनी चाहिए। लेकिन उनका कार्यकाल समाप्त हो चुका है। सेवा की अवधि बढ़ाई जा सकती है। उन्हें पुलिस महानिदेशक प्रशासन के पद से हटाकर होम गार्ड अथवा पुलिस हाउसिंग बोर्ड में पदस्थ किया जा सकता है। फिलहाल पुलिस महकमे में नई नियुक्ति के लिए सीएम ऑफिस में उठापटक तेज हो गई है। मुख्यमंत्री ही इसका अंतिम फैसला करेंगे।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास के लिए हर संभव प्रयास: शर्मा

रायपुर 31 मई। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास के लिए प्रदेश की विष्णुदेव सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस शासन में सड़कों का निर्माण रुका पड़ा था। उप-मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा है कि सरकार बनी तो मात्र 4 माह के अल्प समय में हमने नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 11 सड़कों का निर्माण पूर्ण कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि उप-मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा गृह मंत्री और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री भी हैं, और पहली बार इन विभागों की समन्वित रणनीतिक कार्यशैली नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कों के निर्माण कार्य को तेज गति से आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है। उप-मुख्यमंत्री श्री शर्मा का कहना है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क निर्माण में सबसे बड़ी बाधा सुरक्षा को लेकर थी। इस दिशा में सबसे बड़ा प्रयास हमने यह किया कि इसके लिए योजना बनाकर अब संयुक्त बैठक प्रारंभ की है, जिसमें गृह विभाग और पंचायत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एक साथ बैठते हैं। इसमें एडीजी नक्सल विवेकानंद, आईजी एसआईबी ओपी पाल और पंचायत विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक रायपुर व दंतेवाड़ा में विभागों की संयुक्त बैठक लेकर सड़कें चिन्हित करते हैं, उन्हें सुरक्षा देते हैं और श्री के.के. कटारे के नेतृत्व में निर्माण तेजी से पूर्ण कराते हैं। संयुक्त बैठकों में अब तक कुल 85 सड़कों को चिन्हित किया गया है, जिसमें से 259.90 किलोमीटर की 40 सड़कों का निर्माण प्रगति पर है। यह सभी सड़कें दुर्गम नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हैं। यह विकास की रफ्तार गांव तक पहुंचाने का एक अभिनव प्रयास है। पुलिस बल की सुरक्षा में जिन 11 सड़कों का निर्माण पूर्ण किया गया है उनमें कांकेर, भानुप्रतापपुर और कोंडागांव जिला अंतर्गत एक-एक सड़क, दंतेवाड़ा जिले में 03 सड़क तथा सुकमा जिले में 05 सड़कें शामिल हैं। इनमें कांकेर जिले में किसकोड़ो से कोटखुरसाई तक, भानुप्रतापपुर जिले में बडगांव प्रतापपुर रोड बड़ेझारकट्टा तक, कोंडागांव जिले में कोंडागांव कोरमेल रोड से स्कूल पारा मातवाल से गुनिया पारा कुदुर तक, जिला दंतेवाड़ा में सुरनार से पटेल पारा तक, कोरीरास किद्रीरास रोड से छोटेबेडमा तक, कवलनार से झिरका तक, जिला सुकमा में डोलेरास से पेडलनार तक, धनिकोडाता से डोंगोपारा तक, कांहीगुड़ा मार्ग, चिकपल्ली मार्ग, मोशलपारा से सोब्बीरासपारा तक सड़क निर्माण पूर्ण किया गया है।

मछली पालन में भी घोटाला: केदार कश्यप

रायपुर 31 मई। छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ने प्रदेश में कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार के मछली पालन के नाम पर एक नए घोटाले के ताजातरीन खुलासे के बाद कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और कहा है कि आदिवासियों को स्वरोजगार से जोड़ने वाले नक्सल बजट से मत्स्य विभाग में बड़ा खेल पिछली भूपेश सरकार ने करके मछली पालन के केज बनाने में घोटाला तो किया ही, उस योजना की सब्सिडी किसान की जगह फर्म को दे दी!! श्री कश्यप ने कहा कि प्रदेश में गोबर के नाम पर शर्मनाक घोटाला करने वाली पिछली कांग्रेस सरकार ने मछली पालन के केज तक में भी घोटाला करके अपने भ्रष्ट राजनीतिक चरित्र का एक और काला अध्याय अपने शासनकाल में रचा है। प्रदेश के वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लिए आए बजट को मछली पालन के केज बनाने की सब्सिडी में खर्च कर दिया गया। यही नहीं, सब्सिडी किसानों के खाते के बजाय सीधे फर्म को भेजने का कारनामा करने वाला अधिकारी आज मछली पालन कर रहा है। श्री कश्यप ने कहा कि भ्रष्टाचारियों ने यह कारनामा उस फंड में कर दिया है, जो नक्सल प्रभावित क्षेत्र में विकास और रोजगार के लिए भेजा गया था। कांग्रेस शासनकाल में किसानों के उत्थान के नाम पर आई रकम से अफसर और कर्मचारियों ने अपना उत्थान कर लिया। राजनांदगांव में पिंजड़े में मछली पालन (केज कल्चर) के नाम पर करीब 5 करोड़ का घोटाला सामने आने को बेहद गंभीर बताते हुए श्री कश्यप ने कहा कि सरकार के रिकॉर्ड में दर्ज हितग्राहियों को पता ही नहीं है कि उनके नाम से मछली पालन किया जा रहा है। मछली पालन भी ऐसा कि न तो मछली का पता और न ही तालाब में लगे केज का। केज कल्चर के नाम से अनुदान की रकम में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। प्रदेश के वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि अजा-जजा समाज के लोगों का हक कांग्रेस ने मारा और इसका जीता-जागता उदाहरण यह मामला है। ऐसे कई मामले हैं जो चीख-चीखकर यह बता रहे हैं कि कांग्रेस सरकार की नुमाइंदगी में चहुँओर किस तरह लूट मची थी! छत्तीसगढ़ में कांग्रेस कि भ्रष्टाचारी सरकार ने कोयला घोटाला, शराब घोटाला ,गोबर घोटाला ,डीएफ घोटाला, राशन घोटाला और ऐसे कई घोटाले करने के बाद मछली पालन के नाम पर भी घोटाला किया।

नियम विरुद्ध चल रहे स्कूलों में एनएसएयूआई ने लगवाया ताला

रायपुर 31 मई। चैतन्य टेक्नो स्कूल सरोना एवं अमलीडीह द्वारा लगातार शिक्षा का बाज़ारी करण देखने को मिल रहा था। पालकों एवं पीड़ित छात्र-छात्राओं से प्राप्त शिकायत के आधार पर रायपुर ज़िला एनएसयूआई की टीम दक्षिण विधानसभा अध्यक्ष अंकित शर्मा के नेतृत्व में स्कूल प्रबंधन का घेराव करने पहुँची किंतु गैरमान्यता प्राप्त चैतन्य टेक्नो स्कूल ने अघोषित अवकाश दे दिया।एनएसयूआई के विधान सभा अध्यक्ष अंकित शर्मा ने बताया कि चैतन्य टेक्नो स्कूल की मान्यता 30 अप्रैल 2024 को रद्द कर दी गई है तथा पूर्व में बिना मान्यता संचालित किए जाने पर ज़िला शिक्षा अधिकारी द्वारा एक लाख का जुर्माना भी ठोका गया था। वर्तमान में चैतन्य स्कूल बिना मान्यता के नवमी कक्षा तक संचालित की जा रही है जिसका शुल्क 85 हज़ार है। इसके अतिरिक्त पालकों से पुस्तक,कॉपी-किताब हेतु 25 हज़ार तथा ट्रांसपोर्ट सुविधा के नाम पर 15 हज़ार वसूला जाता है। पालकों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चैतन्य पब्लिक स्कूल विगत् 2 वर्षों से संचालित है जिसकी एक और शाखा अमलीडीह रायपुर में संचालित है दोनों ही संस्था बिना मान्यता के संचालित है जो पूर्णतः शिक्षा का बाज़ारीकरण है तथा पालकों के साथ धोखा है। इसके विरोध में रायपुर एनएसयूआई ने अंकित शर्मा की अध्यक्षता में श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल को रायपुर ज़िला शिक्षा अधिकारी के आदेश पर आगामी आदेश तक सील किया गया है।

अंकित शर्मा ने बताया कि श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में अध्यनरत समस्त छात्र/छात्राओ का भविष्य पूर्णतः अंधकार में है तथा मान्यता प्राप्त संस्था का झाँसा देकर स्कूल का संचालन करना 420 का प्रकरण है। 1 जून को रायपुर एनएसयूआई एफआईआर की माँग करने निकटतम थाना जाएगी। एनएसयूआई प्रदेश महासचिव निखिल वंजारी ने सभी निजी स्कूलों को चेतावनी दी है अगर जो बिना मान्यता के स्कूल चला रहे है और मनमानी फीस वसूली और पालकों पर स्कूल से निर्धारित दुकानों से किताबें और यूनिफॉर्म लेने का दबाव बनाया गया तो इसे बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तालाबंदी उन स्कूलों पर करेगी जिसकी जिम्मेदारी स्कूल प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग की होगी। प्रदर्शन में मुख्य रूप से रायपुर जिला उपाध्यक्ष वैभव मुजेवार , प्रशांत चंद्राकर, विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष आलोक सिंह, जिला संयुक्त महासचिव भूपेंद्र साहू, रूपेंद्र जांगड़े,प्रीयाँशु सिंह, विजय बघेल,, विवेक वर्मा, अभी सूर्यवंशी, प्रिंस मिश्रा, अनिल पटेल, अमन एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आसमान से बरस रही आग

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 31 मई। राजधानी सहित पूरे प्रदेश में प्रचंड गर्मी के कारण त्राहि-त्राहि मची हुई है। आज भी तापमान 45 डिग्री से अधिक पहुंच जाएगा। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि दक्षिण बस्तर और उत्तरी छत्तीसगढ़ के अंतर्गत सरगुजा संभाग में हल्की बूंदाबांदी होगी।

राजधानी सहित पूरे प्रदेश में पश्चिम से आ रही गर्म हवाओं के थपेड़ों से जनजीवन प्रभावित हो गया है। शासकीय कार्यालय एवं आवश्यक कामकाज में जाने वाले सुबह से ही घर से निकल जाते हैं। अधिकांश व्यापारी एवं वाणिज्यिक केंद्रों में भी काम सुबह की पाली में निपटा लिया जाता है। मौसम विभाग के अनुसार 45 डिग्री से ज्यादा तापमान होने के कारण ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया गया है। राजधानी में एक यातायात सिपाही सहित अन्य स्थानों से लू के कारण मरने वालों की संख्या अभी तक सात पहुंच चुकी है। इसके चलते मेडिकल कालेज, जिला चिकित्सालयों में विशेष वार्ड बनाए गए हैं।

लू से पीड़ित व्यक्ति वस्तुस्थिति की जानकारी नहीं देते। मेकाहारा के चिकित्सकों के अनुसार लोग अपने कामकाज से दोपहर को बाहर निकलते हैं जिससे शरीर का तापमान बढ़ जाता है। अस्पताल में आकर वे सिरदर्द एवं स्वास्थ्य ठीक नहीं होने की जानकारी देते हैं। जिला अस्पताल में लू से पीड़ित लोगों के लिए एक विशेष वार्ड बनाया गया है जिसमें अभी तक बड़ी संख्या में लोग भर्ती हो रहे हैं। मेकाहारा में ब्लड प्रेशर बढ़ने के कारण पीड़ितों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि दोपहर में लोग घर में रहें तथा हल्का डाइट लें। देर शाम घर से निकलने की सलाह दी गई है। राज्य में कई स्थानों पर शाम 6 बजे तक गर्म हवाएं चलने से लोग परेशान हैं। चिकित्सकों ने आंखों को बचाने के लिए रंगीन चश्मा एवं कान को सुरक्षित रखने के लिए सूती का रुमाल बांधकर चलने की सलाह दी है।

लोडशेडिंग के कारण लोग परेशान

गर्मी में बड़ी संख्या में कूलर, एसी चलने के कारण विद्युत की खपत बढ़ गई है इसलिए यहां पर लोडशेडिंग की समस्या आ रही है। राजधानी के कई घनी बस्तियों, व्यापारिक केंद्रों में बिजली अचानक चली जाती है जिसके कारण लोग परेशान हो जाते हैं। गर्मी से इस वर्ष कूलर, पंखे तथा एसी की धड़ल्ले से बिक्री हो रही है। गर्मी के कारण इन दिनों आगजनी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। जशपुर जिले में गर्मी के कारण लोगों का हाल-बेहाल है। कई दिनों से पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। इसमें मुंगेली तथा बेमेतरा, कवर्धा प्रमुख है। इधर शिक्षा विभाग द्वारा संचालित समर कैंप भी स्थगित कर दिया गया है।

बिजली के दाम में बढ़ोतरी का कांग्रेस ने किया विरोध

रायपुर 31 मई । प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार बिजली के दामों में 20 प्रतिशत बढ़ोतरी करके महंगाई से पीड़ित जनता के ऊपर कुठाराघात कर रही है। भाजपा की सरकार जनता को पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं दे पा रही है। लेकिन जनता से पैसा वसूलने के लिए दाम जरूर बढ़ा रही है। प्रदेश में बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है। गर्मी के दिनों में आम जनता को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रहा है तो वोल्टेज और बिजली कटौती आम बात हो गई है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि बिजली के दामों में 20 प्रतिशत की वृद्धि करने से प्रत्येक घरेलु उपभोक्ताओं को हर माह 200 रु. से लेकर 300 रु. तक की भार पड़ेगा। बिजली के दरों में 20 प्रतिशत वृद्धि से किसान व्यवसायिक उद्योगपति निजी अस्पताल हर उपभोक्ताओं के ऊपर व्यव भार बढ़ेगा। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान 5 पैसा, 10 पैसा बिजली दरों में बढ़ोतरी होने पर भाजपा के नेता सड़कों पर उतरकर हाय तौबा मचाते थे। आज वहीं भाजपा की सरकार बिजली के दरों में 20 प्रतिशत की वृद्धि करके अपना असली रंग दिखा दिया है।

सरेआम शराब पीते 16 पकड़ाए

रायपुर, 31 मई । राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने शराब दुकान के पास नेहरूनगर में सरेआम शराब पीते आरोपी पारस साहू 21 वर्ष व दीनेश साहू 18 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी सागर साहू 31 वर्ष, संजय साहू 40 वर्ष, प्रमोद निषाद 19 वर्ष व ओम नारायण साहू 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी अभिशेक पंखराज 24 वर्ष व रूपराम कुर्रे 75 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी विवेक चंद्राकर 25 वर्ष, तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी ओम प्रकाश बघेल 29 वर्ष, विधानसभा पुलिस ने आरोपी हेमलाल यादव 35 वर्ष एवं नेवरा पुलिस ने आरोपी लक्ष्मण प्रसाद लहरी 38 वर्ष, विजय मिझां 28 वर्ष व दीपक बजाज 41 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

आवश्कता है

शिव धाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) तुलसी (पाटन) में एक ऐसे परिवार, जो साफ-सफाई, रख-रखाव, भोजन व्यवस्था कर सके, की आवश्यकता है। राशन मंदिर समिति की ओर दिया जाता है। मासिक पारिश्रमिक 10000 रुपए।

संपर्क करें -98261 74789

एक्जिट पोल को लेकर मतदाताओं में उत्सुकता

रायपुर, 31 मई (मुख्य नगर संवाददाता)। 18वीं लोकसभा के लिए एक जून को अंतिम चरण का मतदान होगा। 24 घंटे पूर्व नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को वापस लौटना होता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उनके कैबिनेट के कई सहयोगी झारखंड और बनारस से लौट गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार लोकसभा के अंतिम चरण के लिए एक जून को मतदान होने के 24 घंटे पहले सभी प्रभारियों को अपने प्रदेश में लौटना होता है। विकास उपाध्याय असम के प्रभारी हैं। वे विधानसभा के अलावा लोकसभा चुनाव का भी प्रभार देख रहे हैं। हाईकमान में अच्छी पकड़ होने के कारण वे पिछले कई दिनों से असम प्रवास पर थे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हिमाचल, रायबरेली में चुनाव प्रचार के लिए गए हुए थे। भूपेश बघेल के साथ उनके कई साथी लोकसभा प्रत्याशियों को जिताने के लिए अन्य प्रदेशों में गए थे। भाजपा प्रत्याशियों को जिताने के लिए रामविचार नेताम, टंकराम वर्मा झारखंड के गए थे। कई महत्वाकांक्षी नेता बनारस गए हुए थे। अब वे वहां से लौट रहे हैं। चार जून को मतों की गणना होगी इसलिए सभी नेता जीत का हिसाब-किताब लगा रहे हैं। 1 जून को शाम सात बजे के बाद एक्जिट पोल का प्रसारण शुरू हो जाएगा। भारत में इंडिया टुडे, एबीवीपी सहित अनेक संस्थाओं द्वारा एक्जिट पोल दिखाया जाता है जिसमें परिणाम आने के पहले किस दल को संभावित कितनी सीट मिलेगी। इसकी जानकारी दी जाती है। मतदाताओं में एक्जिट पोल को लेकर भारी उत्सुकता है।

अंधविश्वास के कारण बलि की घटनाएं: दिनेश मिश्र

रायपुर 31 मई। अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ दिनेश मिश्र ने कहा पिछले दिनों बलरामपुर जिले के एक व्यक्ति कमलेश नगेशिया ने अपने 4 वर्ष के बच्चे की बलि दे दी उसके कुछ दिनों पहले नवरात्रि में भी कोरिया जिले में एक धनेश्वर नामक बालक की बलि का मामला सामने आया था जिसके रिश्तेदारों ने ही ,पिछले सप्ताह ही सरगुजा के शंकरगढ़ एक व्यक्ति ने एक झाड़ फूंक करने वाले बैगा की यह मानकर हत्या कर दी, कि वह झाड़ फूंक से उसको ठीक नहीं कर पा रहा है .अंधविश्वास के कारण यह तीनों हत्या की घटनाएं अत्यंत दुखद है ग्रामीणों को अंधविश्वास भरोसा नहीं करना चाहिए एवं कानून को हाथ में नहीं देना चाहिए डॉ दिनेश मिश्र ने कहाअंधविश्वास में पड़ कर व्यक्ति मानसिक रुप में असंतुलित हो जाता है और वह मिथकों पर पूरी तरह भरोसा करने लगता है, कही सुनी किस्से कहानियां , भ्रामक खबरें अफवाहें उसे और भी भ्रमित कर देती हैं और वह अपराध कर बैठता है . डॉक्टर दिनेश मिश्र ने कहा लोगों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करने की आवश्यकता है जिससे लोग सुनी सुनाई घटनाओं अफवाहें और भ्रामक खबरों पर भरोसा ना करें और अंधविश्वास में ना पड़े डॉ दिनेश मिश्र ने कहा कुछ मामलों में व्यक्ति किसी इष्ट देवी, देवता ,का सपना आने और सपने में बलि मांगने की बात भी कहते हैं और कहते हैं कि उन्होंने उनके आदेश पर किसी की बलि /कुर्बानी दे दी है जबकि लोगों को यह सोचने की आवश्यकता है कि किसी की जान लेकर कर कोई भी व्यक्ति सफल नहीं हो सकता और उसे अपराध करने के करण अंततः जेल जाना पड़ता है. डॉ दिनेश मिश्र ने कहा अंधविश्वास के करण जो व्यक्ति मानसिक उद्वेग में चला जाता है तब वह कई बार स्वयं के अंदर किसी अदृश्य शक्ति में प्रवेश होने की बात भी करता है तथा वह किसी के सपने में आने या किसी के आदेश देने या कानों में आवाज सुनाई पढ़ने ऐसी बातें भी करता है जबकि यह एक प्रकार का मानसिक विचलन का ही कारण है ,यह एक प्रकार का मासिक संतुलन का प्रतीक है और बहुत सारे लोग बहुत संवेदनशील होते हैं और वह भावावेश में आकर कानून हाथ में लेते हैं, इनमें से कुछ लोग सार्वजनिक रुप से भी असंतुलित व्यवहार भी प्रकट करते हैं जैसे झूमना ,बड़बड़ाना मारना पीटना आदि . ऐसे में किसी चिकित्सक को किसी को दिखाया जाए उसका उपचार हो ,उसकी सभी तरह से काउंसलिंग की जाए तो व्यक्ति ठीक हो जाता है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26